खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :31°C
न्यूनतम: 24°C

लखनऊ, शनिवार 5 जुलाई 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 244 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आषाढ़ शुक्ल पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 | 9 मुहर्रम 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



योगी ने प्रशिक्षु पीसीएस को दी संवेदनशीलता बरतने की नसीहत पेज 2



जडेजा ने बीसीसीआई का दिशा-निर्देश तोड़ा पर सजा की उम्मीद नहीं खेल टाइम्स



करबला से मिलती है चरित्र निर्माण की शिक्षा संपादकीय



रूस ने अफगानिस्तान में तालिबान सरकार को दी मान्यता पेज 12

## अगले सप्ताह से शुरू होगा हज-2026 के लिए आवेदन: रिजिजू

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने शुक्रवार को कहा कि हज -2026 की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं और एक सप्ताह बाद से आवेदन की प्रक्रिया शुरू होगी। श्री रिजिजू ने शुक्रवार को यहां हज समीक्षा बैठक के बाद पत्रकारों से कहा कि हमने आज से आधिकारिक तौर पर हज-2026 की तैयारियां शुरू कर दी हैं। मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि हज-2025 को हाल के इतिहास में सबसे बेहतरीन तरीके से प्रबंधित और सबसे सफल हज यात्राओं में से एक माना जा सकता है। उन्होंने कहा कि पिछले साल और उससे पहले हज यात्रा के दौरान कई घटनाएं देखने को मिली।

## हिमाचल: बारिश से अब तक 69 की मौत, केदारनाथ मार्ग बंद

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश में मानसून ने 20 जून को एंट्री ली थी। बारिश से जुड़ी घटनाओं में राज्य में अब तक 69 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें 26 मौतें एक्सीडेंट के कारण हुईं। एक दिन पहले 6 लोगों की जान गई थी। बीते 15 दिन में राज्य को लगभग 500 करोड़ का नुकसान हो चुका है। उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में लगातार बारिश के कारण अलकनंदा उफान पर है। इसके किनारे बने घर डूब गए हैं। वहीं, केदारनाथ यात्रा के पड़ाव गौरीकुंड में लैंडस्लाइड के बाद रूट ब्लॉक हो गया है। बद्रीनाथ हाईवे पर नंदप्रयाग और भनेरपानी के पास लैंडस्लाइड से रास्ता बंद हो गया था, उसे अब खोल दिया गया है। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में गंगा और यमुना नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ने से बाढ़ का खतरा बढ़ने लगा है। इसको लेकर प्रशासन की ओर से अलर्ट जारी किया गया है।

# त्रिनिदाद में भारतीय मूल के लोगों की छठी पीढ़ी को ओसीआई कार्ड होंगे जारी: मोदी

**पोर्ट ऑफ स्पेन/ नई दिल्ली, वार्ता**

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** ने त्रिनिदाद- टोबैगो में भारतीय समुदाय के लोगों के अपनी सांस्कृतिक परंपराओं को संरक्षित और पोषित करने के मजबूत इरादों की सराहना करते हुए कहा है कि इस देश में उनकी यात्रा साहस और परिश्रम की गाथा है।

पांच देशों की यात्रा के दूसरे चरण में गुरुवार देर रात घाना से त्रिनिदाद- टोबैगो पहुंचे श्री मोदी ने यहां भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए घोषणा की कि इस देश में भारतीय मूल के लोगों की छठी पीढ़ी को 'ओवरसीज सिटिजन ऑफ इंडिया' यानी ओसीआई कार्ड जारी किए जाएंगे। कार्यक्रम में श्री मोदी का स्वागत करते हुए त्रिनिदाद-टोबैगो के प्रधानमंत्री कमला प्रसाद बिसेसर ने उन्हें देश के सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार 'द ऑर्डर ऑफ द रिपब्लिक ऑफ त्रिनिदाद एवं टोबैगो' से सम्मानित करने की घोषणा की। श्री मोदी ने इस अवसर पर भारतीय समुदाय के दृढ़ इरादों के लिए उनकी सराहना की तथा उनके साथ संबंधों को और मजबूत बनाने के लिए एक बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि अब त्रिनिदाद - टोबैगो में भारतीय मूल के लोगों की छठी पीढ़ी को ओसीआई कार्ड जारी किए जाएंगे।

### मोदी को सर! कह नमन किया त्रिनिदाद-टोबैगो की पीएम ने

**पोर्ट ऑफ स्पेन / नई दिल्ली।** त्रिनिदाद- टोबैगो की प्रधानमंत्री कमला प्रसाद बिसेसर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत में उनकी भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए उनको आज की दुनिया के सबसे प्रशंसित दूरदर्शी नेताओं में एक बताया। प्रधानमंत्री ने श्री मोदी के स्वागत में उन्हें सर! कह कर नमन किया और उन्हें देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से विभूषित करने की घोषणा की।

## मोदी ने पीएम कमला प्रसाद को भेंट की राम मंदिर की प्रतिकृति व पावन सरयू-जल

**पोर्ट-ऑफ-स्पेन / नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने अपने सम्मान में यहां मेजबान त्रिनिदाद-टोबैगो की सरकार द्वारा गुरुवार रात आयोजित रात्रि भोज में प्रधानमंत्री कमला प्रसाद बिसेसर को कुछ स्मृति चिह्नों के साथ अयोध्या-धाम के राम मंदिर की एक प्रतिकृति और पावन सरयू के जल का एक पात्र भी भेंट किया।

श्री मोदी ने आस्था के इन प्रतीकों को भारत और त्रिनिदाद- टोबैगो के गहरे सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक संबंध का परिचायक बताया।



## सब लेफ्टिनेंट पूनिया बनीं नौसेना की पहली महिला फाइटर पायलट

**नई दिल्ली।** सब लेफ्टिनेंट आस्था पूनिया ने नौसेना की पहली महिला फाइटर पायलट होने का गौरव हासिल किया है। नौसेना ने बताया कि विशाखापत्तनम स्थित नौसैनिक एयर बेस पर दूसरे बेसिक हॉक कन्वर्जन कोर्स के पूरा होने के बाद शुक्रवार को उन्हें यह गौरव हासिल हुआ। इस कोर्स में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए लेफ्टिनेंट अतुल कुमार और सब लेफ्टिनेंट आस्था पूनिया को सहायक नौसेना प्रमुख (वायु) रियर एडमिरल जनक बेवली ने प्रतिष्ठित 'विंग्स ऑफ गोल्ड' पुरस्कार से सम्मानित किया।

# चीन की नीच हरकत का सेना ने किया खुलासा


## ऑपरेशन सिंदूर का लाइव डाटा पाक को किया था लीक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

- **भारतीय उपसेना प्रमुख का सनसनीखेज रहस्योद्घाटन: चीन, तुर्की व पाकिस्तान का नापाक गठबंधन लगा था अंजाम देने में**
- **चीन-तुर्की और पाकिस्तान के गठबंधन को किया बेनकाब, बोले: हम एक सीमा पर दो विरोधियों या असल में तीन से लड़ रहे थे जंग**

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना के उप सेना प्रमुख (क्षमता विकास एवं संधारण) लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने दावा किया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन पाकिस्तान को भारत की तैयारियों और अग्रिम मोर्चों पर हमारी तैनाती को लेकर इनपुट दे रहा था।

फिक्की द्वारा आयोजित न्यू एज मिलिट्री टेक्नोलॉजीज कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने कहा कि जब डीजीएमओ स्तर की वार्ता चल रही थी, तो पाकिस्तान को चीन से हमारे महत्वपूर्ण वैक्टरों के लाइव अपडेट मिल रहे थे। ऐसे में यह एक ऐसा क्षेत्र है, जहां हमें असल में ज्यादा से ज्यादा और तेजी के साथ काम करने की जरूरत है। अपने संबोधन में उन्होंने चीन-तुर्की और पाकिस्तान के गठबंधन को बेनकाब करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हम एक सीमा पर दो विरोधियों या असल में तीन से जंग लड़ रहे थे। पाकिस्तान अग्रिम मोर्चे पर था और चीन उसे हर संभव सहायता प्रदान कर रहा था। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के पास 81 फीसदी सैन्य हार्डवेयर चीनी हैं। इस अभियान में चीन -**शेष पृष्ठ दो पर**



## नीट-यूजी 2025 परिणाम को चुनौती, सुप्रीम कोर्ट ने याचिका की खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मेडिकल के विभिन्न स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट- यूजी) 2025 की अंतिम उत्तर कुंजी और परिणाम को चुनौती देते हुए दाखिले के लिए शुरू होने वाली काउंसलिंग प्रक्रिया पर अंतरिम रोक लगाने की मांग वाली एक याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आर महादेवन की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने नीट-यूजी 2025 के अभ्यार्थी शिवम गांधी रैना की याचिका खारिज करते हुए कहा कि वह राष्ट्रीय परीक्षा में किसी व्यक्तिगत मामले के आधार पर हस्तक्षेप नहीं कर सकती। याचिकाकर्ता ने अंतरिम राहत के तौर पर एमबीबीएस एवं नीट-यूजी परिणाम के आधार पर दाखिले के लिए संभावित इस माह आयोजित काउंसलिंग प्रक्रिया पर रोक लगाने की भी मांग की थी।

### श्रीकृष्ण जन्मभूमि व शाही ईदगाह विवाद

# हिंदू पक्षकारों को झटका

**प्रयागराज, वार्ता**

- **शाही ईदगाह से जुड़ी संपत्ति को विवादित घोषित करने से इलाहाबाद हाईकोर्ट ने किया इन्कार**

**मथुरा** स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह मामले में शुक्रवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद हाईकोर्ट ने कृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह से जुड़ी संपत्ति को विवादित घोषित करने से इन्कार कर दिया। कोर्ट के इस फैसले से हिंदू पक्षकारों को झटका लगा है।

न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्रा की अदालत ने वादी महेंद्र प्रताप सिंह की ओर से दाखिल अर्जी खारिज कर दी। श्रीकृष्ण जन्मभूमि व शाही ईदगाह मामले में शुक्रवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट में शाही ईदगाह को विवादित ढांचा घोषित करने वाली याचिका पर सुनवाई हुई। इससे पहले कोर्ट ने हिंदू पक्ष की याचिका पर मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था। साथ ही निर्णय के लिए चार जुलाई की तारीख नियत की थी। श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में मांग की है कि शाही ईदगाह को विवादित ढांचा घोषित किया जाए, जैसा कि बाबरी मस्जिद प्रकरण में किया गया था। साथ ही दावा किया था कि मथुरा की शाही मस्जिद भी श्रीकृष्ण जन्मभूमि के मूल गर्भगृह को तोड़कर ही बनाई गई है। हालांकि हिंदू पक्ष की इस मांग पर मुस्लिम पक्ष ने विरोध जताया था। साथ ही कोर्ट में लिखित आपत्ति भी दाखिल की थी। दोनों पक्षों को सुनने के बाद न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्र की कोर्ट ने शाही ईदगाह को विवादित ढांचा घोषित करने वाली याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया था।

### अहमदाबाद प्लेन हादसा

# मुआवजा देने से बच रही एयर इंडिया

**नई दिल्ली/लंदन, वार्ता**



- **वकील बोले: एयर इंडिया पीड़ित परिजनों से वित्तीय जानकारी मांग रही**

**अहमदाबाद प्लेन** क्रैश में जान गंवाने वाले यात्रियों के परिजनों को एयर इंडिया मुआवजा देने से बचना चाहती है। यह आरोप 40 से ज्यादा पीड़ित परिवारों का केस लड़ने वाली ब्रिटेन की कानूनी फर्म स्टीवर्ट्स ने लगाए हैं। स्टीवर्ट्स 40 से ज्यादा पीड़ित परिवारों का केस लड़ रही है।

फर्म के एडवोकेट पीटर नीनन ने कहा है कि एयर इंडिया ने मुआवजा देने से पहले परिवारों से कानूनी रूप से संवेदनशील वित्तीय जानकारी मांगी, जिससे उनका हक कम हो सकता है। उधर, एयर इंडिया ने आरोपों को इन्कार कर दिया है। नीनन ने कहा कि एयर इंडिया पीड़ित परिवारों के साथ अनैतिक और अपमानजनक व्यवहार कर रही है। एयर इंडिया इस तरह से व्यवहार कर लगभग 1,050 करोड़ रुपये बचाने की कोशिश कर सकती है। उन्होंने मामले की जांच की मांग भी की है। वहीं, उन्होंने अपने क्लाइंट्स को सलाह दी है कि वे फॉर्म न भरें और मुआवजा पाने के लिए कानूनी रास्ता अपनाएं। अहमदाबाद में एयर इंडिया का प्लेन क्रैश 12 जून को हुआ था। उस वक्त विमान में 242 लोग सवार थे। इनमें एक यात्री की जान बच गई थी। इसके अलावा, जिस मेडिकल हॉस्टल पर विमान गिरा था, वहां 29 लोगों की जान गई थी। इस तरह इस हादसे में 270 लोगों की जान गई थी। नीनन ने आरोप लगाया कि न तो किसी परिजन को पहले से कोई सूचना दी गई, न ही -**शेष पृष्ठ दो पर**



## संक्षिप्त समाचार

### 12,348 श्रद्धालुओं ने किए शिवलिंग के दर्शन

**यूपी के एक श्रद्धालु की मौत**

**पहलगाम।** अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से शुरू होकर पहले दिन शाम 7.15 बजे तक 12,348 श्रद्धालुओं ने हिम शिवलिंग के दर्शन किए। इनमें 9,181 पुरुष और 2,223 महिलाएं शामिल रहीं। 99 बच्चे, 122 साधु, 7 साध्वी, 708 सुरक्षाबलों के जवान और 8 ट्रांसजेंडर श्रद्धालु भी दर्शन के लिए पहुंचे। 5200 से ज्यादा तीर्थयात्रियों का दूसरा जत्था 3 जुलाई की शाम जम्मू के भगवतीनगर बेस कैंप से रवाना हुआ, जो शुक्रवार दोपहर 2 बजे पहलगाम बेस कैंप पहुंच गया। 6400 यात्रियों को लेकर तीसरा जत्था आज सुबह सुबह 4 बजे अमरनाथ गुफा के लिए रवाना हुआ।

### यूपी में दो निजी विवि को मिली स्वीकृति

**लखनऊ।** उच्च शिक्षा के क्षेत्र में विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए उत्तर प्रदेश शासन ने अयोध्या में 'महर्षि महेश योगी रामायण विश्वविद्यालय' के संचालन की अनुमति प्रदान की है, वहीं गाजियाबाद में 'अजय कुमार गर्ग विश्वविद्यालय' की स्थापना हेतु आशय-पत्र जारी किया गया है। प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने यह जानकारी दी।

### पीसीएस में 300 से अधिक अभ्यर्थी शामिल

**लखनऊ।** सीएम अभ्युदय योजना ने नया कीर्तिमान अर्जित किया है, जब पीसीएस मुख्य परीक्षा 2024 में योजना से जुड़े 300 से अधिक अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। इस वर्ष की परीक्षा में लखनऊ के गोमत. ीनगर स्थित 'भागीदारी भवन' सबसे प्रभावशाली केंद्र रहा, जहां से 200 से अधिक अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी।

# ऑपरेशन सिंदूर: सेना के उप प्रमुख के बयान पर सियासत गर्माई

## कांग्रेस ने पीएम मोदी से संसद में चीन पर चर्चा की मांग दोहराई

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ रणनीतिक, आर्थिक और कूटनीतिक चुनौतियों पर चर्चा होनी चाहिए

कांग्रेस ने भारतीय सेना के उप-प्रमुख (क्षमता विकास एवं स्थायित्व) लेफ्टिनेंट राहुल आर सिंह के उस बयान पर प्रतिक्रिया दी है, जिसमें उन्होंने कहा था कि चीन ने भारतीय सैन्य संपत्तियों का लाइव डाटा पाकिस्तान के साथ साझा किया और तुर्की ने पाकिस्तान को ड्रोन मुहैया कराए।

कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने कहा कि सेना के उप-प्रमुख (क्षमता विकास और स्थायित्व) लेफ्टिनेंट जनरल सिंह ने आज सार्वजनिक रूप से वह बात कही है, जो ऑपरेशन सिंदूर के अचानक खत्म होने के बाद से आमतौर पर मानी जा रही थी। यह वही ऑपरेशन है, जिसे अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प के दखल के चलते 10 मई को रोक दिया गया था। रमेश ने कहा कि लेफ्टिनेंट जनरल सिंह ने जो कहा, वह उसी चिंता को सार्वजनिक रूप से सामने लाता है कि हम वास्तव में पाकिस्तान से नहीं, बल्कि चीन से लड़ रहे थे। चीन, पाकिस्तान की वायु सेना को असाधारण स्तर तक नियंत्रित कर रहा था। यह खुलासा उतना ही महत्वपूर्ण है, जितना कि चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) की ओर से सिंगापुर में किया गया था। यही कारण है कि कांग्रेस पार्टी लगातार यह मांग कर रही है कि संसद में चीन की ओर से हमारे सामने खड़ी की जा रही रणनीतिक, आर्थिक और कूटनीतिक चुनौतियों पर चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि चीन ने की पाकिस्तान की वायु सेना को अपने नियंत्रण में नहीं लिया है, बल्कि अब वह पाकिस्तान और बांग्लादेश के साथ त्रिपक्षीय बैठकें कर रहा है। हमारे व्यापार घाटे के आंकड़े रिकार्ड स्तर पर पहुंच गए हैं। अब जबकि संसद का सत्र 21 जुलाई से शुरू हो रहा है और उसे चार दिनों के लिए बढ़ाया भी गया है, हमें उम्मीद है कि हमें चीन से जुड़ी राजनीतिक, रणनीतिक, आर्थिक और भू-राजनी. तिक चुनौतियों पर चर्चा करने का अवसर मिलेगा। कांग्रेस इस बात पर जोर देती रहेगी कि चीन पर पूरी बहस होनी चाहिए और इन चुनौतियों से निपटने के लिए एक साझा ख्रष्टिकोण पर आम सहमति बनाई जाए। कांग्रेस सांसद ने कहा कि पाकिस्तान एक चुनौती है, जिसे चीन का समर्थन हासिल है। अमे. रिका भी एक अलग तरह की चुनौती है, लेकिन वह एक अलग श्रेणी में आता है। हम लगातार यह मांग करते रहेंगे और संसद में इस विषय पर चर्चा की मांग करेंगे- चाहे वह सीडीएस जनरल चौहान के बयान हों, इंडोनेशिया में रक्षा अधिकारी के खुलासे हों या आज नई दिल्ली में लेफ्टिनेंट जनरल राहुल सिंह द्वारा कही गई बातें। संसद सत्र से पहले 19 जुलाई को होने वाली सर्वदलीय बैठक पर कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने कहा, सर्वदलीय बैठक एक औपचारिकता भर होती है।

# जल जीवन मिशन में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार व्याप्तः अखिलेश यादव

**लखनऊ, वार्ता**



समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने जनता को जल जीवन मिशन, नदियों की सफाई और अन्य योजनाओं के नाम पर धोखा दिया है। इन योजनाओं में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और लूट हुई है। बारिश आते ही भाजपा स्मार्टसिटी योजना की पोल खुल गई है।

यादव ने शुक्रवार को कहा कि गोरखपुर, आगरा, वाराणसी, अयोध्या, अलीगढ़ समेत कई नगरों और शहरों में जगह-जगह जल भराव हैं सड़कें उखड़ गई है, नाले जाम है। मोहल्लों और गलियों में पानी भर जाता है। भाजपा की दिल्ली, लखनऊ की डबल इंजन सरकार और महानगरों के नगर निगम मिलाकर ट्रिपल इंजन की सरकार फेल हो गयी है। उन्होंने कहा है कि पिछले नौ साल में भाजपा सरकार एक भी सिटी को स्मार्ट नहीं बना पाई है। सड़कें जगह-जगह खोद दी गई हैं। आम जनता भाजपा सरकार की अकर्मण्यता और भ्रष्टाचार से परेशान हो चुकी है। इसी तरह से इस सरकार की जल जीवन मिशन योजना भ्रष्टाचार के नए रिकार्ड बना रही है। इस योजना के तहत बनी पानी की टंकियां भाजपा के भ्रष्टाचार का भार नहीं सह पा रही हैं।

हर महीने किसी न किसी जिले में पानी की टंकियां ढह रही है। यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार हर मोर्चे पर फेल है। मां गंगा की सफाई नहीं हुई। नमामि गंगे परियोजना के लिए आवंटित हजारों करोड़ का बजट साफ हो गया, लेकिन गंगा नदी साफ नहीं हुई, स्थिति जस की तस है।

# उप्र में बनेगा आउटसोर्स सेवा निगम, भर्ती होंगे कर्मी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ कर्मियों के जीवन में भरोसा सुनिश्चित करेगा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के श्रम अधिकारों और सामाजिक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम के गठन को मंजूरी प्रदान की है।

मुख्यमंत्री ने यहां एक उच्चस्तरीय बैठक में कहा कि यह निगम प्रशासनिक व्यवस्था में पारदर्शिता लाने के साथ-साथ आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के जीवन में स्थायित्व और भरोसा सुनिश्चित करेगा। उन्होंने प्रस्तावित निगम की कार्यप्रणाली, संरचना और दायरे पर विस्तृत विचार- विमर्श करते हुए वरिष्ठ अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और साफ किया कि राज्य सरकार श्रमिकों के श्रम, सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए कृतसंकल्पित है और आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के सामाजिक व आर्थिक हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान व्यवस्था में आउटसोर्सिंग एजेंसियों का चयन विकेन्द्रीकृत तरीके से होता है, जिसके कारण समय पर वेतन न मिलना, वेतन में कटौती, ईपीएफ/ईएसआई लाभों से वंचित रहना, पारदर्शिता की कमी और उत्पीड़न जैसी अनेक शिकायतें मिलती हैं। इस परिप्रेक्ष्य में संपूर्ण व्यवस्था में व्यापक सुधार आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रस्तावित निगम का गठन कंपनी एक्ट के तहत किया जाए। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स और एक महानिदेशक की नियुक्ति की जाएगी। मंडल व जिला स्तर पर भी समितियों का गठन किया जाएगा।

## आम महोत्सव में पहुंचे योगी, सरकार ने औद्यानिक फसलों का निर्यात बढ़ाया

# यूपी की कृषि प्रगति को वैश्विक मंच पर लाएंगे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ लखनऊ, अमरोहा, सहारनपुर और वाराणसी में चार आधुनिक पैक हाउस स्थापित किए गए हैं

आम महोत्सव पीएम मोदी के विकसित भारत के विजन को साकार करने का प्रयास

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि उत्तर प्रदेश में बागवानों की मेहनत और कृषि प्रगति को वैश्विक मंच पर ले जाने के लिए उनकी सरकार कटिबद्ध है।

लखनऊ के अवध शिल्प ग्राम, अवध विहार योजना, सेक्टर 9, में तीन दिवसीय 'उत्तर प्रदेश आम महोत्सव 2025' के शुभारंभ के मौके पर उन्होने कहा कि हमारे बागवानों ने जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग की चुनौतियों के बावजूद तकनीक का उपयोग कर शानदार प्रदर्शन किया है। ढाई से तीन किलो के आमों की किस्में देखकर आश्चर्य होता है, जो न केवल स्वाद में बेजोड़ हैं, बल्कि वैश्विक बाजार में भी उत्तर प्रदेश की शान बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आम महोत्सव न केवल किसानों की आमदनी बढ़ाने का माध्यम है, बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के विजन को साकार करने की दिशा में एक ठोस प्रयास है।

आम उत्पादन को वैश्विक स्तर पर पहुंचाने के लिए लखनऊ, अमरोहा, सहारनपुर और वाराणसी में चार आधुनिक पैक हाउस स्थापित किए गए हैं। इन पैक हाउसों के माध्यम से आम की गुणवत्ता, वैरायटी और एक्सपोर्ट के मानकों की जानक. ारी किसानों को दी जाती है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आम महोत्सव न केवल आम उत्पादन और निर्यात को बढ़ावा देता है, बल्कि बागवानों में औद्यानिक फसलों, आधुनिक तकनीक और वैश्विक बाजारों के प्रति विश्वास जगाने का भी माध्यम है। योगी ने जोर देकर कहा कि डबल इंजन सरकार की डबल इंजन नीति ने औद्यानिक फसलों के निर्यात को कई गुना बढ़ाया है। इस महोत्सव के दौरान दो देशों के लिए आमों का एयर कार्गो रवाना किया गया, जिसमें सरकार द्वारा दी गई सब्सिडी ने बागवानों को बेहतर दाम दिलाने में मदद की। मुख्यमंत्री ने महोत्सव में सभी स्टॉलों का निरीक्षण किया और लखनऊ की दशहरी, वाराणसी का लंगड़ा, गोरखपुर का गवर्जीत, बस्ती का आम्रपाली, मेरठ और बागपत का रटोल जैसी किस्मों की जानकारी ली। उन्होंने बाग. वानों के परिश्रम की सराहना करते हुए कहा कि उनकी मेहनत और तकनीकी नवाचार ने उत्तर प्रदेश को औद्यानिक फसलों का केंद्र बनाया है।

## योगी ने प्रशिक्षु पीसीएस अधिकारियों को दी संवेदनशीलता बरतने की नसीहत

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य प्रशासनिक सेवा (पीसीएस) के प्रशिक्षु अधिकारियों को सफल और प्रभावी अधिक. ारी बनने के लिए 'संवाद, संवेदनशीलता और सकारात्मकता' का मंत्र दिया है। शुक्रवार को पीसीएस 2022 बैच के 7 और 2023 बैच के 38 प्रशिक्षु अधिकारियों से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य के प्रशासन का महत्वपूर्ण हिस्सा बनना, बड़ी चुनौतियों से भरा है। यह चुनौतियां ही आपके व्यक्तित्व को निखारेंगी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश जैसा विशाल, विविधताओं से भरा राज्य प्रशासनिक रूप से भी अनेक चुनौतियों से जुड़ा है। ऐसे राज्य की सेवा का अवसर प्राप्त होना न केवल गौरव की बात है, बल्कि यह आपके व्यक्तित्व और दृष्टिकोण को गहराई से परखने और निखारने का भी माध्यम है।

**सेंसेक्स** 83432.89
**निफ्टी** 25461.00

**सोना रु.** 97142
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार

**चांदी रु.** 107367
प्रति किलो

# भारतीय शेयर बाजारों में हल्का सुधार दिखा

**मुंबई, वार्ता**



सेंसेक्स अंत में कल के मुकाबले 0.23 प्रतिशत की बढ़त के साथ 83,432.89 अंक पर बंद हुआ

वैश्विक बाजारों से मिले जुले संकेतों तथा कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के रुख के बीच शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजार में दो दिन की गिरावट से उबर कर तेजी दिखी और उतार. चढ़ाव भरे कारोबार में प्रमुख सूचकांकों में हल्का सुधार दर्ज किया गया।

बीएसई का 30 प्रमुख शेयरों वाला संसेक्स तेजी की धारणा के साथ खुलने के बाद दोपहर को नीचे चला गया था। संसेक्स अंत में कल के मुकाबले 193.42 अंक या 0.23 प्रतिशत की बढ़त के साथ 83,432.89 अंक पर बंद हुआ। कल बाजार गिरावट के साथ 83239.47 पर बंद हुआ था। आज संसेक्स के 20 शेयर लाभ में और दस हानि में बंद हुए। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का व्यापक 50 शेयरों वाला निफ्टी 50 भी नरमी की धारणा के साथ अंत में कुल मिला कर 55.70 अंक (0.22 प्रतिशत) के हल्के सुधार के साथ 25,461.00 पर बंद हुआ। निफ्टी 25,428.85 पर खुलने के बाद दिन में 25,331.65 तक नीचे चला गया था। अपराह्न के सत्र में लिवाली का समर्थन मिलने से यह में 25,470.25 के दिन के उच्चतम स्तर तक पहुंच गया था। इस स्तर पर बाजार में प्रतिरोध दिखा। एशिया के प्रमुख बाजारों में शुक्रवार को मिला जुला प्रदर्शन दिखा। बाजारों को अमेरिका की आयात शुल्क नीति पर ट्रम्प सरकार के अगले निर्णय का इंतजार है। विश्लेषकों के अनुसार बाजार में क्षेत्रवार शेयरों का प्रदर्शन मिलाजुला रहा। प्राइवेट बैंकों के शेयर भी दबाव में दिखे। व्यापक रूप से बाजार में धारणा शांत रही। साप्ताहिक रोजगार के आंकड़ों में 1.47 लाख रोजगार के नए अवसर सृजित हुए और बेरोजगारी का स्तर गिरकर 4.1 प्रतिशत पर आ गया, जिससे निवेशकों में थोड़ा उत्साह बना। वेस्टेड फाइनांस के सीईओ विक्रम शाह ने अमेरिकी बाजार पर टिप्पणी करते हुए कहा कि वहां बुनियादी लचताएं बनी हुई हैं। निजी क्षेत्र में भर्तियों की रफ्तार मंद पड़ी है और दीर्घकालिक बेरोजगारी की चिंता है। प्रमुख एशियायी बाजारों में सीमित घट-बढ़ के साथ मिले जुले रुख के बीच टोक्यो बाजार हल्के सुधार के साथ बंद हुआ लेकिन सिंगापुर और हांगकांग के प्रमुख सूचक. ांक गिरावट में रहे। न्यूयार्क जिंस बाजार में ब्रेंट क्रूड आयल 0.93 प्रतिशत गिरावट के साथ 68.16 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर चल रहा था।

## सोना सस्ता होकर 97,142 पर आया

**नई दिल्ली।** सोने का दाम शुक्रवार को 195 रुपए सस्ता होकर 97,142 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। कल यह 97,337 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था।

इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार एक किलो चांदी की कीमत भी 253 रुपए घटकर 1,07,367 पर आ गई है। कल एक किलो चांदी 1,07,620 प्रति किलो थी। 18 जून को चांदी ने 1,09,550 और सोने ने 99,454 का ऑल टाइम हाई बनाया था। इस साल सोना करीब 20 हजार महंगा हो चुका है। वही, चांदी का दाम भी करीब 21 हजार बढ़ चुका है।

देश के चार महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 98,880 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,650 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 98,730 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,500 थी। वहीं कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 98,730 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,500 रही, जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 98,730 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,500 थी।

# इन्वेस्ट यूपी अमेरिका और यूके में रोड शो व राउंड टेबल चर्चा करेगा

**लखनऊ, वार्ता**

उत्तर प्रदेश की निवेश प्रोत्साहन एजेंसी इन्वेस्ट यूपी दुनिया भर के निवेशकों का ध्यान आकर्षित करने के लिए अमेरिका और इंग्लैंड में रोड शो और राउंड टेबल चर्चा का आयोजन करेगी।

इन्वेस्ट यूपी के सूत्रों ने बताया कि इन आयोजनो का उद्देश्य चीन के विकल्प की तलाश कर रही वैश्विक विनिर्माण कंपनियों को प्रदेश में आकर्षित किया जाना है। उत्तर प्रदेश के लिए यह एक रणनीतिक अवसर है, जिससे वह वियतनाम और बांग्लादेश जैसे देशों के समकक्ष, एक भरोसेमंद और लागत प्रभावी विनिर्माण स्थल बनकर उभर सकता है। इस पहल के अंतर्गत इन्वेस्ट यूपी, संयुक्त राज्य अमेरिका, यूरोप और यूनाइटेड लकगडम में वैश्विक रोड शो, गोलमेज (राउंडटेबल) चर्चायें और रणनीतिक व्यावसायिक संवाद आयोजित कर रही है। इसका उद्देश्य उत्तर प्रदेश की निवेश-अनुक. ूल नीतियों, क्षेत्रीय क्षमताओं और औद्योगिक तत्परता को वैश्विक दिग्गजों और फॉर्च्यून 500 कंपनियों के समक्ष प्रस्तुत कर, बड़े पैमाने पर औद्योगिक निवेश को आकर्षित करना है। इस वैश्विक आउटरीच के तहत न्यूयॉर्क, सैन फांसिस्को, लॉस एंजेल्स, लंदन, पेरिस, फैंकफर्ट, मिलान, एम्स्टर्डम और बर्मिंघम जैसे प्रमुख शहरों में उच्च स्तरीय बी2जी (बिजनेस-टू-गवर्नमेंट) बैठकें और गोलमेज चर्चाएँ आयोजित की जायेंगी। भारतीय दूतावासों तथा यूएस-इंडिया बिजनेस काउंसिल (यूएसआईबीसी, भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) और भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) जैसे प्रमुख व्यापार संघों के सहयोग से आयोजित इन कार्यक्रमों का उद्देश्य वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के निर्णय निर्माताओं के साथ उत्तर प्रदेश की भागीदारी को सुदृढ़ करना है। संयुक्त राज्य अमेरिका में, उत्तर प्रदेश विभिन्न क्षेत्रों की अग्रणी कंपनियों के साथ संवाद स्थापित करेगा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**चीन की...** ने एक तरह से अपने हथियारों का परीक्षण अन्य हथियारों के खिलाफ किया। पाकिस्तान एक तरह से उनके लिए एक प्रयोगशाला की तरह उपलब्ध था। तुर्की ने भी इस प्रकार की सहायता प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अपने संबोधन में उन्होंने एक मजबूत वायु रक्षा प्रणाली की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि भविष्य में अगर पाकिस्तान हम पर हमला करता है, तो वह आबादी वाले क्षेत्रों को निशाना बना सकता है। इस बार पूरे ऑपरेशन के दौरान एयर डिफेंस और उसका संचालन बेहतरीन था, लेकिन इस बार हमने आबादी वाले क्षेत्रों में एयर डिफेंस पर ठीक से ध्यान नहीं दिया गया, लेकिन भविष्य में हमें इसके लिए तैयार रहना होगा। फिक्की द्वारा आयोजित न्यू एज मिलिट्री टेक्नोलॉजीज कार्यक्रम में बोलते हुए लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर के परिणामों पर भी बात की। उन्होंने कहा कि इसे हमें कुछ सबक मिले हैं। उन्होंने कहा कि पड़ोसी मुल्क में टारगेट की योजना और उनका चयन बहुत सारे डेटा पर आधारित था। यह प्रौद्योगिकी और मानव खुफिया जानकारी का उपयोग करके एकत्र किया गया था। हमने पाकिस्तान में कुल 21 टारगेट तय किए थे, जिनको निशाना बनाना था। फिर सेना की कार्रवाई से ठीक पहले आखिरी घंटे में यह तय किया गया कि 21 में से किन नौ ठिकानों को निशाना बनाना है। उसके बाद एक सुविचारित निर्णय लिया गया कि दुनिया को सही संदेश भेजने के लिए तीनों सेनाओं का यह दृष्टिकोण होना चाहिए कि हम वास्तव में एक एकीकृत बल हैं। इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान के साथ संघर्ष विराम को रणनीतिक कदम करार दिया। कहा कि जब हम किसी सैन्य लक्ष्य पर पहुंचते हैं, तो हमें इसे रोकने की कोशिश करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि युद्ध शुरू करना आसान है, लेकिन इसे नियंत्रित करना बहुत मुश्किल है। ऐसे में मैं कहूंगा कि यह एक बहुत ही शानदार चाल थी, जो संघर्ष विराम को रोकने के लिए पाकिस्तान ने चली। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को अहसास हो गया था कि अगर संघर्ष जारी रहा तो भारत का पंच तैयार है और वह और बुरी स्थिति में पहुंच सकता है इसलिए उन्होंने संघर्षविराम की मांग की। अब पहले की तरह आतंकवादी कृत्यों को सहन नहीं किया जाएगा।

**मुआवजा देने...** उन्हें कानूनी सलाह मिली और न ही इन दस्तावेजों की कोई कॉपी दी गई। एयर इंडिया के अधिकारियों ने कुछ परिजन पर फॉर्म भरने का दबाव डाला और उनके घर जाकर पूछने लगे कि फॉर्म क्यों नहीं भरे गए। रिजन से कहा गया कि जब तक वे फॉर्म नहीं भरते, उन्हें कोई मुआवजा नहीं मिलेगा। जबकि अंतर्राष्ट्रीय कानून के मुताबिक एयरलाइन को पहचान और रसीद पर हस्ताक्षर के बाद तत्काल अंतरिम मुआवजा देना होता है, किसी फॉर्म की जरूरत नहीं होती। एयर इंडिया ने इन सभी आरोपों को नकारते हुए कहा है कि ये दावे गलत और आधारहीन हैं। एयरलाइन ने इंडिया टुडे को दिए बयान में कहा कि फार्म का उद्देश्य केवल पारिवारिक संबंधों की पुष्टि करना है। हमने फॉर्म को जितना हो सके सरल बनाने की कोशिश की है, ताकि मुआवजा सही व्यक्ति तक जल्दी और सही तरीके से पहुंचे। एयरलाइन ने दावा किया कि पहले ही कुछ परिजन को अंतरिम मुआवजा देना शुरू कर दिया है। कुछ औपचारिक प्रक्रियाएं जरूरी हैं, लेकिन हम परिवारों को पूरा समय और सहूलियत दे रहे हैं।

# बिना लाटरी के जरिये प्रिंसिपल की नियुक्ति शिक्षा व्यवस्था को घातक

## बिहार सरकार इस पर उचित कदम उठाए: मायावती

**लखनऊ, वार्ता**



बसपा अध्यक्ष मायावती ने कहा कि बिहार के पटना विश्व. विद्यालय से संबद्ध संस्थानों में प्रधानाचार्यो की नियुक्त लाटरी के जरिए किया जाने का प्रयोग शिक्षा व्यवस्था के लिए घातक सिद्ध हो सकता है और इसके लिए केंद्र को उचित कदम उठाने की जरुरत है।

सुश्री मायावती ने एक्स पर लिखा- बिहार के प्रसिद्ध पटना विवि के पांच प्रतिष्ठित कालेजों में 'लाटरी' की नई व्यवस्था के तहत प्रिन्सिपलों की नियुक्ति का मामला दिलचस्प होने के कारण शिक्षा जगत में काफी चर्चाओं में है। स्थापित परम्परा से हटकर, 'लाटरी' के ज़रिए नियुक्ति की एक प्रकार से विचित्र व्यवस्था लागू करने के कारण केवल कला विषयों की पढ़ाई वाले 1863 में स्थापित पटना कालेज में कैमिस्ट्री के प्राध्यापक प्रो. अनिल कुमार प्राचार्य बन गए हैं, जबकि बिहार विवि में गृह विज्ञान की प्राचार्य प्रो. अल्का यादव विज्ञान की उच्च शिक्षा के लिए प्रख्यात पटना साइंस कालेज की नई प्रिंसिपल नियुक्त हुई हैं। मायावती ने कहा कि इसी प्रकार की नियुक्ति वाणिज्य कॉलेज में भी हुई है। यहां पहली बार कला संकाय की प्राध्यापक डा. सुहेली मेहता प्राचार्य बनी हैं, उनके विषय की पढ़ाई इस कालेज में नहीं होती है। साथ ही महिला शिक्षा जगत में प्रसिद्ध मगध महिला कालेज को लम्बे इतिहास में दूसरी बार पुरुष प्रिन्सिपल मिले हैं। प्रो. एनपी वर्मा यहां के नए प्राचार्य होंगे, जबकि प्रो. योगेन्द्र कुमार वर्मा की लाटरी पटना लॉ कालेज के प्रिन्सिपल के रूप में निकली है। इसको लेकर लोगों में उत्सुकता है कि बिहार सरकार व वहां के चांसलर द्वारा इस प्रकार लाटरी के माध्यम से की गई प्रिंसिपल की नियुक्तियों को सही ठहरा कर क्या इस व्यवस्था को भाजपा-शासित अन्य राज्यों में भी लागू किया जाएगा।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# अनुदानित प्राथमिक विद्यालयों को और सुदृढ़ करेगी योगी सरकार

## गरीब, वंचित व दलित वर्ग के बच्चों को मिलेगा गुणवत्तापूर्ण और नि:शुल्क शिक्षा का अधिकार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने शिक्षा को समाज के अंतिम पायदान तक पहुंचाने की दिशा में एक और ठोस कदम उठाया है। योगी सरकार अब अनुदानित प्राथमिक विद्यालयों को और अधिक सशक्त और पारदर्शी बनाने की दिशा में सक्रिय हो गई है, ताकि गरीब, अनुसूचित जाति/जनजाति और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अवसर मिल सके।

समाज कल्याण विभाग के माध्यम से संचा. लित ये विद्यालय शिक्षा में समानता और समावे. शिता की दिशा में प्रदेश सरकार की दूरगामी सोच का प्रमाण हैं। प्रदेश में वर्तमान में चार सौ अड़तालीस अनुदानित प्राथमिक विद्यालय कार्यरत हैं, जिन्हें बेसिक शिक्षा विभाग से मान्यता प्राप्त है और जिनका संचालन समाज कल्याण विभाग के अनुदान से हो रहा है। इन विद्यालयों में बच्चों को न केवल नि:शुल्क शिक्षा दी जा रही है, बल्कि यूनिफार्म, पाठ्यपुस्तकें और शैक्षिक सामग्री भी उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे अभिभावकों पर आर्थिक बोझ न पड़े। योगी सरकार इन विद्यालयों को आधुनिक शिक्षण पद्धतियों, बेहतर आधारभूत संरचना और प्रशिक्षित शिक्षकों से सुसज्जित करने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है।



राज्य सरकार ने अनुदान के वितरण से ले कर विद्यालय संचालन तक की प्रक्रिया को डिजिटल और पारदर्शी बनाया है। प्रत्येक विद्यालय का नियमित निरीक्षण और आडिट किया जा रहा है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि मिलने वाला धन सीधे बच्चों की शिक्षा और विद्यालय के विकास में लगे। साथ ही शिक्षकों की भर्ती व प्रशिक्षण की प्रक्रिया को भी सशक्त किया जा रहा है, जिससे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की कोई कमी न रहे। समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नीति 'सबको शिक्षा, सबका सम्मान' को साकार करने के लिए सरकार समाज के सबसे वंचित तबके तक शिक्षा पहुंचाने को संकल्पबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि कोई भी बच्चा केवल गरीबी के कारण शिक्षा से वंचित न रह जाए। अनुदानित विद्यालय इस लक्ष्य की पूर्ति के सशक्त माध्यम बन रहे हैं और प्रदेश को शिक्षा के क्षेत्र में भी उदाहरण बनाने की दिशा में यह एक प्रभावशाली प्रयास है।

### सांड को बचाने के प्रयास में बाइक सवार युवक ने गंवाई जान

**गोंडा।** गुरुवार देर शाम कर्नलगंज-बेलसर वाया नवाबगंज मार्ग पर पचई पुरवा के समीप एक दुखद हादसे में जरवल कस्बा के ग्राम बगिया मुस्तफा बाद निवासी 20 वर्षीय माहे आलम पुत्र मोहम्मद हनीफ की मौत हो गई। माहे आलम बाइक से परसपुर के बनवरिया गांव अपने मौसा के यहां सातवीं का जुलूस देखने जा रहा था। रास्ते में सड़क पर एक छुट्टा सांड़ को बचाने के प्रयास में उसकी बाइक अनियंत्रित होकर भिड़ गई, जिससे वह सड़क पर गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के तुरंत बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर जुट गए और घायल युवक को एम्बुलेंस के जरिए परसपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। वहां मौजूद चिकित्सकों ने प्राथमिक जांच के बाद माहे आलम को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल अधीक्षक डा. लवकेश शुक्ल ने बताया कि युवक की मृत्यु की सूचना परसपुर थाने की पुलिस को दे दी गई है। थाना प्रभारी शरदेन्दु कुमार पाण्डेय ने बताया कि हादसे की जानकारी मृतक के परिजनों को फोन के माध्यम से दे दी गई है।

# भ्रष्टाचार में डूबी है भाजपा सरकार : अखिलेश यादव

## बारिश ने खोली स्मार्ट सिटी की पोल, जल जीवन मिशन में भारी घोटाले के आरोप

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि बीते नौ वर्षों में भ्रष्टाचार के सारे रिकार्ड टूट गए हैं।

उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन, स्मार्ट सिटी योजना और गंगा सफाई जैसी तमाम योजनाओं में व्यापक स्तर पर घोटाले हुए हैं, और यह सरकार जनता को सिर्फ धोखा दे रही है। श्री यादव ने कहा कि बारिश के आते ही भाजपा की स्मार्ट सिटी योजना की पोल खुल गई है। गोरखपुर, आगरा, वाराणसी, अयोध्या और अलीगढ़ जैसे शहरों में जगह-जगह जलभराव हो रहा है, नालों की सफाई न होने से मोहल्लों में पानी भर रहा है, और सड़कों की दुर्दशा सामने आ गई है। उन्होंने इसे भाजपा की 'डबल इंजन' सरकार की विफलता बताया और कहा कि महानगरों में कार्यरत नगर निगमों के साथ मिलकर बनी 'ट्रिपल इंजन सरकार' पूरी तरह फेल हो चुकी है। पूर्व मुख्यमंत्री ने जल जीवन मिशन को भी आड़े हाथों लेते हुए कहा कि इस योजना के तहत बनाई गई पानी की टंकियां लगातार गिर रही हैं, जिससे साफ हो गया है कि इनका निर्माण भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुका है। उन्होंने दावा किया कि हर महीने किसी न किसी जिले में टंकी ढहने की घटनाएं सामने आ रही हैं। नमामि गंगे परियोजना पर भी श्री यादव ने सवाल उठाते हुए कहा कि हजारों करोड़ रुपये खर्च होने के बावजूद गंगा की सफाई नहीं हो सकी है। स्थिति जस की तस बनी हुई है और भाजपा सरकार ने ईमानदारी का जो चोला पहन रखा था, वह अब उतर चुका है, उन्होंने कहा। ट्रांसफर-पोस्टिंग में भी भारी भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि कोई भी विभाग भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार से अछूता नहीं है। उन्होंने कहा कि जनता अब भाजपा की झूठी और बेईमान राजनीति से ऊब चुकी है और 2027 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश की जनता इस सरकार को उखाड़ फेंकने का मन बना चुकी है।



# पीड़िता ने पुलिस पर लगाया गंभीर आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**अमेठी।** एक तरफ नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सरकार और पुलिस द्वारा मिलकर भटके नौजवानों को मुख्य धारा में लाने का कार्य किया जा रहा हैं, तो वही दूसरी तरफ उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर जिले की पुलिस द्वारा नौजवानों को अपराधी बनाने का कार्य किया जा रहा हैं।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार अमेठी जिले के पीपरपुर थाना क्षेत्र के हारीपुर गांव की रहने वाली शिवकुमारी देवी ने उत्तर प्रदेश पुलिस पर बड़ा आरोप लगाया है। शिवकुमारी देवी ने हमारे संवाददाता से बात करते हुए बताया कि 21/06/2025 को रात में लगभग 1 बजकर 15 मिनट पर हमारे घर सुल्तानपुर जिले की पुलिस आयी और हमारे बेटे त्रिभुवन कोरी उर्फ लाला को यह कहकर अपने साथ लेकर गयी की सुल्तानपुर के पुलिस अधीक्षक द्वारा दस्तखत करने के लिए बुलाया जा रहा है। साथ ही शिवकुमारी देवी द्वारा निर्माणाधीन मकान के लिए रखी नकदी करीब 42 हजार रुपए एवं जेवर भी सुल्तानपुर पुलिस के जवान अपने साथ उठा ले गये। सुल्तानपुर पुलिस के जवान जब त्रिभुवन कोरी उर्फ लाला को ले जाने आए उस वक्त वह अपने घर में सो रहा था, पुलिस के जवानों के आने से लेकर त्रिभुवन को अपने साथ लेकर जाने तक का पूरा मामला सीसीटीवी फुटेज में रिकार्ड हो गया था। शिवकुमारी देवी जब सुबह अपने बेटे की कुशलता की जानकारी लेने के लिए सुल्तानपुर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची तो उन्हें यह कहकर टाल दिया गया कि आपके बेटे को हमारे लोग लेकर नहीं आए हैं। जिससे परेशान होकर शिवकुमारी देवी ने पुलिस अधीक्षक अमेठी, थाना प्रभारी पीपरपुर जनपद अमेठी को अपने बेटे त्रिभुवन की खोजबीन के लिए प्रार्थना पत्र दिया। तथा जिला न्यायालय सुल्तानपुर के माध्यम से अपने बेटे की जान-माल की सुरक्षा के दृष्टिगत संज्ञान लेने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। सबसे ज्यादा तो हैरान करने वाली बात यह है कि जिस त्रिभुवन कोरी को पुलिस 21 जून 2025 की रात घर से अपने साथ लेकर गयी थी, उसी त्रिभुवन कोरी पर 23 जून 2025 को पुलिस द्वारा यह कहकर एफआईआर दर्ज करा दी गई की उक्त व्यक्ति 5 लोगों के साथ मिलकर गोडवा इंटर कालेज रामनगर इमिलिया के पास डकैती की योजना बना रहा था। सबसे रोचक तथ्य तो यह हैं की घटना में आरोपी बनाए गए विपिन सिंह रायबरेली जेल में बंद हैं, अब पुलिस की कार्यशैली कितनी वफादार हैं इस पर भी सवाल खड़े हो रहें हैं। अगर इस प्रकार पुलिस फर्जी मुकदमे दर्ज कर लोगों को घरों से उठायेगी तो वह अपराधी ही बनेगे। आखिर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा अपराध मुक्त यूपी का नारा कैसे सार्थक होगा जब पुलिस स्वयं अपराधी तैयार कर रही हैं।

# हज पर साइकिल से रवाना हुए हाफिज तालिब, अखिलेश से की मुलाकात

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सपा अध्यक्ष ने सराहा जज्बा, देश में अमन-चैन और तरक्क़ी की दुआ मांगी**

**लखनऊ।** हज के मुक़द्दस सफ़र पर साइकिल से रवाना हुए जनाब हकीम हाफ़िज़ तालिब साहब आज लखनऊ पहुंचे, जहां उन्होंने अध्यक्ष अखिलेश यादव से भेंट की। यह मुलाक़ात समाजवादी पार्टी मुख्यालय, 19 विक्रमादित्य मार्ग पर हुई, जहां पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

हाफ़िज़ तालिब साहब ने 1 मई 2025 को हैदराबाद से साइकिल यात्रा शुरू की थी और 2 जुलाई को लखनऊ पहुंचे। इस यात्रा को लेकर समाजवादी पार्टी अध्यक्ष ने उनके जज़्बे, हिम्मत और इरादे की सराहना करते हुए कहा कि हज का सफ़र एक पाक और सवाब से भरा अमल है। इसे साइकिल से तय करना उनके इरादों की पाकीज़गी और अल्लाह के प्रति उनके सच्चे समर्पण को दर्शाता है। अखिलेश यादव ने कहा कि हाफ़िज़ तालिब हरम की सरज़मीन पर पहुँचकर देश के लिए अमन, भाईचारे और खुशहाली की दुआ करें, ताकि हिंदुस्तान तरक्क़ी की राह पर मज़बूती से आगे बढ़ता रहे। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के कई वरिष्ठ नेता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे, जिनमें पूर्व विधानसभा अध्यक्ष माता प्रसाद पांडेय, मुख्य प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी, पूर्व कैबिनेट मंत्री श्याम लाल पाल, प्रदेश अध्यक्ष शकील नदवी (अल्पसंख्यक सभा), मो. इमरान सिद्दीकी, विकास यादव (पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, समाजवादी युवजन सभा), आरिफ गूजर, मौलाना समीर अहमद, ताहा अंसारी, मो. सुहैल, मो. आकिब और मो. उमैर प्रमुख रूप से शामिल रहे।

### मनोज कुमार को मिला 5000 का पुरस्कार

**अमेठी।** तहसील तिलोई के विकासखंड सिंहपुर क्षेत्र के सरबजीत बाजार निवासी मनोज कुमार को उनके उत्कृष्ट कार्य और समर्पण के लिए 5000 का पुरस्कार प्रदान किया गया। यह सम्मान त्रिपाठी ट्रेडर्स, राजा फतेहपुर के द्वारा चेक के माध्यम से दिया गया। इस अवसर पर स्थानीय लोगों ने मनोज कुमार की सराहना करते हुए कहा कि उनका योगदान प्रेरणादायक है।इस सम्मान कार्यक्रम में कपिला आहार (कामधेनु कैटल फीड्स) की विशेष भूमिका रही। पशुपालन क्षेत्र में गुणवत्ता पूर्ण उत्पादों के माध्यम से किसानों और पशुपालकों को लाभ पहुंचाने में कपिला आहार का योगदान सराहनीय है। मनोज कुमार ने कपिला आहार व त्रिपाठी ट्रेडर्स का आभार जताते हुए कहा कि यह पुरस्कार उन्हें और भी बेहतर कार्य करने की प्रेरणा देगा। कपिला आहार और त्रिपाठी ट्रेडर्स के संयुक्त प्रयास से यह सम्मान कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिससे क्षेत्रीय व्यवसायों और पशुपालन गति. विधियों को बढ़ावा मिला है।

# प्रदेश में खाद की कोई कमी नहीं : कृषि मंत्री

शाह टाइम्स ब्यूरो

**खरीफ की तैयारी में जुटी सरकार, यूरिया की आपूर्ति रिकार्ड स्तर पर**

**लखनऊ।** खरीफ सीजन की तैयारियों को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार ने खाद आपूर्ति की स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा है कि राज्य में उर्वरकों की कोई कमी नहीं है और किसानों को समय पर खाद व बीज की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जा रही है। कृषि मंत्री एसपी शाही ने बताया कि अब तक प्रदेश में 27 लाख मीट्रिक टन यूरिया उपलब्ध है, जबकि केंद्र सरकार जुलाई में अतिरिक्त 10 लाख मीट्रिक टन की आपूर्ति कर रही है।

इससे कुल उपलब्धता 37 लाख मीट्रिक टन हो जाएगी, जो पिछले वर्ष की खपत से अधिक है। खाद वितरण में किसी प्रकार की अनियमितता को लेकर सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है। अब तक खाद की कालाबाजारी और गड़बड़ियों पर 26 प्राथमिकी दर्ज कराई गई हैं तथा 580 फुटकर विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। बलरामपुर जिले में शिकायतों के बाद कृषि अधिकारी को निलंबित किया गया है और एक अन्य अधिकारी पर जांच जारी है। कृषि मंत्री ने स्पष्ट किया कि यूरिया के साथ-साथ डीएपी, एनपीके, एमओपी और एसएसपी जैसे सभी प्रमुख उर्वरकों का भरपूर भंडार राज्य में मौजूद है। वर्तमान में यूरिया का शेष स्टाक 15 लाख मीट्रिक टन, डीएपी 2.90 लाख, एनपीके 2.91 लाख, एमओपी 0.77 लाख और एसएसपी 3.14 लाख मीट्रिक टन है।

# सड़क हादसे का शिकार हुई स्कूली बस, एक बच्चे की मौत, 15 घायल



शाह टाइम्स संवाददाता

**सीतापुर।** सदरपुर थाना क्षेत्र के गोड़ैचा चौराहे पर सरदार वल्लभ भाई पटेल कन्या शिक्षण संस्थान है। शुक्रवार को विद्यालय की छुट्टी होने के बाद स्कूल बस बच्चों को लेकर जा रही थी।

थानगांव थानाक्षेत्र में बस मियां पुरवा - रसूलपुर मार्ग पर ग्राम पंचायत ग्वारी के झुरिया ललक पुरवा गांव के नजदीक पहुंची। इसी बीच अचानक सड़क पर झुरिया ललकपुरवा निवासी शाहनवाज उर्फ शहवाज उम्र 8 वर्ष पुत्र जावेद बकरी लेकर आ गया। रफ्तार में आ रही बस अनियंत्रित हो गई और शाहनवाज को रौंदते हुए खड्ड में पलट गई। हादसे में शाहनवाज ने घटनास्थल पर दम तोड़ दिया। स्कूल बस में सवार 15 बच्चे घायल हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से सभी घायल छात्रों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुर मथुरा और रेउसा भिजवाया, जहां पर इलाज के दौरान तीन की हालत गंभीर है। अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गेश कुमार सिंह ने बताया है कि घायल 12 बच्चों की हालत खतरे से बाहर है, जबकि तीन की हालत गंभीर है। मृत बालक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है। घायलों में अनुप्रिया, आंशिका, जानवी, आयुष, शुभम, सारिका, अभिनव, अंजनी, अर्पिता और क्रांति शामिल हैं। इनमें से क्रांति पुत्री शिवराम की हालत गंभीर देखते हुए उसे ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है। एनसीपी ने की सचिव लोक निर्माण से प्रधान सहायक शिव प्रकाश वर्मा के गैर जनपद स्थानान्तरण की मांग

# साइबर ठगों को क्राइम ब्रांच ने किया गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**सीतापुर।** साइबर ठगी की घटनाओं की शिकायत मिलने पर जिले की साइबर क्राइम पुलिस टीम ने जांच पड़ताल की। इस दौरान साइबर क्राइम टीम ने देहात कोतवाली क्षेत्र में छापेमारी की।

वहां पर पुलिस ने उत्तराखंड प्रदेश के रुद्रपुर जिले के रुद्रपुर थाना क्षेत्र के ग्राम शांति कालोनी रुद्रपुर निवासी मनजीत सिंह पुत्र रक्षपाल सिंह और प्रभजोत सिंह पुत्र अमरजीत सिंह को गिरफ्तार किया। अपर पुलिस अधीक्षक आलोक सिंह ने बताया कि सूरज रस्तोगी द्वारा थाना साइबर, जनपद सीतापुर पर आकर तहरीरी सूचना दी गयी थी। शिकायत थी कि उसकी दुकान केदारनाथ ज्वैलर्स, महमूदाबाद रोड थाना रेउसा में है। दुकान पर दो अज्ञात व्यक्ति आये और उन्होने आभूषण खरीदने की बात की। दुकान पर पीड़ित की बहन बैठी हुई थी। जिससे आभूषण देखने के दौरान बातो से भरोसे में लेते हुए आनलाइन पेमेंट की बात कही। आरोपियों द्वारा दुकान से सोने की लेडीज अंगूठी (वजन 2.920 ग्राम), एक जेंट्स अंगूठी (वजन 2.530 ग्राम), एक जोड़ी सोने की टाप्स (वजन 3.177 ग्राम) पसंद किया, जिसका कुल मूल्य 85,338/-रुपये हुआ। शातिर आरोपियों द्वारा 85,300/-रुपये का आनलाइन पेमेंट फोन पे के माध्यम से किया गया। पेमेंट के पश्चात् भुगतान का स्क्रीनशाट दिखाया गया और दुकान से आभूषण लेकर चले गये। पीड़ित की बहन को स्क्रीनशाट देखकर विश्वास हो गया था कि खाते मे धन. राशि क्रेडिट हो गयी, किंतु बाद में खाता चेक किया तो उपरोक्त धनरा. शि का कोई पेमेंट प्राप्त नही हुआ था। गिरफ्तार दोनो आरोपियों से पूछताछ में ज्ञात हुआ कि उनके द्वारा टेलीग्राम चैनल से APK File के माध्यम से फर्जी फोन पे एप्प डाउनलोड किया गया था। जो दिखने में पूरी तरह से वास्तविक फोन पे एप्प की तरह ही है। इसी फर्जी एप्प का प्रयोग करके बिना वास्तविक भुगतान किये ही भुगतान का दिखावा कर, उसका स्क्रीनशाट लेकर दुक. ानदार को दिखा देतें हैं और फर्जी भुगतान की प्रक्रिया के समय मोबा. इल में इंस्टाल्ड फर्जी पेमेंट एप्प से हुए पेमेंट का साउंड भी सुना देते हैं। जो साउंड हूबहु असली पेमेंट एप्प के जैसा सुनाई देता है। कई बार दुक. ानदार पेमेंट संबंधित स्क्रीनशाट को देखकर भी संतुष्ट नही होते तो उन्हें आईसीआईसीआई बैंक के आई मोबाइल एप में छेड़छाड़ कर एक आई मोबाइल एप के माध्यम से ही टेक्स्ट मैसेज, दुकानदार द्वारा बताये गये मोबाइल नंबर पर भेज देते हैं। दुकानदार बैंक की एप के पदपजपंज. मक टेक्स्ट मैसेज को अपने नंबर पर प्राप्त कर संतुष्ट हो जाते है। पूछताछ में अब तक ज्ञात हुआ कि इस प्रकार की घटनायें आरोपियों ने कस्बा मोहम्मदी, लखीमपुर खीरी तथा बढ़्ढूपुर, जनपद बाराबंकी में कारित की गयी है। इन घटनाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की जा रही है। आरा. ेपी खरीददारी करते समय लग्जरी चार पहिया वाहन से जाते है। जिससे उनपर दुकानदार या किसी को शक न हो। इन लोगो द्वारा वाहन पर फर्जी नंबर प्लेट का प्रयोग किया जाता है ताकि शक होने पर भी सीसीटीवी फुटेज आदि के माध्यम से गाड़ी के संबंध में जानकारी प्राप्त न हो सके। आरोपियों के कब्जे से 10 हजार रूपये, दो मोबाइल फोन, एक कार: फर्जी नंबर प्लेट की बरामद हुई है। कार को एमबी एक्ट के तहत उसे करने की कार्रवाई की गई है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में साइबर थाना प्रभारी अजय कुमार रावत, अनुराग पाण्डेय, अंकित पांडेय, सुमित राघव, अंकुर चौधरी, पुनीत पंवार, पुनीत कुमार शामिल हैं। दोनों गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है।

## पुलिस ने किए चोरी के माल के साथ दो गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**सीतापुर।** रेउसा थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रेउसा थाना क्षेत्र के ग्राम कोड़वा धमधमपुर चौराहे पर छापेमारी की। वहां पर पुलिस ने रेउसा थाना क्षेत्र के ग्राम कोड़वा धमधमपुर निवासी तोताराम पुत्र कामता प्रसाद तथा रेउसा थाना क्षेत्र के ग्राम सुपौली निवासी कृपा शंकर पुत्र मिश्रीलाल गिरफ्तार किया। पुलिस का कहना है कि दोनों शातिर चोर हैं। पुलिस ने उनके कब्जे से 48,000 रूपये नगदी, 2 कमर पेटी, 3 जोडी पायल, हथफुल, 2 नथूनी, 1 मांग टीका, एक अवैध तमंचा मय कारतूस के बरामद किया है। पुलिस का कहना है कि दोनों शातिर चोर है। इन्ही दोनों ने पिछले सप्ताह सर्वेश मेडिकल वाले के मकान से तथा तीन महीने पहले सिकरोहर कला में लेखपाल के घर से गहने व नगदी चोरी किये थे। नगदी तथा आभूषण इन्ही चोरियों से संबंधित है। अवैध तमंचा बरामदगी के संबंध में रेउसा थाने में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया है।

# वर्क फ्रॉम होम बना ठगी का जाल, लखनऊ के युवक से एक लाख से अधिक की ठगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**गूगल टास्क और प्री-पेड जॉब के झांसे में फंसा स्नातक युवक, साइबर ठगों का नया हथकंडा उजागर**

**लखनऊ।** राजधानी में आनला. इन रोजगार के नाम पर एक बार फिर साइबर ठगी का मामला सामने आया है। इस बार हजरतगंज क्षेत्र के एक युवक से एक लाख तेईस हज़ार रुपये की धोखाधड़ी की गई। खुद को 'गूगल टास्क' और 'प्री-पेड आनला. इन जाब' प्लेटफार्म से जुड़ा बताकर जालसाजों ने युवक को घर बैठे कमाई का सपना दिखाया, लेकिन उसकी मेहनत की कमाई ठग ली गई।

युवक को वाट्सएप के माध्यम से एक लिंक भेजा गया, जिसमें एक कथित टास्क पूरा करने पर भुगतान का वादा किया गया। शुरुआत में कुछ रुपये खाते में डाले भी गए ताकि विश्वास कायम हो। इसके बाद लगातार टास्क के नाम पर निवेश कराते रहे। कुछ ही दिनों में युवक से 1,23,000निकलवा लिए गए। जब भुगतान नहीं हुआ और संपर्क बंद हो गया, तब युवक को धोखाधड़ी का अहसास हुआ। इससे पहले भी राजधानी लखनऊ में इस तरह की कई घटनाएं हो चुकी हैं। हाल ही में गोमती नगर क्षेत्र में एक सेवानिवृत्त कर्मचारी से भी इसी तरह साइबर ठगी की गई थी। खास बात यह है कि जालसाज खुद को अधिकृत कंपनियों से जुड़ा बताते हैं, फर्जी वेबसाइट और ऐप्स का इस्तेमाल करते हैं और आम लोगों को वर्क फ्राम होम जैसी लोकप्रिय अवधारणाओं का सहारा लेकर निशाना बनाते हैं। साइबर विशेषज्ञों के अनुसार, यह नया ट्रेंड टास्क बेस्ड फ्राड का है, जो पहले के बैंक लिंक, केवाईसी अपडेट या लाटरी के नाम पर होने वाली ठगी से कहीं ज्यादा परिष्कृत है। ठगों के पास अब संवाद कौशल, पेशेवर भाषा और नकली तकनीकी प्लेटफार्म हैं, जिनसे आम आदमी भ्रमित हो जाता है। पुलिस का कहना है कि शिकायत दर्ज कर ली गई है और साइबर सेल मामले की जांच कर रही है। वहीं, विशेषज्ञों का सुझाव है कि कोई भी आनलाइन लिंक, टेलीग्राम/व्हाट्सएप के जरिये मिलने वाले जाब आफर पर आंख मूंदकर विश्वास न करें।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालय:**
फोन-0131-2970013
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# एनसीपी ने की सचिव लोक निर्माण से प्रधान सहायक शिव प्रकाश वर्मा के गैर जनपद स्थानान्तरण की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**सीतापुर।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी प्रदेश महासचिव प्रभारी लखनऊ मण्डल प्रवीण कुमार सिंह ने प्रमुख सचिव लोक निर्माण उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ को पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया कि प्रदेश के जनपद सीतापुर में जारी आदेशों को दर किनार कर लोक निर्माण विभाग में कई पटलों पर वर्षो से कर्मचारी कार्यरत है। जारी आदेश शासन से जारी होते ही जनपद में पहुंचते पहुंचते दफन हो जाते है। लोक निर्माण विभाग पीडी, सीडी, एक सीडी, सीडी फोर, पीएमजीएसवाई सीडी (दो)एनएचडीआई सभी विभागों में अगर निष्पक्ष जांच की जाये तो लगभग कर्मचारी वर्षो से एक ही पटल पर तैनात है। जबकि जारी आदेशानुसार तीन वर्ष में पटल परिवर्तन किये जाने के आदेश है। लेकिन विभागाध्यक्ष द्वारा आदेशों को दफन कर निजी लाभ के चलते एक ही पटल पर एक ही कर्मचारी को वर्षो तक कार्यरत रहने का अवसर प्रदान किये जा रहे है। जो कि शासन प्रशासन पर एक बड़ा सवालियां निशान है। उदाहरण के तौर पर लोनिवि निर्माण खण्ड एक में कार्यरत प्रधान सहायक शिव प्रकाश वर्मा जनपद सीतापुर में जूनियर असिस्टेण्ट के पद पर 9 अगस्त 1999 से जनपद में कार्यरत है। समयानुसार शिव प्रकाश वर्मा कीइ पदोन्नति जूनियर असिस्टेण्ट से सीनियर असिस्टेण्ट से हेड असिस्टेण्ट से शासन द्वारा की जा चुकी है। लेकिन 26 वर्षो की सेवाकाल में शिव प्रकाश वर्मा निर्माण खण्ड एक में वर्ष 2009 से कार्यरत है। जबकि मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन दुर्गाशंकर मिश्र के आदेश संख्या 8/2022 संख्या 119/47-4-2022(1/3/96 दिनांक 13 मई 2022 के आदेशनुसार समूह ग के क्रमिको का प्रत्येक तीन वर्ष के उपरान्त पटल क्षेत्र परिवर्तन किये जाने के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये है। लेकिन जारी आदेशों के बाद भी प्रधान सहायक शिव प्रकाश वर्मा अपने मजबूत सांठ गांठ व पकड़ का इस्तेमाल करते हुए निर्माण खण्ड एक में नियम विरूद्ध तरीके से काबिज है। जो कि जारी शासनादेशों के ऊपर एक बहुत बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है। श्री सिंह ने साथ ही यह भी अवगत कराया कि दिनांक 15.06.2025 को कार्यालय मुख्य अभियन्ता मध्य क्षेत्र लोक निर्माण विभाग लखनऊ पत्रांक संख्या 3705सी जेड. 6 सीजेड स्थापना 2025 के अनुसार प्रधान सहायक शिव प्रकाश वर्मा का स्थानान्तरण निर्माण खण्ड एक लोनिवि सीतापुर से राष्ट्रीय राजमार्ग खण्ड लोनिवी सीतापुर प्रशासनिक आधार पर मुख्य अभियन्ता मध्य क्षेत्र लोनिवी लखनऊ के द्वारा किया गया। जारी पत्रांक के चन्द घण्डो के बाद पुन: मुख्य अभियन्ता लखनऊ मध्य क्षेत्र के द्वारा पत्रांक संख्या 3709 सी जेड/ 6 सीजेड स्थापना / 2025 दिनांक 15.06. 2025 स्थानान्तरण प्रशासनिक आधार पर राष्ट्रीय राजमार्ग खण्ड लोनिवी सीतापुर से संशोधित आदेश में निर्माण खण्ड चार लोनि. वि में किया जाता है जो कि प्रधान सहायक शिव प्रकाश वर्मा की मजबूत सांठ गांठ व उच्चाधिकारियों से अच्छी पैठ का उदाहरण दे रहा है कि प्रधान सहायक के समक्ष जारी आदेश चन्द घण्टे भी नही टिक पा रहे है।

# धार्मिक संवाद के रास्ते पर मौलाना जवाद

## मोहर्रम की मजलिस में हिंदू धर्म की शांति पर की खुली टिप्पणी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** मोहर्रम के पवित्र महीने में जब दुनिया इमाम हुसैन की कुर्बानी को याद कर रही है, उसी समय लखनऊ से एक ऐसा स्वर उठा है, जिसने धार्मिक संवाद और सां. प्रदायिक सौहार्द की ज़मीन को मजबूत करने का संदेश दिया है। शिया धर्मगुरु मौलाना कल्बे जवाद ने इस वर्ष की मजलिस में हिंदू धर्म की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह एक शांतिप्रिय धर्म है और इसके प्रतीक रामचंद्र जी पूरी जीवन-अवधि में अन्याय के विरुद्ध डटे रहे। मौलाना जवाद का यह वक्तव्य कोई पहली बार नहीं आया।

वे पूर्व में भी कई बार अंतर्धार्मिक संवाद को बढ़ावा देने वाले विचार रख चुके हैं, लेकिन इस बार मोहर्रम की मजलिस के मंच से यह बात कहना अपने आप में प्रतीकात्मक और सशक्त है। उन्होंने कहा, हराम हों या हुसैनक़ जो जुल्म के सामने खड़े होते हैं, वही सच्चे धार्मिक होते हैं। धर्म किसी कौम की दीवार नहीं, इंसाफ की राह होना चाहिए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जो लोग मजहब के नाम पर नफरत फैलाते हैं, वे दरअसल किसी धर्म के नहीं हैं। हुसैन की शहादत केवल इस्लामी इतिहास का हिस्सा नहीं, बल्कि दमन के विरुद्ध सार्वकालिक प्रतिरोध का नाम है। आज जब देश में सामा. जिक ताने-बाने को धार्मिक आधारों पर खुर. चने की कोशिशें हो रही हैं, तब यह बयान नफरत के व्यापारियों को सीधे चुनौती देता है। यह वक्तव्य केवल धार्मिक सहिष्णुता की अपील नहीं, बल्कि धर्म की मूल भावना को फिर से समझने की चेतावनी भी है। मौलाना जवाद ने कहा कि जैसे राम ने श्वनवासश में रहकर भी सत्य का साथ नहीं छोड़ा, वैसे ही इमाम हुसैन ने कर्बला के तपते रेगिस्तान में भी अन्याय के सामने झुकना नहीं चुना।

# स्कूलों को मर्जर करने के विरोध में शिक्षकों ने ज्ञापन सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों को मर्ज करने के विरोध में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई गजरौला व धनौरा के बैनर तले विधायक राजीव तरारा के आवास पर पहुंचकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया।

सौंपे गए ज्ञापन में शिक्षकों का कहना है कि उत्तर प्रदेश शासन के द्वारा पेयरिंग के नाम पर विद्यालयों को बंद करा जा रहा है। 150 से कम छात्र संख्या वाले प्राथमिक विद्यालय एवं 100 से कम छात्र संख्या वाले उच्च प्राथमिक विद्यालयों को

**■ शिक्षण कार्य करके विधायक आवास पर पहुंचे शिक्षक**

प्रधानाध्यापक विहीन करते हुए हजारों प्रधानाध्यापकों को सरप्लस घोषित कर दिया गया है। इसके पूर्व भी एक ही परिसर में स्थित लगभग 20 हजार विद्यालयों का संविलियन करके प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के पद समाप्त कर दिए गए हैं। शिक्षकों ने मुख्यमंत्री से पेयरिंग करने के आदेश एवं प्रधानाध्यापको को सरपल्स घोषित करने सम्बंधी आदेश को निरस्त करने की मांग की। ज्ञापन विधायक राजीव तरारा के



प्रतिनिधि के रूप सचिन त्यागी को सौंपा गया। विधायक इस समय लखनऊ में थे। ज्ञापन देने वालों में ब्लॉकाध्यक्ष गजरौला जितेन्द्र सिंह, ब्लॉक मंत्री रेखा रानी, ब्लॉकाध्यक्ष धनौरा योगेश चौधरी, ब्लॉक मंत्री जितेन्द्र कटारिया, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ.पृथी सिंह, ब्लॉकाध्यक्ष गंगेश्वरी रामवीर सिंह, शिक्षामित्र संघ के जिलाध्यक्ष विवेक त्यागी, हरिओम त्रिवेदी, संजीव कुमार, कुलदीप त्यागी, मनोज शर्मा, देशराज सिंह, मुनेन्द्र प्रताप, श्वेता सक्सैना, मिथलेश, दीपक कुमारी, विभूति त्रिवेदी, मीना, पूनम, विवेक शर्मा, दिनेश कुमार, अनीता पाल, अर्चना यादव, सर्वेश पंवार, प्रियंका रानी आदि समेत अनेक शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# मिलावटी दूध व पनीर की फैक्ट्री पर छापेमारी



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** मिलावटी दूध से पनीर आदि बना रही फैक्ट्री पर खाद्य विभाग की टीम ने पुलिस के साथ मिलकर संयुक्त रूप से छापेमारी की और मिलावटी दूध, पनीर आदि को नष्ट कराया। वहीं पुलिस ने फैक्ट्री संचालक, उसके भाई व नौकर के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए गिरफ्तार किया और चालान करके कोर्ट में प्रस्तुत किया।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार को खाद्य सहायक आयुक्त विनय कुमार को सूचना मिली गजरौला क्षेत्र में फाजलपुर फाटक के पास इरफान पुत्र युसूफ निवासी गांव मो. हरका पट्टी थाना गजरौला अपने भाई इंशाल्लाह एवं नौकर चमन निवासी कुदैनी चक के साथ अपमिश्रित दूध से अवैध पनीर व खाद्य पदार्थ बना रहे हैं। सूचना पर सहायक आयुक्त विनय कुमार अपनी टीम एवं पुलिस बल के साथ पहुंचे। खाद्य विभाग की टीम द्वारा फैक्ट्री में बन रहे अवैध रूप से पनीर एवं पाउडर की सैंपलिंग की

**■ संचालक समेत तीन को पुलिस ने किया गिरफ्तार**

'खाद्य एवं सुरक्षा विभाग द्वारा पनीर, दूध व अन्य खाद्य पदार्थों का सैंपल लिया गया और टेस्ट के लिए लैब भेजा जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद विधिक कार्रवाई की जाएगा। मौके पर मिले मिलावटी दूध, पनीर आदि को नष्ट कराया गया।' **विनय कुमार, सहायक आयुक्त खाद्य विभाग**

गई एवं मौके पर मिले रिफाइंड एवं पाउडर एवं मिलावटी दूध, पनीर व अन्य सामानों को नष्ट कराया गया। इस दौरान पुलिस विभाग से वरिष्ठ उपनिरीक्षक ब्रजेश कुमार सिंह व पुलिस बल मौजूद रहा। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए अवैध रूप से पनीर बनाने की फैक्ट्री को संचालित करने वाले इरफान एवं इंशाअल्लाह एवं चमन उपरोक्त के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करके न्यायलय में प्रस्तुत किया गया।

# सभासदों ने खोला विद्युत कर्मी के खिलाफ मोर्चा

## अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए की डीएम से शिकायत



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** सभासदों ने विद्युत कर्मी पर उपभोक्ताओं के उत्पीड़न का आरोप लगाते मामले की शिकायत डीएम से व अधीक्षण अभियंता विद्युत से की है। इनका आरोप है कि बिजली कर्मी जमकर अवैध वसूली कर रहा है। लोगों पर झूठे आरोप लगाकर उनका उत्पीड़न किया जा रहा है। शुक्रवार को सभासद कलक्ट्रेट तथा अधीक्षण अभियंता विद्युत के कार्यालय पहुंचे और ज्ञापन सौंपा। उनका कहना था कि दाउद सराय बिजली विभाग पर तैनात रामवीर सिंह उपभोक्ताओं का खुलेआम शोषण कर रहा है। लूट खसोट की जा रही है। इतना ही नहीं वह रौब दिखाकर उपभोक्ताओं को झूंठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देता है। जो लोग उसकी मांग पूरी नहीं करते उन्हें डराया धमकाया जाता है। कई बार इसकी शिकायत भी की जा चुकी है। लेकिन आज तक बिजली कर्मी के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई। उसके हौंसले बुलंद है। सभासदों ने चेताया कि यदि जल्द बिजली कर्मी रामवीर पर कार्रवाई नहीं हुई तो इसके विरोध में उग्र आंदोलन को मजबूर होंगे। ज्ञापन सौंपने वालो में शमश.ेर, विक्की टंडन, दिवेश कुमार, दानिश अंसारी, अंसार मलिक, शमीमुद्दीन, अजय सैनी, राजेश कुमार, वीर बहादुर, मौ. शहजाद, ममता, वंदना, राहुल, गुफरान, रईसउद्दीन, मुरसलीन मंसूर आदि सभासद शामिल थे।

# फलों की मंडी में जाम की समस्या बनी गंभीर

## प्रशासन की नहीं खुल रही आंख

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** नगर के बाईपास मार्ग पर इन दिनों सड़क पर फलों की मंडी नहीं, प्रशासन की बेबसी की तस्वीर लग रही है। फुटपाथ तो कब का कब्जे में जा चुका है, अब तो स्टेट हाईवे भी दुकानदारों की गिरफ्त में है। फल बेचने वालों ने ऐसा कब्जा किया है जैसे उन्हें किसी मंत्रालय से स्थायी पट्टा मिल गया हो।

आम जनता का हाल ऐसा है कि बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक जान हथेली पर लेकर सड़क पार कर रहे हैं। स्कूल के मासूम बच्चे जहां फुटपाथ पर चलने की उम्मीद करते हैं, वहां उन्हें ठेले और तराजू मिलते हैं। मजबूरी में उन्हें गाड़ियों के बीच से निकलना पड़ता है ख्र और प्रशासन आंखों पर पट्टी बांधे सोया पड़ा है। जाम की स्थिति रोजाना की कहानी हो गई है। कभी ट्रैक्टर फंसे, तो कभी एंबुलेंस का हॉर्न चीखता रह जाए ख्र फर्क किसी को नहीं पड़ता। सवाल ये नहीं है कि सड़क पर मंडी क्यों लग रही है, सवाल ये है कि षजिम्मेदारष आखिर कब जागेंगे? या फिर वाकई किसी 'विपत्ति' के आने का इंतजार है? जनता पूछ रही है ख्र ष्अधिकारी साहब! क्या हादसे की घड़ी ही अब कार्यवाही की घड़ी बनेगी?

# टायर फटने से स्कूल वैन पलटी चालक और हैल्पर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** टायर फटने से स्कूली वैन पलट गई और उसमें सवार चालक व महिला सहायक कर्मचारी घायल हो गई। गनीमत रही कि हादसे के वक्त वैन में कोई भी छात्र छात्रा सवार नहीं थे। लोगों ने दौड़कर वैन को खड़ा किया और घायलों को उपचार के लिसे सीएचसी में भर्ती कराया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

नगर के हाइवे स्थित एक निजी स्कूल की बस बच्चों को छोड़कर वापस आ रही थी। गाड़ी पर चालक अनिल पुत्र राम किशोर निवासी मांगूपुरा थाना रजबपुर और महिला हेल्पर सोनिया निवासी हसनपुर थी। जब वैन नगर के इंदिरा चौक व रेलवे फ्लाई ओवर के पास में वर्मा मेडिकल के सामने पहुंची तो अचानक टायर फट गया और वेन पलट गई। वैन पलटने से चालक व महिला हैल्पर घायल हो गई। हादसे के बाद मौके की ओर दौड़े लोगो ने जैसे तैसे स्कूल वैन को खड़ा किया और वैन में फंसे चालक और महिला हेल्पर को बाहर निकाला और सरकारी अस्पताल ले गए। जहां उनका उपचार किया गया। सूचना मिलने पर विद्यालय प्रबंधन के लोग भी पहुंच गए और घायलों का हाल चाल जाना।

# डीएम-एसपी ने कांवड़ मार्ग का निरीक्षण करके देखीं व्यवस्थाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता, अमरोहा/गजरौला।** श्रावण मास में कांवड़ यात्रा को सकुशल और सुगमता से पूर्ण कराने के दृष्टिगत जिला मजिस्ट्रेट निधि गुप्ता वत्स और पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने शुक्रवार को मौके पर जाकर कांवड़ मार्गों का निरीक्षण किया।

**■ श्रद्धालुओं को यात्रा में किसी तरह की न हो असुविधा: डीएम**



शुक्रवार को डीएम व एसपी ने तहसील हसनपुर के ग्राम मोहम्मदाबाद, बृजघाट राष्ट्रीय राजमार्ग पर कांवड़ियों के आने व जाने सहित अन्य यात्रियों के आवागमन हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि यातायात का प्रबंधन इस प्रकार किया जाए कि कावड़ियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो और न ही यात्रियों को। साथ ही बृजघाट पर लगने वाले जाम से बचाव के दृष्टिगत यातायात प्रबंधन और रूट डाइवर्जन के संबंध में एनएचएआई के अधिकारियों के साथ विस्तार से वार्ता कर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने गजरौला टोल प्लाजा के सीसीटीवी कंट्रोल रूम में जाकर लगे सीसीटीवी कैमरो की स्थिति को भी देखा। उन्होंने यात्रा मार्गों पर सुरक्षा इंतजामों की विस्तृत समीक्षा करते हुए बैरिकेडिंग, साफ सफाई, लाइटिंग व्यवस्था और सीसीटीवी कैमरों की स्थिति का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने इसके साथ ही सभी तैयारियां पहले से ही पूरी करने के निर्देश दिए ताकि श्रद्धालुओं को यात्रा में किसी तरह की असुविधा न हो। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने यात्रा मार्गों पर सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रखने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदोरिया, क्षेत्राधिकारी अंजलि कटारिया सहित नेशनल हाईवे के अधिकारी और थानाअध्यक्ष मौजूद रहे।

# ट्रैक्टर पर खड़े होकर किया जानलेवा स्टंट



## सीओ ने किया घटना से इन्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा।** थाना क्षेत्र के गांव में युवाओं का चलते ट्रैक्टर पर बैठकर अर्धनग्न होकर स्टंट करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। वायरल वीडियो में कुछ युवक अर्धनग्न होकर चलते ट्रैक्टर की सीट एवं ट्रैक्टर पर खड़े होकर स्टंट कर रहा हैं। यह जानलेवा स्टंट इंस्टाग्राम एवं फेसबुक पर फॉलोअर्स बढ़ाने के चक्कर में किया जा रहा है। वायरल वीडियो में युवक जान हथेली पर रखकर स्टंट कर रहे हैं। उन्हें तनिक भी अपनी जान की परवाह नहीं है। हालांकि पुलिस द्वारा समय-समय पर स्टंटबाज युवकों के खिलाफ कार्यवाही की जाती है। लेकिन रील बनाने के चक्कर में युवक अपनी जान जोखिम में डालने से बाज नहीं आ रहे हैं। वह जमकर यातायात नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। इस मामले में पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत ने बताया कि वायरल वीडियो का मामला जानकारी में नहीं है। अगर ऐसा है तो जांच पड़ताल कर कार्यवाही की जायेगी।

# सभासद करा रहा मंदिर व धर्मशाला पर कब्जा

## शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** लोगों ने सभासद पर मंदिर व धर्मशाला की जमीन पर अवैध कब्जा कराने का आरोप लगाया है। शिकायत के बाद भी आरोपी पर कार्रवाई नहीं की जा रही। जिससे लोगों में रोष है।

मामला नगर के मौहल्ला कालां कुआं का है। यहां प्राचीन पिपलेश्वर महादेव मंदिर है। इसी से सटी खत्री धर्मशाला भी है। यहां अधिकांश खत्री व पंजाबी समाज के लोग ही रहते है। महिलाएं प्रतिदिन मंदिर में पूजा अर्चना करने आती है। खत्री मनोज टंडन ने बताया कि उनके पूर्वजों ने एक भूखंड खत्री धर्मशाला के रूप में निर्मित कराया था। जिसमें एक गौशाला भी संचालित है। परन्तु सभासद व उसके साथ कुछ लोग मंदिर व धर्मशाला पर अवैध कब्जे का प्रयास करने में लगे है। धर्मशाला को तोड़कर उस पर कब्जे का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नगर पालिका और राजस्व विभाग के अभिलेखों में उक्त सम्पत्ति मंदिर व धर्मशाला के रूप में दर्ज है। सभासद व उसके साथियों की शिकायत भी पुलिस से की जा चुकी है। परन्तु अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। जिस कारण इनके हौंसले बुलंद है।

# रोडवेज स्टैंड में गंदगी पर भड़के एआरएम

## सफाई कर्मी को जमकर हड़काया

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** नगर के गजरौला अड्डे पर स्थित राजकीय रोडवेज बस स्टैंड का सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शौचालय में गंदगी को देख उनका पारा चढ़ गया। रोडवेज बस स्टैंड पर तैनात सफाई कर्मी की जमकर क्लास लगाई।

राजकीय रोडवेज बस स्टैंड का शुक्रवार को सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक केसी गौड़ ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान रोडवेज बस स्टैंड में स्थित शौचालय में गंदगी देख सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक भड़क गये। उन्होंने जमकर सफाई कर्मी प्रेम सिंह की क्लास लगाई। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि रोडवेज परिसर एवं शौचालय में गंदगी को



किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इसके अलावा उन्होंने रोडवेज बस स्टैंड पर उगी हुई घास को हटवाने के अलावा पेयजल, यात्रियों के बैठने की सुविधा आदि व्यवस्थाओं को भी देखा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि अगर किसी प्रकार की शिकायत मिलती है तो कार्यवाही की जायेगी।

# कान्हा गौशालाओं में लगाएं सीसीटीवी कैमरे: डीएम

## गौवंश के सरंक्षण में लापरवाही न बरतें

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि गौवंशों के संरक्षण पर किसी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जायेगी। उन्होंने कान्हा गौशाला जोया व मंडी धनौरा में दस दिन के अंदर सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश भी दिये।

कलक्ट्रेट सभागार में डीएम निधि गुप्ता वत्स ने गौवंश संरक्षण एवं गौशालाओं के संबंध में समीक्षा की। उन्होंने कहा कि गौवंश संरक्षण प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में है। इस काम में किसी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जायेगी। उन्होंने कहा कि वर्षा ऋतु में हसनपुर के गांव मंगरौली व साथलपुर में पानी की व्यवस्था को ठीक करते रास्ते पर भराव डाला जाये। आकाशीय बिजली से बचाव के लिये लाइटनिंग कंडक्टर लगाये जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि कान्हा गौशाला जोया व मंडी धनौरा में दस दिन के अंदर सीसीटीवी कैमरे लगाये जाये। उन्होंने खंड विकास अधिकारियों व पशु चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिये कि वह प्रत्येक सप्ताह गौशाला का निरीक्षण कर रिपोर्ट दें। इस मौके पर सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र, एडीएम बृजेश त्रिपाठी, एसडीएम शशिभूषण पाठक, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी आभा दत्त मौजूद थे।



# भाकियू ने दी समिति पर तालाबंदी की चेतावनी

## गन्ना भुगतान लटका, किसान बेहाल, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** गन्ना किसानों की पीड़ा एक बार फिर सड़कों पर आ गई है। 2024-25 गन्ना सत्र का भुगतान न मिलने से नाराज भारतीय किसान यूनियन (असली) ने सरकार और मिल प्रबंधन पर सवाल खड़ा कर दिया है। तहसील मुख्यालय पर एसडीएम विभा श्रीवास्तव को सौंपे ज्ञापन में किसानों ने साफ कहा है। अगर आठ जुलाई तक भुगतान नहीं हुआ, तो नौ जुलाई को सहकारी गन्ना समिति धनोरा की तालाबंदी कर जोरदार धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

भाकियू मंडल अध्यक्ष डूंगर सिंह ने कहा, षकिसान आज सिर्फ गन्ना नहीं उगा रहा, बल्कि अपनी उम्मीदें और भविष्य उगा रहा है। लेकिन बेव शुगर मिल की उदासीनता ने उसे आर्थिक अंधकार में झोंक दिया है।ष उन्होंने कहा कि किसान आज रोजमर्रा के खर्चों से टूट चुका है। बच्चों की स्कूल फीस, किताबें, खेती की तैयारियां ख्र हर मोर्चे पर किसान संघर्ष कर रहा है, लेकिन भुगतान की राह में सिर्फ आश्वासन हैं, समाधान नहीं। किसान नेता



नरेश कुमार, देशराज सिंह, जसपाल गिल, दिनेश प्रधान, जुल्फेकार मलिक, शाकिर अली, नवी हसन आदि ने भी एक सुर में चेताया कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन का दायरा और उग्र होगा। किसानों ने सवाल किया ख्रष्जब हमने गन्ना समय पर मिल को दिया, तो भुगतान देर से क्यों?ष क्या सरकार और मिलें सिर्फ बजट में किसान का नाम लेती हैं? या फिर ये केवल चुनावी मुद्दा बन कर रह गया है? अब देखना यह होगा कि प्रशासन और शुगर मिल समय रहते चेतते हैं या फिर किसान एक बार फिर सड़क से समाधान की राह खोजने को मजबूर होंगे

# युवक से मारपीट में तीन पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** बाइक सवार के साथ मारपीट किये जाने के मामले में पुलिस ने तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव बसेड़ा खुर्द निवासी मनीष पुत्र सूरजभान 2 जुलाई को अपनी बाइक से पड़ोसी गांव शेरगढ़ को जा रहा था। रास्ते में गांव के आकाश छोटू व अज्ञात ने रोक लिया तथा उसके साथ गाली-गलौज करते हुए पिटाई कर दी थी। जिससे वह घायल हो गया था। मनीष का आरोप था कि दबंगों ने उसे जान से मारने की भी धमकी दी थी। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है

# प्रधान को पीटने में चार पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** प्रधान के साथ गाली गलोंच कर मारपीट किये जाने के मामले में पुलिस ने 4 के खिलाफ मुक. दमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव अगरौला कलां के प्रधान रिफाकत पुत्र शराफत अली के साथ 1 जुलाई को गांव के महिपाल पुत्र करन सिंह मुनेश देवी पत्नी महिलाल प्रदुयूम पुत्र महिलाल अक्षय पुत्र महिलाल ने गाली गलौज करते हुए मारपीट की थी। प्रधान के शरीर पर कई जगह चोटे लगी थी। प्रधान का कहना था कि उसकी गाड़ी को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। पुलिस ने प्रधान की तहरीर पर चारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# स्कूल विलय के विरोध में सड़क पर उतरे शिक्षक

**सरकार के इस फैसले के खिलाफ भरी हुंकार**




शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** सड़कों पर शुक्रवार को शिक्षकों का सैलाब उमड़ पड़ा। परिषदीय स्कूलों के विलय के विरोध में शशिक्षा बचाओ मोर्चाश के बैनर तले शिक्षकों ने गांधी उद्यान से बाइक रैली निकाली। यह रैली सरकार के उस फैसले के खिलाफ है, जिसमें 50 से कम छात्रों वाले विद्यालयों को दूसरे स्कूलों में विलय करने की योजना है। शिक्षकों का कहना है कि यह फैसला शिक्षा व्यवस्था को सुधारने की बजाए उसे और कमजोर करेगा।

रैली का नेतृत्व कर रहे प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष नरेश गंगवार ने कहा कि यह तो बस शुरुआत है। अगर सरकार ने हमारी मांगों पर ध्यान नहीं दिया और जबरन विलय थोपने की कोशिश की, तो बरेली से लखनऊ तक और बड़े आंदोलन किए जाएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारी शिक्षकों पर विलय के लिए सहमति देने का दबाव बना रहे हैं, जो पूरी तरह अनुचित है। उन्होंने कहा कि सरकार का यह कदम शिक्षा व्यवस्था को बर्बाद करने वाला है।

विरोध प्रदर्शन में केवल शिक्षक संगठन ही नहीं, बल्कि विभिन्न ट्रेड यूनियन, सामाजिक संगठन और छात्र संगठन भी एकजुट होकर शामिल हुए। सभी ने एक सुर में सरकार के इस निर्णय का पुरजोर विरोध किया। गांधी उद्यान से शुरू हुई यह बाइक रैली चौकी चौराहा, चौपुला महादेव पुल, सिटी, किला पुल से होते हुए मिनी बाइपास, इज्जतनगर ओवर ब्रिज, आईवीआरआई, डेला पीर चौराहे, स्टेडियम और श्यामगंज से वापस गांधी उद्यान पर समाप्त हुई। रैली के दौरान शिक्षकों ने हाथों में तख्तियां और बैनर ले रखे थे, जिन पर विलय विरोधी नारे लिखे थे। पूरे मार्ग पर शशिक्षा बचाओश, शविलय बंद करोश, शशिक्षकों का उत्पीड़न बंद करोश जैसे नारे गूंजते रहे, जिससे शहर में एक जोरदार संदेश गया।

### बरेली के 617 विद्यालयों किए जाएंगे विलय

बेसिक शिक्षा विभाग ने बरेली जिले के 617 विद्यालयों को विलय के लिए चिह्नित किया है। इनमें से चौंकाने वाली बात यह है कि 153 स्कूलों के विलय पर प्रारंभिक मुहर भी लग चुकी है। सरकार का तर्क है कि 50 से कम छात्रों वाले विद्यालयों को बड़े स्कूलों में मिलाकर बेहतर संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे, लेकिन शिक्षक इस तर्क को सिरे से खारिज कर रहे हैं।

उनका मानना है कि यह कदम न केवल छोटे स्कूलों को बंद करेगा, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की पहुंच को भी प्रभावित करेगा, और शिक्षकों को दूरस्थ स्थानों पर जाने के लिए मजबूर करेगा। शिक्षकों का कहना है कि यह केवल स्कूलों को बंद करने का एक बहाना है, जिसका सीधा असर गरीब और वंचित छात्रों पर पड़ेगा।

# किसानों को उर्वरक में न आए कोई कमी: डीएम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** शुक्रवार को डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में जनपद में उपलब्ध उर्वरकों के वितरण की समीक्षा बैठक का आयोजन विकास भवन के सभागार में किया गया।



डीएम अविनाश सिंह द्वारा सभी को निर्देश दिए गए कि जनपद के किसानों को कोई भी उर्वरक के साथ कम मांग वाले उत्पाद की टैगिंग नहीं की जाए, सभी उर्वरक निर्धारित मूल्य पर ही बिक्री किए जाएं, किसानों को उनकी कृषिजोत के आधार पर उर्वरक दिया जाए, अधिक मात्रा में एक ही कृषक को उर्वरक नहीं दिया जाए, विक्रेता जिन किसानों को उर्वरक दे रहे हैं उसका पूरा विवरण अपने पास सुरक्षित रखें, और निरीक्षण के समय निरीक्षण कर्ता अधिकारी को प्रस्तुत करें। बिक्री केंद्र पर उपलब्ध उर्वरक की मात्रा का विवरण और उसकी बिक्री दर नोटिस बोर्ड पर अवश्य लिखें। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता को मुख्य विकास अधिकारी देवयानी ने निर्देश दिए कि नैनो यूरिया और नैनो डीएपी को प्रचलन में लाने के लिए गांव-गांव तथा न्याय पंचायत पर जाकर पंचायत कर्मी और अपने स्टाफ के साथ किसानों के खेत पर प्रदर्शन लगवाएं। ड्रोन के माध्यम से नैनो यूरिया और डीएपी का स्प्रे करवाएं। मुख्य विकास अधिकारी देवयानी द्वारा यह भी निर्देश दिए गए कि यदि कोई कंपनी डिस्ट्रीब्यूटर या रिटेलर समिति का सचिव ओवर रेटिंग करता हुआ टैगिंग करता हुआ या कालाबाजारी करता हुआ पाया जाता है या कोई शिकायत प्राप्त होती है तो उसके विरुद्ध जिला प्रशासन और कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी।

इस दौरान बैठक में मुख्य विकास अधिकारी देवयानी, जिला कृषि अधिकारी ऋतुषा तिवारी, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता बृजेश सिंह सहित सभी उर्वरक प्रदायकर्ता कंपनी के प्रतिनिधियों थोक उर्वरक व्यापारी फुटकर उर्वरक विक्रेता और सहकारी समितियों के प्रभारियों ने प्रतिभाग किया।

# प्रेम प्रसंग में तमिलनाडू से यूपी पहुंची युवती, दी पुलिस को तहरीर

शाह टाइम्स संवाददाता

**फतेहगंज पश्चिमी।** गांव मड़ौली के युवक का तमिलनाडु की महिला पहले प्रेम प्रसंग हुआ।दोनो ने शादी की बच्चा भी हुआ।करीब दो साल बाद महिला को छोड़कर अपने गांव लौट आया।शुक्रवार को युवक की तलाश में महिला ने थाना पहुंचकर युवक के खिलाफ तहरीर देकर न्याय की मांग की है।महिला दरोगा उसे लेकर गांव गए।लेकिन युवक और उसके परिजन घर में ताला डालकर फरार हो गए।



जानकारी के मुताबिक गांव मड़ौली निवासी राजेश करीब दो साल पहले तमिलनाडु काम करने गया था।वहां उसका तमिलनाडु के थाना वेलाचारी विजयनगर निवासी अनुकुमारी से प्रेम प्रसंग हो गया। नजदीकियां बढ़ने पर दोनों ने 12 फरवरी 2023 को हिन्दू रीति रिवाज से शादी कर ली। अनुकुमारी ने शुक्रवार को थाना पहुंचकर पुलिस को बताया दोनो से 16 जून 2025 को अस्पताल में ऑपरेशन से एक बच्चे का जन्म हुआ है।आरोप है राजेश दो दिन बाद ही इस बच्चे को जहर देकर मारना चाह रहा था। उसने प्रयास भी किया था, लेकिन उन्हें भनक लग गई, जिससे बच्चा बच गया। उसने बच्चे को मारने के प्रयास को लेकर जब नाराजगी जताई।जिस पर वह अगले दिन ही नकदी और लाखों के सोने चांदी के जेवरात लेकर भाग आया ।वह उसकी तलाश में यहां आ गई।

महिला अनुकुमारी की तहरीर पर महिला दरोगा शाम को पीड़िता को लेकर युवक राजेश की तलाश में गांव गई, लेकिन आरोपी युवक घर में ताला डालकर परिजनों समेत घर से फरार हो गया। फिलहाल महिला रुकी है।थाना प्रभारी सुरेंद्र पाल सिंह ने बताया महिला की तहरीर पर पुलिस गांव गई थी। युवक फरार हो गया है।उसकी तलाश की जा रही है।

# टीबी मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत क्षय रोगियों को अधिकारियों ने लिया गोद

**क्षय रोगियों के उपचार पूर्ण होने तक प्रत्येक माह अधिकारियों द्वारा पोषण पोटली का किया जाएगा वितरण**




शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** शुक्रवार को डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में टीबी मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत क्षय रोगियों को गोद लेने के सम्बन्ध में कार्यक्रम कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुआ।

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा किये गये आवाहन के क्रम में टीबी मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत निक्षय मित्र पहल हेतु क्षय रोगियों को जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों द्वारा गोद लेकर उनके अच्छे पोषण के लिये प्रत्येक माह पोषण पोटली प्रदान करने का कार्य किया जा रहा है।

इसके अन्तर्गत आज कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में अधिकारियों द्वारा टीबी रोगियों को पोषण पोटली वितरित की गयी। वितरण करने वाले अधिकारियों में जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी व अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जीएमडीआईसी, कार्यक्रम अधिकारी, समाज कल्याण अधिकारी शामिल रहे।

इसपर डीएम ने बताया कि जनपद में राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत क्षय रोगियों को गोद लेकर उनको उपचार पूर्ण होने तक प्रत्येक माह पोषण पोटली का वितरण निर्धारित अधिकारियों द्वारा किया जाएगा। यदि किसी मरीज का राशन कार्ड नहीं बना है तो वह अपना आवेदन दे दें, उनका राशन कार्ड बनवाने हेतु आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करायी जाएगी। यदि किसी का खाता नहीं खुला है या खाते की डिटेल नहीं दी है, तो जल्द से जल्द स्वास्थ्य विभाग को उपलब्ध करा दें, जिससे उनके खाते में धनराशि अंतरित की जा सके।

डीएम ने समस्त अधिकारियों से आवाहन किया कि गोद लिये गये समस्त क्षय रोगियों को उपचार चलने तक प्रत्येक माह पोषण पोटली उपलब्ध कराते रहें, जिससे कि क्षय रोगियों को अच्छा पोषण मिल सके एवं वह शीघ्र स्वस्थ हो सकें। पोषण पोटली के अन्तर्गत मूँगफली 01 किग्रा०, भुना चना 01 किग्रा, गुड़ 01 किग्रा, सत्तू 01 किग्रा, दाल 01 किग्रा, अन्य न्यूट्रिशिनल सप्लीमेंट 01 किग्रा (यथा हार्लिक्स, बॉर्नवीटा आदि) प्रदान किये गए।

मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में 8653 क्षय रोगियों को गोद लिये जाने हेतु सहमति प्राप्त की गई है, जिसमें 6137 क्षय रोगियों को पोषण पोटली प्रदान की गई। साथ ही राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के विभिन्न सूचकांकों की वस्तु स्थिति से अवगत कराया गया।

## एक नजर

### राष्ट्रीय राजमार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक हुआ घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**फतेहगंज पश्चिमी।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर गांव थानपुर के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक गंभीर घायल हो गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने राहगीरों और परिजनों की मौजूदगी में एंबुलेंस के द्वारा अस्पताल भेज दिया है।जहां उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार कस्बा के मोहल्ला नई वस्ती निवासी ओमकार दूध का व्यवसाय करते है।शुक्रवार सुबह वह गांव मोहम्मदगंज से दूध लेकर घर लौट रहे थे। राष्ट्रीय राजमार्ग पर गांव थानपुर के पास अनियंत्रित अज्ञात वाहन ने पीछे से उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।हादसे में वह गंभीर घायल हो गए।बेसुध हालत में पुलिस ने राहगीर और परिजनों की मौजूदगी में एंबुलेंस के द्वारा बरेली निजी अस्पताल भेज दिया है।जहां उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है।

### रूहानी इलाज के नाम पर ठग लिए सोने के जेवर, मुकद्दमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**शीशगढ़।** घर पर काले साये का असर बताकर ग्रामीण से कुछ लोगों ने दो तोले सोने के जेवर व बर्तन ठग लिए। सोना व बर्तन वापस मांगने पर ठगों ने ग्रामीण को जान से मारने की धमकी देकर घर से भगा दिया। ग्रामीण की शिकायत पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। कस्बे के मोहल्ला तालाब निवासी साजिद पुत्र माजिद ने बताया कि कुछ वर्षों से उनकी तबीयत खराब रहती है। तबीयत खराब होने की बात उन्होंने अपने परिचित कस्बे के मोहल्ला नई बस्ती निवासी शकील पुत्र सिद्दीक को बताई। आरोप है कि शकील ने उनके घर पर हवाओ का काला साया होने की बात बताकर अपने परिचित नूर मोहम्मद व युनुस निवासी रुद्रपुर ( उत्तराखंड) व इरफान पुत्र अलनूर निवासी ग्राम जाफरपुर से इलाज कराने को कहा। उपरोक्त ने इलाज के लिए दो तोला सोने के जेवर, पांच बर्तन व पांच रंग की मिठाई लाकर अपने बताए हुए स्थान पर रखने को कह कर वापस भेज दिया। ग्रामीण का आरोप है कि उक्त सामान रखने के बाद वापस नहीं मिला। उपरोक्त से अपना समान वापस मांगने पर उन्होंने ग्रामीण को जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। पुलिस ने उपरोक्त के विरुद्ध मुकद्दमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### किशोरी बरामद, आरोपी फरार

शाह टाइम्स संवाददाता

**शीशगढ़।** थाना क्षेत्र के एक गाँव निवासी अपहृत किशोरी को पुलिस ने शीशगढ़ वस अड्डा से बरामद कर लिया जबकि आरोपी पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल रहा। प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह ने बताया कि 1 जुलाई की रात्रि को एक ग्रामीण की 13 वर्षीय बेटी जो कि कक्षा 8 की छात्रा है।जिसको अपना नाम आरिफ व गदरपुर का निवासी बताने बाला युवक वहला फुसलाकर भगा ले गया था । पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर किशोरी की तलाश में पुलिस टीम को लगाया था। पुलिस ने किशोरी को बरामद कर मेडिकल परीक्षण को भेज दिया। फरार आरोपी की तलाश में पुलिस ने दविस दी है। आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

### जिनका काम सांप पकड़ना था, भक्तों ने उन्हें देश पकड़ा दिया, पोस्ट करने वाले के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** कस्बे की ऐडवोकेट कॉलोनी के रहने वाले आकाश जाटव द्वारा की गई एक पोस्ट पर पुलिस ने कड़ा रुख अख्तियार करते हुए उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। कस्बे के रहने वाले हरदयाल सागर के पुत्र आकाश जाटव ने अपनी फेसबुक पर एक आपत्ति जनक पोस्ट कर डाली। अपनी इस पोस्ट में उसने लिखा है कि जिनका काम सांप पकड़ना था, भक्तों ने उन्हें देश पकड़ा दिया। एक दूसरी पोस्ट में उसने लिखा था कि अमेरिका की कुल जनसंख्या 32 करोड़ है, और हमारे पास तो देवी देवता ही 33 करोड़ है, फिर भी हम अमेरिका से इतना पीछे क्यों, बोलो भक्तों। पुलिस ने इन पोस्टों का संज्ञान लेकर इसकी जांच उप निरीक्षक दिनकर को सौंपी। उप निरीक्षक दिनकर ने जांच करने के बाद आरोपी की इन पोस्टों को आपसी सौहार्द बिगाड़ने वाला मानते हुए आकाश जाटव के खिलाफ धारा 353(2) के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### दामाद ने ससुर को मारा चाकू

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** कस्बे से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक दामाद ने दरिंदगी की सारी हदें पार करते हुए दिन दहाड़े अपने ससुर पर चाकू से जानलेवा हमला कर डाला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां से चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक थाना हाफिजगंज के अहमदाबाद गांव के रहने वाले श्याम लाल राठौर ई-रिक्शा चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। गुरुवार को भी श्याम लाल हर रोज की तरह ई-रिक्शा लेकर निकले। नवाबगंज बाईपास पर सवारियां बिठा रहे थे कि अचानक श्याम लाल के दामाद सतीश राठौर ने अपने ससुर पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। हमला होते ही वहां भगदड़ मच गई, स्थानीय लोग इकट्ठा हुए तो आरोपी अपने ससुर को खून से लथपथ छोड़कर धमकी देते हुए फरार हो गया। मालूम हो दामाद और ससुर का पुराना घरेलू विवाद लम्बे समय से चल रहा है। श्याम लाल ने अपनी बेटी का विवाह नगर के मोहल्ला भट्टा पहलवान में सतीश राठौर के साथ किया था। सतीश राठौर का अपनी पत्नी से घरेलू विवाद चल रहा है, जिससे नाराज सतीश राठौर के ससुर ने अपनी पुत्री को अपने घर रोक लिया है। जिससे नाराज सतीश राठौर ने अपने ससुर को रास्ते से हटाने की सोचकर ही उन पर हमला किया। पुलिस ने बताया कि अभी घायल की तरफ से कोई तहरीर नहीं दी गई है। घायल की हालत गंभीर देखकर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

# संचारी रोग चूहा-छछूंदर नियंत्रण अभियान के अन्तर्गत गोष्ठी आयोजित



शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेडी।** कृषि रक्षा इकाई बहेड़ी द्वारा संचारी रोग चूहा- छछूंदर नियंत्रण अभियान के अंतर्गत ग्राम पतरासी में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें प्रभारी कृषि रक्षा इकाई बहेड़ी इंद्रपाल सिंह ने किसानों को बताया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान 01 जुलाई 2025 से 31 जुलाई 2025 तक प्रत्येक गांव में आयोजित किया जाएगा। इकाई प्रभारी इंदपाल सिंह द्वारा बताया गया कि चूहा-छछूंदर से होने वाले रोग जैसे स्क्रब टायफस तथा लैपटोस्पारोसिस नामक बीमारियां होती हैं, इसे कैसे बचाव किया जाए। प्रभारी इंद्रपाल सिंह ने बताया कि सबसे पहले हम चूहों के बिलों को देखकर पहचान कर लें फिर बिलों पर निशान देही करके 40 से 50 ग्राम भुने हुए चने या गेहूं के दाने आदि को जिंक फास्फाइड दवा 10 ग्राम को 4-5 बूंदे सरसों के तेल में मिलाकर बिल पर रख दें, ताकि चूहा-छछूंदर बिल से निकलकर जब यह विषाक्त भोजन खाएगा, तो मर जाएगा। इसके अलावा एल्युमिनियम फास्फाइड दवा की 4-5 ग्राम मात्रा को बिलों के अंदर डालकर ऊपर से बिलों को बंद कर दें। सहायक विकास अधिकारी (कृषि रक्षा) राणा प्रताप ने बताया कि प्रकृति में पाए जाने वाले जीव जैसे बिल्ली, सांप, उल्लू, लोमड़ी, बाज एवं चमगादड़ आदि जीवों द्वारा चूहों को भोजन के रूप में प्रयोग किया जाता है, चूहा हमेशा अधिकतर अपना बिल झाड़ियां फूलों एवं मेडों पर बनाते हैं, खेतों एवं घरों में समय-समय पर निरीक्षण कर साफ-सफाई करके इनकी संख्या को नियंत्रित किया जा सकता है, और चूहेदानी का प्रयोग करके भी नियंत्रण किया जा सकता है। गोष्ठी में ग्राम एवं ग्राम से बाहर से आयें कृषक नन्हेलाल, खेमकरण, बाबूराम, तुलाराम, छेदा लाल, नेत्रपाल, करन सिंह गंगवार आदि कृषक मौजूद थे। गोष्टी के अंत में सभी कृषकों का इकाई प्रभारी इंद्रपाल सिंह ने आभार व्यक्त करके गोष्ठी समाप्त करने की घोषणा की।

# पुलिस ने पति समेत नौ लोगों के खिलाफ संगीन धाराओं में दर्ज किया मुकदमा

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला शाहगढ़ की रहने वाली पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसका निकाह मुस्लिम रीति रिवाज से दिनांक 30 अप्रैल 2024 को मो० आसिफ पुत्र मोहम्मद रफीक निवासी मोहल्ला शाहगढ़ कोतवाली बहेड़ी जिला बरेली के साथ हुआ था। दोनों ने प्रेम विवाह किया था। इसलिए शुरू से ही पीड़िता के ससुराल वाले उससे खुश नहीं थे, और बात-बात पर उसको भगोड़ी कहकर जलील करते थे, और दहेज के ताने देते थे कि हम अपने लड़के की शादी करते तो हमें 10 लाख रुपये मिलते। पीड़िता यह सोचकर सब कुछ बर्दाश्त करती रही कि भविष्य में सब कुछ ठीक हो जायेगा। इस बीच वह मो० आसिफ के संसर्ग से गर्भवती हो गयी, उस समय वह 4 माह की गर्भवती थी। यह बात ससुरालीजन को पता चली तो वह लोग खुश होने के बजाए आग बबूला हो गये, और पीड़िता को एक राय होकर दिनांक 10.06.2025 को समय करीब सुबह 10 बजे उसके पति मो. आसिफ, जेठ रेहान व इमरान, ननद तरन्नुम एवं तराना, सास साबरी, ससुर मोहम्मद रफीक पुत्र सददीक, जेठानी नाजरीन पत्नी रेहान व आसिया पत्नी इमरान ने बहुत बुरी तरह जमीन पर खचेड़-खचेड़ कर मारा पीटा, पीड़िता के दोनों जेठों ने उसके हाथ पकड़े व पति मो० आसिफ ने उसके पेट पर लात मारी, जिससे उसके पेट में गम्भीर चोट आयी, और हालत बिगड़ गयी। तब उपरोक्त ससुराली. जन एक राय होकर पीड़िता को बहेड़ी के एक प्राइवेट अस्पताल में ले गए, जहां उसको भर्ती कराया, लेकिन जब पीड़िता की हालत में कोई सुधार नहीं हुआ तो पीड़िता को रेशमा अस्पताल बहेड़ी ले गये, जहां उसका गर्भपात करा दिया, और गर्भपात के बाद उसको इस डर से बंधक बना लिया कि पीड़िता के ससुरालीजनों के खिलाफ कोई कार्यवाही न कर सके।

उसके बाद पीड़िता को ससुराली. जन बात-बात पर मारपीट करते थे। उसका मोबाइल छीन लिया, और उसको किसी से बातचीत नहीं करने देते थे। दिनांक 20.06.2025 को पीड़ित मौका पाकर अपनी ससुराल से अपने मायके भाग आयी। जब यह बात उसके पति मो० आसिफ को पता चली तो उसने पीड़िता के मायके में फोन किया, और उससे माफी मांगी तथा कहा कि वह कचहरी से पक्के समझौते के कागज बनवाकर उसे अपने साथ रखेगा। दिनाक 01.07.2025 को मो० आसिफ पीड़िता के मायके आया, और उसको तहसील ले जाकर एक सादे स्टाम्प पर हस्ताक्षर करा लिए, पीड़िता ने बताया कि वह अनपढ़ है, केवल हस्ताक्षर करना जानती है। उसने अपने पति की बात पर विश्वास करके उक्त स्टाम्प पर हस्ताक्षर कर दिये। उक्त स्टाम्प पर हस्ताक्षर कराकर वह उसको तहसील पर ही छोड़ गया।

इसके बाद उसने पीड़िता को फोन पर बताया कि उसने उसको तीन तलाक दे दी है, और उसी पर तेरे हस्ताक्षर कराये थे। पीड़िता यह सुनकर सन्न रहे गयी। मजबूर होकर वह अपनी रिपोर्ट लिखाने कोतवाली पहुंची, और पति व उपरोक्त ससुरालीजन के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर सख्त कार्यवाही करने की मांग की। जिसपर पुलिस ने पति समेत नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# बरेली पुलिस ने असली मालिकों को लौटाए 50 लाख के 266 गुम मोबाइल

**चेहरे पर लौटी मुस्कान, सात सिपाही भी हुए सम्मानित**



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** पुलिस की सर्विलांस सेल और थानों की टीम ने मई महीने में जिलेभर से गुम हुए कुल 266 मोबाइल फोन ढूंढ निकाले, और शुक्रवार को उनके असली मालिकों को सौंप दिए। इन मोबाइलों की कुल कीमत लगभग 50 लाख रुपये आंकी गई है।

रिजर्व पुलिस लाइन स्थित रविंद्रालय सभागार में एसपी उत्तरी मुकेश चंद्र मिश्रा ने मोबाइल स्वामियों को खुद उनके फोन सौंपे। मोबाइल वापस पाकर लोगों के चेहरों पर राहत और खुशी साफ झलक रही थी। लोगों ने पुलिस का धन्यवाद करते हुए कहा कि उन्होंने उम्मीद ही छोड़ दी थी, मगर मोबाइल वापस मिलना किसी तोहफे से कम नहीं है। एसएसपी अनुराग आर्य के निर्देशन में हर महीने खोए मोबाइलों की बरामदगी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत मई में सर्विलांस टीम और जिलेभर के थानों की कंप्यूटर सेल ने मिलकर सीईआईआर पोर्टल और तकनीकी मदद से मोबाइल ट्रैक किए और उन्हें मालिकों तक पहुंचाया।

मोबाइलों की बरामदगी में सबसे आगे रही पुलिस की सर्विलांस सेल, जिसने अकेले 30 मोबाइल रिकवर किए। वहीं इज्जतनगर से 17, नवाबगंज और सीबीगंज से 16-16 मोबाइल बरामद हुए। किला से 14, कोतवाली, बारादरी और भमौरा से 15-15, सुभाषनगर से 12, बहेड़ी से 13 मोबाइल पुलिस ने खोज निकाले।

मोबाइल रिकवरी में बेहतरीन काम करने वाले सात पुलिसकर्मियों को एसएसपी ने 2000 नकद और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिसमें मुकेश कुमार (थाना किला), संदीप कुमार (थाना सुभाषनगर), सोहेल खां (थाना सीबीगंज), नाजिम हुसैन (थाना भमौरा), मोहम्मद अराफात (थाना अलीगंज), जतिन सक्सेना (थाना फतेहगंज पूर्वी) और प्रीतम सिंह (थाना नवाबगंज) शामिल रहे।

### जनता का भरोसा जीत रही बरेली पुलिस

एसएसपी अनुराग आर्य का कहना है कि बरेली पुलिस आम जनता की सुरक्षा और सेवा के लिए तत्पर है। मोबाइल रिकवरी अभियान से पुलिस को जनता से सीधा संवाद बनाने का मौका मिला है। आगे भी यह मुहिम लगातार जारी रहेगी। पुलिस की यही कोशिश है कि हर पीड़ित को न्याय मिले और खोई हुई चीजें भी वापस मिलें

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

**समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।**
**मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )**
**मो0- 9456212547 8077380691**
**Email: irfanggnewslive@gmail.com**

# अनियमितताएं मिलने पर होटल सील

## बिना लाइसेंस के चल रहे दर्जनों होटल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** नगर में दर्जनों होटल ऐसे हैं जो कि बगैर लाईसेंस के चल रहे इन होटलों में आये दिन शिकायत मिलती रहती है। अधिकारियों ने होटलों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जांच कर कार्यवाही करते हुए होटल को सील कर दिया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार बिजनौर रोड पर बने निजी होटल रेस्टोरेंट पर छापा मारकर हड़कंप मच गया। होटल में तमाम सारी कमी को देखते हुए होटल को सील कर दिया है। शिवा होटल को सील करने पहुंचे। चांदपुर उपजिलाधिकारी नितिन तेवतिया के साथ तहसीलदार पंकज राणा के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम के साथ भारी पुलिस ने संयुक्त रूप शिवा होटल रेस्टोरेंट पर छापा मारा। जहां पर गंदगी के साथ-साथ अनियमितताएं सामने आई जैसे के होटल के पास फायर का न होना। नगर पालिका से नक्शा पास न होना जैसी तमाम कमी पाई गई। खाद्य विभाग का लाईसेंस न होना। छापामारी के दौरान कानूनगो हरिराज सिंह, नृपेन्द्र सिंह, अनिरुद्ध कुमार, शिवम् यादव, हल्का लेखपाल अमित तोमर के साथ भारी पुलिस बल मौजूद था। शिवा होटल की आये दिन शिकायत मिल रही थी। शिकायत मिलने पर अधिकारियों ने गंभीरता से लेते हुए। शिवा होटल रेस्टोरेंट पर छापा मारकर सील कर दिया। नगर के ज्यादातर होटल में गौरख धंधा जोरों पर चल रहा है। इन होटलों में मासूम लड़कियां अपने मां-बाप की आंखों में धूल झोंककर अपनी जिंदगी बर्बाद करने में लगी हुई है। एसडीएम नितिन तेवतिया की कार्यवाही के बाद नगर में हड़कंप मचा हुआ है। अधिकारियों के निशाने पर अभी कई होटल निशाने पर है।

# किरतपुर चोरी के आभूषणों की खरीदारी की मंडी बना

## सस्ते दामों में गहने खरीद कर कमा रहे मुनाफा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** कस्बे में लगातार बढ़ती चोरी की घटनाओं और उसके बाद चोरी के गहनों की स्थानीय स्तर पर बिक्री ने एक गंभीर सवाल खड़ा कर दिया है। क्या किरतपुर कुछ सुनारों के कारण चोरी के गहनों की मंडी बनता जा रहा है?

कुछ दिन पूर्व और हाल ही में पुलिस द्वारा की गई दो बड़ी कार्रवाइयों में यह खुलासा हुआ कि चोरी हुए आभूषणों को किरतपुर में ही बेचा गया। इससे पहले भी कस्बे की कुछ आभूषण दुकानों पर छापामार कार्रवाई की जा चुकी है, जिनमें चोरी के गहनों की बरामदगी हो चुकी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जब कोई चोर चोरी किए हुए आभूषणों को किसी दुकानदार को बेचता है तो चोर और खरीदार दोनों ही आपराधिक श्रेणी में आते है, लेकिन इन्हें किसी का खौफ नहीं है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, कुछ सुनार चोरी के गहनों को सस्ते दाम में खरीदने के लालच में चोरों के साथ खतरनाक गठजोड़ बना लेते हैं।

नगर व क्षेत्र के जागरूक लोगों का कहना था अगर सुनार चोरी के आभूषण न खरीदे, तो चोरों के हौसले पस्त हो जाए। आभूषणों की दुकान की आड़ में कुछ दुकानदार कानून की धज्जियाँ उड़ा रहे हैं और अपराधियों को संरक्षण दे रहे हैं। ऐसे दुकानदारों की पहचान कर पारदर्शिता के साथ पुलिस को कार्रवाई करनी चाहिए।

# स्योहारा में नकली दूध का कारोबार

## बीमारियों का खतरा बढ़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर और आस-पास के ग्रामीण इलाकों में इन दिनों नकली और मिलावटी दूध की सप्लाई तेजी से बढ़ रही है जिस दूध को पोषण और स्वास्थ्य का स्रोत माना जाता है। वहीं अब बीमारियों का कारण बनता जा रहा है। स्थानीय स्तर पर दूध विक्रेताओं की बल्ले-बल्ले हो रही है लेकिन जनता की सेहत के साथ हो रहा यह खेल प्रशासन की आँखों से ओझल या अनदेखा बना हुआ है

सूत्रों से मिली जानकारी और स्थानीय नागरिकों की शिकायतों के अनुसार स्योहारा क्षेत्र में डिटर्जेंट सिंथेटिक केमिकल, वनस्पति घी और यूरिया जैसे हानिकारक पदार्थों को दूध में मिलाकर खुलेआम बेचा जा रहा है। सुबह के समय मोहल्लों और गलियों में आने वाले दूधियों की टंकियों में जो दूध भरा होता है वह अधिकतर मशीन से तैयार नकली दूध बताया जा रहा है। नगर में बीते कुछ महीनों में डायरिया, पेट की बीमारियाँ, त्वचा संक्रमण और बच्चों में कमजोरी जैसी समस्याएं आम हो गई हैं। डॉक्टरों का कहना है कि इन बीमारियों के पीछे दूषित और मिलावटी दूध एक बड़ा कारण है। बच्चों, गर्भवती महिलाओं और बुजुर्गों के लिए यह दूध जहर के समान साबित हो रहा है। सबसे हैरानी की बात यह है कि स्थानीय खाद्य विभाग और प्रशासन जानकारी के बावजूद मूकदर्शक बना हुआ है। नियमित जांचें नहीं की जा रहीं न ही सैंपलिंग की जा रही है। छोटे दूध कारोबारी और मिलावटखोरों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई न होने से उनके हौसले बुलंद हैं। वहीं अब क्षेत्र में सघन जांच अभियान चलाया जाए। दूध विक्रेताओं के लाइसेंस और स्रोत की जांच हो, दोषियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। लोगों को शुद्ध दूध की पहचान और जागरूकता अभियान चलाकर जानकारी दी जाए।

स्योहारा नगर में सुबह-सुबह टैंकरों और मोटरसाइकिलों पर दूध की जो धार बहती है वह अब शुद्धता की प्रतीक गंगा नहीं बल्कि मिलावट और मुनाफाखोरी का नाला बन चुकी है। सेहत के नाम पर जहर परोसने वालों के खिलाफ अब जनता को भी जागरूक और सतर्क होने की जरूरत है।

वहीं नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है कि जब कभी खाद्य विभाग चेकिंग अभियान चलता है तो इन मिलावटखोरों के संपर्क सूत्र इतनी मजबूत होते हैं कि पहले ही इनको जानकारी मिल जाती है और सभी किसी भी सुरक्षित स्थानों पर छिप कर बैठ जाते हैं और यह पता लगते हैं कि क्या अधिकारी चले गए या नहीं उसके बाद जब अधिकारी चले जाते हैं तो फिर खाना पूर्ति का सिलसिला भी शुरू होता है। किसी एक दुकानदार पर कोई हल्की कारवाई की गई और फिर मिलावट खोरी का सिलसिला लगातार जारी होता है और अधिकारी महीनों के लिए खामोश होकर बैठ जाते हैं जो बहुत ही चिंता का विषय है।

# दस्तक व संचारी रोग नियंत्रण अभियान का प्रशिक्षण सम्पन्न



## अभियान को गंभीरता से लें : डा. स्नेही

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर अधीक्षक डॉ. बी.के. स्नेही की अध्यक्षता में आशा व संगिनी कार्यकर्ताओं को 1 से 31 जुलाई तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान और 11 से 31 जुलाई तक चलने वाले दस्तक अभियान का प्रशिक्षण दिया गया।

डॉ. स्नेही ने बताया कि अभियान के दौरान आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर बुखार, सर्दी-जुकाम, कुपोषण, टीबी, कुष्ठ रोग जैसे मामलों की सर्वे सूची बनाकर पोर्टल पर फीडिंग करेंगी। आभा आईडी बनाएंगी और घर-घर ओआरएस व जिंक वितरित करेंगी। उन्होंने साफ-सफाई, फॉगिंग, एन्टी लार्वा छिड़काव, कचरा निस्तारण और शुद्ध पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया। नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में जनजागरूकता अभियान मोहल्ला निगरानी समिति का सहयोग और खुले में शौच से मुक्ति जैसे विषयों पर भी विशेष ध्यान देने को कहा। प्रशिक्षण में नोडल अधिकारी राजेश कुमार, एनएमए शीशराम, बीपीएम शालिनी बिष्ट, डीओ राशि अनम समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी और आशा संगिनी उपस्थित रहीं।

डॉ. स्नेही ने सभी से अभियान को गंभीरता से लेने और माइक्रोप्लानिंग के अनुसार कार्य करने की अपील की है।

# नवनिर्मित सत्संग भवन का भव्य उद्घाटन

## भविष्य में अस्पताल निर्माण का भी संकल्प




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** मोहल्ला साहूवान स्थित श्रीराम मंदिर आश्रम में नवनिर्मित सत्संग भवन का उद्घाटन बुधवार प्रातः नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रवि कुमार सिंह एवं श्रीराम मंदिर आश्रम के पीठाधीश्वर महंत राधेश्याम व्यास जी महाराज ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन उपरांत दीप प्रज्वलन कर धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में आचार्य शशिकांत वशिष्ठ, आचार्य राजेंद्र प्रसाद वशिष्ठ, गौरव वशिष्ठ और सौरव वशिष्ठ द्वारा मंचासीन अतिथियों का पटका पहनाकर स्वागत किया गया। अतिथियों में पूर्व अध्यक्षराजू गुप्ता, हिन्दू युवा वाहिनी के निवर्तमान मंडल प्रभारी डॉ. एनपी सिंह, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, हरिओम शर्मा गुरुजी, डीएस चौहान, संजय शर्मा और पराग अग्रवाल शामिल रहे।

कार्यक्रम का आयोजन सनातन उत्थान सेवा संघ (पंजीकृत) के तत्वावधान में किया गया। वक्ताओं ने संस्था के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आश्रम में समय-समय पर धार्मिक अनुष्ठान कराए जाते हैं। साथ ही निर्धन कन्याओं के विवाह और शिक्षा में आर्थिक सहयोग प्रदान करना भी प्रमुख उद्देश्य है।

इस अवसर पर महंत राधेश्याम व्यास जी महाराज ने अपने आध्यात्मिक सफर की चर्चा करते हुए कहा कि 1976 में वे धामपुर आए और पंजाबी कॉलोनी स्थित शिव मंदिर में एक दशक तक सेवा की। 1988 में उन्हें साहूवान मोहल्ले में एक जीर्ण-क्षीर्ण मंदिर की सेवा करने का अवसर मिला, जहां उन्होंने नर्मदा नदी से लाया गया शिवलिंग स्थापित कर श्रीराम मंदिर की नींव रखी। उन्होंने बताया कि तीन वर्षों की कठिन तपस्या और प्रयासों के बाद सत्संग भवन का निर्माण संभव हो सका।

महंत जी ने घोषणा की कि भविष्य में धामपुर में एक निशुल्क उपचार केंद्र (अस्पताल) स्थापित करने की दिशा में कार्य किया जाएगा, जिससे स्थानीय जनता को लाभ मिल सके।

इस धार्मिक आयोजन में प्रशांत त्यागी, अनिल अग्रवाल, अशोक अग्रवाल (होंडा) सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। संच. ालन सुमित अवस्थी और आचार्य शशिकांत वशिष्ठ ने संयुक्त रूप से किया।

# विकास खंड के सभागार में विदुर ब्रांड की कार्यशाला



## महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में पूर्ण सहभागिता करें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** विकास खंड के सभागार में विदुर ब्रांड की कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें ब्लॉक प्रमुख राकेश चौधरी ने कहा कि विकास खंड क्षेत्र के अंतर्गत संचालित समूहों द्वारा बनाए जा रहे विभिन्न प्रकार के सामानों की बिक्री में व्यापारी वर्ग पूर्ण सहभागिता करें।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए ब्लॉक प्रमुख राकेश चौधरी ने कहा शासन का उद्देश्य ग्रामीण अंचलों में रहने वाली महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। इसी क्रम में उन्होंने ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा संचालित स्वयं सहायता समूहों के द्वारा ग्रामीण अंचलों में महिलाओं को विभिन्न प्रकार के सामानों का उत्पादन किया जा रहा है। जिसमें झाड़ू, चप्पल, अचार व चटनी आदि सामानों का उत्पादन किया जा रहा है। इनकी गुणवत्ता बेहतर है। साथ ही इनकी बिक्री के लिए व्यापारी वर्ग अपने प्रतिष्ठानों पर इन्हें बेचकर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में पूर्ण सहभागिता करें ताकि शासन का उद्देश्य पूरा हो सकें। उन्होंने बताया विदेश से आने वाले सामानों की बिक्री पर भी रोक लगेगी तथा स्वदेशी सामान की बिक्री बढ़ेगी।

इस अवसर पर ग्रामीण आजीविका मिशन के एडीओ दीनदयाल ने विदुर प्लांट के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही पैकेजिंग, ब्रांडिंग, वित्तीय, वितरण, गुणवत्ता की जानकारी दीं।

इस मौके पर व्यापार मंडल के अध्यक्ष कपिल शर्मा, पवन अग्रवाल, महेश, परवेज खान, ममता, नीतू, दीपा चौधरी, मंजू आदि समूह की महिलाओं ने भाग किया। कार्यशाला का संचालन परवेज अहमद ने किया।

# पुष्प निकेतन की छात्रा आरोही बनी नेशनल योगा चैंपियन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** पुष्प निकेतन स्कूल की छात्रा आरोही ने योग प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में 16 मई 2025 को आयोजित अंबेडकर नेशनल गेम्स (योगा) में आरोही ने ट्रेडिशनल योग इवेंट में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय और नगर को गौरवान्वित किया। इस सफलता के बाद आरोही का चयन राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए हुआ, जो यूनिवर्सल योगा फेडरेशन द्वारा 7 एवं 8 जून को सिलीगुड़ी (पश्चिम बंगाल) में आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता में देशभर से आए लगभग एक हजार खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। आरोही ने यहां भी शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए, अपने आयु-वर्ग में ट्रेडिशनल इवेंट में तृतीय स्थान तथा आर्टिस्टिक इवेंट में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या रश्मि रेखा ने छात्रा को बधाई दी और कहा कि यह सफलता सभी विद्यार्थियों को खेलों के प्रति प्रेरित करेगी। उन्होंने विद्यालय में योग और खेलों को और अधिक प्रोत्साहित करने की बात कही। इस अवसर पर विद्यालय के खेल विभागाध्यक्ष राजेश यादव, जयप्रकाश मिश्रा, पुष्पेंद्र चौहान सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## राहगीरों को पानी की बोतलें बांटी

**कोतवाली देहात।** इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम की याद में अंजुमन बकायये हुसैनियत का तीन दिवसीय वाटर कैंप प्रोग्राम शुरू हो गया है। कर्बला के शहीदों की याद में इस प्रोग्राम में राहगीरों के लिए पानी की बोतल का रूह अफजा शरबत, दूध, बादाम शेक तथा बिस्कुट के पैकेट आदि वितरित किये जाते हैं। यह प्रोग्राम मोहर्रम की सात तारीख से शुरू होकर आठ और नौ तारीख तक चलता है। तीन दिवसीय चलने वाले इस प्रोग्राम में रोजाना पांच से आठ हजार के लगभग पानी की बोतल वितरित की जाती है।

# लोहे के तौल तराजू पर नहीं लग रही सरकारी मोहर

## विभाग की चुप्पी से बढ़ रही कालाबाजारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में लोहे के व्यापार और तौल तराजुओं के इस्तेमाल में भारी अनियमितताएं सामने आ रही हैं। वर्षों से चली आ रही प्रक्रिया के तहत नगर पालिका एवं संबंधित विभागों द्वारा हर वर्ष लोहे के बाट और तराजुओं पर वैधता की सरकारी मोहर लगाई जाती थी ताकि आम उपभोक्ताओं को ठगी से बचाया जा सके। लेकिन बीते कुछ वर्षों से यह प्रक्रिया पूरी तरह ठप पड़ चुकी है।

आज भी बाजारों में अनमापी व बिना मोहर लगे बाटों और तराजुओं का खुलेआम प्रयोग हो रहा है। सबसे गंभीर बात यह है कि विभागीय अधिकारी इस स्थिति से भली-भांति परिचित होने के बावजूद भी चुप्पी साधे हुए हैं। बिना मोहर लगे बाटों से आम उपभोक्ता ठगे जा रहे। जब तौलने के लिए प्रयोग में लाए जाने वाले बाट और तराजू की वैधता पर प्रश्न उठते हैं तो इसका सीधा असर उपभोक्ताओं की जेब पर पड़ता है। बिना प्रमाणित बाटों से कम तौल कर अधिक पैसे वसूले जा रहे हैं, जिससे बड़े स्तर पर कालाबाजारी और मुनाफाखोरी को बढ़ावा मिल रहा है।

भारतीय विधि के तहत वजन एवं माप विभाग (Legal Metrology Department) द्वारा प्रत्येक वर्ष व्यापारियों के पास मौजूद सभी बाटों व तराजुओं की जांच कर प्रमाणित करना अनिवार्य होता है। उसके बाद विभाग द्वारा एक विशेष मुहर लगाई जाती है, जिससे उसकी वैधता तय होती है लेकिन स्योहारा क्षेत्र में यह प्रक्रिया कई वर्षों से बंद है जिससे कानून की खुलेआम अनदेखी की जा रही है।

स्थानीय नागरिकों और जागरूक समाजसेवियों का कहना है कि यह सब विभागीय मिलीभगत और भ्रष्टाचार का परिणाम है। जब तक वजन माप विभाग के अधिकारी, नगरपालिका प्रशासन और व्यापार मंडल इस पर सख्त कार्रवाई नहीं करेंगे तब तक यह बंदरबांट यूं ही चलती रहेगी। जनहित में तुरंत कार्रवाई होनी चाहिए।

यह प्रक्रिया पूर्व में लगातार हर वर्ष की जाती थी लेकिन अब कई वर्षों से इस पर कोई भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। बिना मोहर के ही उपभोक्ताओं को सामान देता जा रहा है। नगर स्तर पर तुरंत जांच कमेटी गठित की जाए। लोहे के सभी बाटों और तराजुओं की पुनः जांच व वैधता प्रमाणन किया जाए। दोषी अधिकारियों और व्यापारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। हर साल मुहर लगाने की प्रक्रिया को सार्वजनिक रूप से समय पर लागू किया जाए। यदि अब भी प्रशासन नहीं जागा तो यह लापरवाही उपभोक्ताओं के साथ अन्याय और महंगाई के बोझ को और बढ़ा देगी।


## एक नजर

### पौधारोपण अभियान का शुभारंभ



**नहटौर।** नगर पालिका प्रशासन ने 2951 पौधे रोपने के लिए बनाई गई कार्य योजना के तहत शुक्रवार को नगर पालिका परिसर से इस अभियान का शुभारंभ किया। अधिशासी अधिकारी ओम गिरी ने बताया कि इस अभियान के तहत जामुन, अनार, अमरुद, नींबू, आम आदि वैरायटी के पौधे रोपे जाएंगे। जिसमें नगर के एचएमआई इंटर कॉलेज श्याम नारायण सिंह स्मारक इंटर कॉलेज मुस्लिम कन्या इंटर कॉलेज जैन विद्या मंदिर इंटर कॉलेज और झील पार्क के अलावा दोनों ईदगाह परिसर आदि स्थानों पर पौधे रोपे जाएंगे। इस मौके पर रमेश कुमार, हर्ष जैन, कपिल कुमार, सलीम अहमद, अकरम अहमद, शाहवेज, आमिर आदि ने पौधे रौपे।

### शिविर में 150 मरीजों का परीक्षण



**धामपुर।** श्रीराम सर्वोदय हॉस्पिटल, पीपलसाना के सौजन्य से ग्राम कल्याणपुर में एक निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में अनुभवी डॉक्टरों की टीम द्वारा करीब 150 ग्रामीणों की जांच व परामर्श दिया गया। शिविर में ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन, नेत्र जांच एवं शुगर परीक्षण जैसी महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं निःशुल्क प्रदान की गईं। इसके साथ ही रोगियों को निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। इस अवसर पर डॉ. सुमित सिंह, डॉ. गौहर फैयाज एवं डॉ. वसीम ने विशेष रूप से अपनी सेवाएं दीं। शिविर के आयोजन में श्रीराम सर्वोदय हॉस्पिटल के स्टाफ सदस्य एम.एम. गिल, अंकुर कौशिक, वर्षा चौहान, कुलदीप कुमार, निशु रानी और निशा रानी ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान नसीम फातिमा अंसारी (पत्नी मोहम्मद दिलशाद) की सक्रिय सहभागिता रही। शिविर के दौरान श्रीराम सर्वोदय हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. एन.पी. सिंह स्वयं मौजूद रहे और उन्होंने ग्रामीणों को स्वास्थ्य जागरूकता के प्रति प्रेरित किया। ग्रामीणों ने इस स्वास्थ्य सेवा के लिए हॉस्पिटल टीम का आभार प्रकट किया और ऐसे शिविरों के नियमित आयोजन की मांग की।

# स्कूलों के विलय के विरोध में आसपा का प्रदर्शन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को कलक्ट्रेट के धरना स्थल पर प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार के 25 हजार से अधिक प्राथमिक विद्यालयों के विलय के फैसले का विरोध किया।

भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के प्रतिनिधि को सौंपा। उन्होंने कहा कि स्कूलों के विलय का निर्णय शिक्षा के अधिकार अधिनियम के खिलाफ है। इससे बड़ी संख्या में छात्र शिक्षा से वंचित हो जाएंगे।

कार्यकर्ताओं ने बताया कि ग्रामीण इलाकों में अभिभावकों को दूर के स्कूलों में बच्चों का दाखिला कराना पड़ेगा। भीम आर्मी ने सरकार से इस निर्णय को तुरंत वापस लेने की मांग की है।

कार्यकर्ताओं ने कौशांबी और प्रयागराज में दलित समाज से जुड़ी घटनाओं की सीबीआई जांच की मांग की। साथ ही पुलिस द्वारा समाज के युवकों का उत्पीड़न रोकने की मांग भी रखी। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

# ...बाग से बाजार तक अब लंगड़ा चलेगा

## धामपुर में मैंगो महोत्सव एवं कवि सम्मेलन बना आकर्षण का केंद्र



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** आम को यूं ही 'फलों का राजा' नहीं कहा जाता। इस बात को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ, धामपुर के तत्वावधान में तथा अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान के नेतृत्व में एक नई पहल के तहत गांव गोविंदपुर स्थित 'मुखिया बाग' में भव्य 'मैंगो महोत्सव' का आयोजन किया गया।

इस आयोजन में महासंघ के पदाधिकारियों के साथ ही बड़ी संख्या में ग्रामीणों, विद्यार्थियों, बागवानों और साहित्य प्रेमियों ने सहभागिता की। महोत्सव में आम की विभिन्न किस्मों दशहरी, लंगड़ा, चौसा, कलमी और देसी आम की जानकारी दी गई। कार्यक्रम की विशेषता रहा मुखिया बाग में आयोजित कवि सम्मेलन, जिसमें कवियों ने आम पर केंद्रित रचनाओं के माध्यम से श्रोताओं को हँसी, व्यंग्य और विचार की मिठास से सराबोर कर दिया। संचालन कर रहे डी.एस. चौहान ने अपने व्यंग्य में कहा- न डिस्को चलेगा न भंगड़ा चलेगा, बाग से बाजार तक अब लंगड़ा चलेगा! कवि सम्मेलन में डॉ. पूनम चौहान, नरेंद्र जीत 'अनाम', अनिल शर्मा 'अनिल', डॉ. सुरेंद्र सिंह राजपूत व राजकुमार वर्मा ने आम पर रचनाएं प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। समापन के अवसर पर आगंतुकों को गाय के गर्म दूध के साथ ताजे रसीले आमों का पारंपरिक स्वाद भी परोसा गया, जिसने कार्यक्रम को पूर्णता दी। कार्यक्रम के संरक्षक डॉ. लोकेन्द्र सिंह चौहान ने इसे पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य जागरूकता व ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बल देने की दिशा में एक सार्थक प्रयास बताया।

इस आयोजन को सफल बनाने में नारायण सिंह, डॉ. रवेन्द्र सिंह कुंवर, आशीष राजपूत, धनंजय सिंह, भूपेंद्र सिंह चौहान, नागेश्वर दयाल गहलोत, डॉ. आर.के. चौहान, इंजीनियर डी.बी. सिंह, अरविंद वत्स, वीरेंद्र सिंह, प्रीतम सिंह, ठाकुर रविकांत, कपिल चौहान, विजयपाल सिंह, कल्याण सिंह, सभासद संतोष राजपूत, शिशुपाल सिंह, महेश शर्मा, पंकज चौहान, नौबहार सिंह पंडित जी, वीर सिंह व सोनू बाग वाले का विशेष सहयोग रहा।

# गमे हुसैन में लहूलुहान हुए अजादार

## आठ मोहर्रम का जुलूस अजाखाना चांदसूरज से बरामद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** वक्त-ए-अस्र कर्बला से आ रही थी ये सदा, ऐ हुसैन मरहबा, ऐ हुसैन मरहबा। शहीदाने कर्बला की याद में शुक्रवार को आठ मोहर्रम का मातमी जुलूस शहर के मोहल्ला काजीजादा स्थित इमामबाड़ा चांद सूरज से बरामद हुआ। अजादारों ने जंजीर, छुर्रियों व कमा से मातम करते हुए खुद को लहुलूहान कर लिया। फिजा में देर रात या हुसैन-या हुसैन की सदाएं सुनाई देती रहीं। इमाम हुसैन और अब्बास अलमदार की शहादत को लेकर माहौल गमगीन रहा।

हुसैनी काफिले की शुरूआत सुबह नौ बजे हुई। रिवायती मर्सिया जब चले यसरिब से सिब्ते मुस्तफा सूए ईराक पढ़ा गया। यह जुलूस और दिन के जुलूसों के मुकाबले जुदा था। सबसे आगे ऊंटों का काफिला चल रहा था। सबसे आगे चल रहे एक ऊंट पर आमारी सजी हुई थी। इसके बाद रौशन चौकियां और अराईश थी। सात मोहर्रम को कर्बला में इमाम हुसैन के काफिले का पानी बंद कर दिया गया था। बच्चे भूखे और प्यासे थे लेकिन उन्होंने यजीद की बैअत को कुबूल नहीं किया। इमाम हुसैन ने अपनी शहादत देकर इस्लाम को जिंदा कर दिया। इसी मंजर को याद करते हुए जुलूस में शामिल अजादार या हुसैन-या हुसैन की सदाएं बुलंद कर रहे थे। जुलूस में अलमों की तादाद भी ज्यादा थी जो इस इमामबाड़े से निकलने वाले जुलूस की रिवायत का हिस्सा है। जुलूस के इमामबाड़ा दानिशमंदान पहुंचने पर अजादारों ने जंजीर का मातम कर खुद को लहुलूहान कर लिया। इसके बाद इमामबाड़ा बगला, शफातपोता, गुजरी, दरबारे कलां, सट्टी व हक्कानी में जंजीर, छुरियों व कमा से मातम बरपा किया गया। तयशुदा रास्तों से गुजरते हुए जुलूस देर शाम इमामबाड़ा चांदसूरज पहुंचकर संपन्न हुआ। जुलूस की वापसी का मंजर देखने के लिए मोहल्ला काजीजादा में भारी भीड़ रही। जुलूस में शामिल अजादारों के लिए शहर में कई स्थानों पर सबील व चाय का इंतजाम रहा। शहर के मोहल्ला कुरैशी स्थित अलीजान मंजिल में समाजसेवी उवैस मुस्तफा रिजवी की ओर से हुसैनी आजादारों के लिए जलपान की व्यवस्था की गई। वहीं, सुरक्षा के मद्देनजर शहर के मोहल्ला मुल्लाना में शाम के वक्त सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त रहे। पुलिस-प्रशासनिक अफसरों संग शहर के संभ्रांत लोगों ने अपनी मौजूदगी में जुलूस निकलवाया। जुलूस अंजुमन तहफ्फुज-ए- अजादारी की डीएम द्वारा नामित कमेटी में शामिल जिया एजाज नकवी, लियाकत अली, नदीम नकवी, कासिम जैदी, बाकर रजा नकवी व शहजाद रजा की निगरानी में निकला। जिसका संचालन अंजुमन-ए-रजाकाराने हुसैनी ने किया। काईद गुलाम सज्जाद, जरनल सेकेट्री खुर्शीद हैदर जैदी, इमदाद आब्दी, मोहम्मद हैदर आदि रहे।



अमरोहा। बगला के अजाखाने में जंजीरों का मातम करते अजादार।



नौगांवा सादात। आठ मोहर्रम पर जुलूस में मातम करते अजादार

# आज अब्बास अलमदार जुदा होते हैं...

## या अली मौला के बीच लब्बैक या हुसैन की सदाएं गूंजी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** बस्ती में आठ मोहर्रम का मातमी जुलूस अंजुमन- ए-आबिदिया के संयोजन में बस्ती के मोहल्ला कटकुई स्थित पीर तबारक हुसैन के मकान से शुक्रवार दोपहर बरामद हुआ। इमाम हुसैन की याद में अजादारों ने जंजीर से मातम कर खुद खून में तबरबतर कर लिया। गमगीन माहौल के दरमियान फिजा में या अली मौला के बीच लब्बैक या हुसैन की सदाओं की गूंज सुनाई देती रही।

रिवायत के मुताबिक जुलूस की शुरुआत या हुसैन-या हुसैन की सदाओं के बीच ढोल-ताशे से मातमी धुन बजाकर की गई। मोहर्रम अली ने अपने हमनवां के साथ आवाज मिलाकर आठ तारीख का खास मर्सिया आज अब्बास अलमदार जुदा होते हैं पढ़ा, जिसे सुनकर अजादारों की आंखे नम हो गईं। इसके बाद मौलाना रजा अब्बास ने अब्बास अलमदार की शहादत का वाक्या बयां किया। इसके बाद आगे बढ़े जुलूस में अली अब्बास ने रूबाई पढ़ी। इसके बाद शबीह-ए-ताबूत, जुलजनाह, व अलम मुबारक बरामद हुए। तयशुदा रास्तों से गुजरते हुए जुलूस जब राधा बीडी कंपनी पहुंचा तो मौलाना शब्बर ने जनाब औन-ओ-मोहम्मद की शहादत के मसायब बयान किए। ये सुनकर अजादारों ने या हुसैन-या हुसैन, या अब्बास-या अब्बास के नारों के साथ ब्लेड और छुरियों से मातम कर खुद को खून से तरबतर कर लिया। यहां से आगे चला जुलूस जब इमाम बारगाह शाहफरीद पहुंचा तो हजरत अब्बास की रवानगी का सफर, खेमों में वापस अलम लौटने की मंजरकशी पेश की गई। इमाम-ए-जुमा मौलाना मसरूर अब्बास ने हजरत अली अकबर का मैदान में जाकर जंग में शहीद होने का वाक्या बयां किया। जुलूस में नौहेख्वानी मंजर अब्बास, अली अब्बास, आशु, शबाब हैदर, अली आबिद व अली नवाज ने की। मेन बाजार में मशहूर रूबाई हजरत अब्बास का परचम लहराकर जंजीर का मातम करते हैं पर अजादारों ने जंजीर का मातम कर खुद को लहूलुहान कर लिया। देर शाम जुलूस तय वक्त पर इमामबाड़ा कटकुई पहुंचकर संपन्न हुआ। इस दौरान मास्टर अली हैदर, करामात अली, नूर अब्बास राना, शिबाल हैदर, हुमायूं, इकराम हैदर, शाह रजा शाही, सैय्यद अली, गौहर अब्बास, मेहर अब्बास, सैय्यद अली आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### युवती को भगाने में तीन के खिलाफ रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** थाना क्षेत्र के एक गांव से युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। युवती के पिता की तहरीर पर पुलिस ने दूसरे गांव के तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। गांव निवासी युवक का आरोप है कि गुरुवार को वह पशुओं के लिए चारा लेने खेत पर गए थे। वापस लौटे तो घर पर उनकी 19 वर्षीय पुत्री नही मिली आसपास तलाश किया लेकिन कुछ पता चला नही चला। बाद में उन्हें जानकारी हुई कि उनकी बेटी को गांव लड़ानपुर निवासी नकुल पुत्र महावीर बहला फुसलाकर भगा ले गया हैं। आरोप हैं कि भगाने में इनकी मदद लड़ानपुर निवासी अरविंद और महावीर ने भी की हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक मनीज कुमार ने बताया रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### बाइक की टक्कर से बुजुर्ग घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** सड़क पार कर रहे बुजुर्ग को बाइक ने टक्कर मार कर बुरी तरह से घायल कर दिया। बाइक सवार भी सड़क पर गिरकर चोटिल हो गया। थाना सैदनगली क्षेत्र के गांव ईशापुर शर्की निवासी बादल सिंह पुत्र गंगाराम शुक्रवार की दोपहर संभल हसनपुर मार्ग पर गांव भीकनपुर के समीप सड़क पार कर रहा था। इस दौरान तेज गति से आ रही बाइक ने बुजुर्ग को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह सड़क पर गिरकर बुरी तरह से घायल हो गया। जबके अनियंत्रित होकर बाइक के सड़क पर गिरने से सवार युवक अमानत अली पुत्र साकिब अली निवासी विलायत नगर थाना छजलेट जनपद मुरादाबाद भी घायल हो गया। ग्रामीणों ने दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए भर्ती कराया। जहां दोनों की हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। घायलों के परिजनों को भी सूचना दे दी गई थी।

### मानव जीवन बचाने को करें पौधारोपण



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** शासन के निर्देश पर चलाये जा रहे वन महोत्सव कार्यक्रम के तहत वन विभाग के तत्वाधान में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि द्वारा छात्र-छात्राओं को पौधे भी वितरण किये गये। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी वन महोत्सव कार्यक्रम चलाया जा रहा है इसके तहत वन विभाग द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। और जनता को पौधे वितरण कर उन्हें पौधारोपण करने के लिए जागरूक किया जाता है। इसी कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को तहसील क्षेत्र की दौलतपुर रेंज के ग्राम बुरावली में वन विभाग द्वारा वन महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गंगेश्वरी ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र खड़गवंशी मौजूद रहे। मुख्य अतिथि का वन विभाग के अधिकारियों द्वारा उसे माला पहनाकर स्वागत किया गया। इसके बाद मुख्य अतिथि राजेंद्र खड़गवंशी द्वारा पौधारोपण किया गया। उन्होंने लगभग 100 छात्र-छात्राओं को पौधे वितरण कर उन्हें पौधारोपण करने के लिए जागरूक किया। इस मौके पर वन विभाग रेंजर नरेश कुमार, डिप्टी रेंजर सुमित राठी, अमित कुमार वन दरोगा, सुमित कुमार वन दरोगा, पलटूराम वन दरोगा, अतुल कुमार वनरक्षक, अंकित चौधरी वनरक्षक, अशोक वनरक्षक, व समस्त छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### पम्प कर्मियों से कार सवार दो लोगों ने किया विवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** नगर के हाईवे स्थित एक पैट्रोल पंप पर कार सवार दो व्यक्तियों ने दस लीटर तेल डलवाया और बाद में कम तेल देने की बात कहने लगे। आरोप है कि पिस्टल दिखाकर भी पंपकर्मियों को धमकाया गया। पुलिस को घटना की तहरीर दी गई, पुलिस मामले की जांच कर रही है। यह मामला नगर के हाइवे पर स्थित गंगा फिलिंग स्टेशन का है। पंप स्वामी अनिल कुमार गर्ग ने बताया कि गुरूवार को दो लोग आल्टो कार से तेल डलवाने आए और दस लीटर तेल डलवाया। बाद में कम तेल देने का आरोप लगाते हुए काफी विवाद किया और पंप कर्मियों को धमकाया। पंप स्वामी ने बताया कि पुलिस को तहरीर दी गई है।

# चौकीदारों व चालक को बंधक बनाकर बदमाशों ने बिजली का तार लूटा

## सूचना मिलने पर पुलिस ने किया मौका मुआयना, घटना से मचा हड़कम्प

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** मेरठ से अमरोहा के लिये बनाई जा रही हाईटेंशन लाइन की कार्यदायी संस्था के गोदाम में हथियारबंद बदमाशों ने दो चौकीदारों व एक ट्रक चालक को बंधक बनाकर 1.2 किमी लंबा तार लूट लिया। करीब एक घंटे तक बदमाश यहां पर डटे रहे और लूटे गए माल को वाहन में लादकर फरार हो गए। किसी तरह चौकीदारों ने अपने बंधन खोलकर पुलिस को सूचना दी, तब पुलिस मौके पर पहुंची और मुआयना किया।

बता दें कि मेरठ से अमरोहा के लिये बनाई जा रही हाईटेंशन बिजली लाइन के लिये आरएस इन्फ्रा नामक कंपनी काम करा रही है। कंपनी ने धनौरा मार्ग पर कुमराला पुलिस चौकी से करीब पांच सौ मीटर दूर ईंट भट्टे के पास में एक गोदाम बना रखा है। यहां पर लाइन में प्रयुक्त होने वाला केबिल, उपकरण व अन्य सामान रखा रहता है। यहां पर रात को राम निवास शर्मा पुत्र स्व.मंगल चंद्र शर्मा निवासी मौहल्ला धुनपुरी थाना गजरौला व सुभाष पुत्र रामचरन सिंह निवासी मौहल्ला मायापुरी नामक चौकीदार रहते हैं। गुरूवार की रात को करीब साढ़े नौ बजे सहारनपुर के कस्बा नौनुता कुंआखेड़ा



निवासी मोहित वर्मा नामक चालक ट्रक लेकर सामान अनलोड करने आया था। आरोप है कि रात को करीब दो बजे कुछ बदमाश यहां धमके और उन्होंने पहले दोनों चौकीदारों को गन प्वाईंट पर लेकर शर्ट, अंगोछा आदि बांधकर बंधक बना लिया और फिर ट्रक चालक को भी बंधक बनाकर उनके ही पास बैठा दिया। तीनों की आंखो पर भी कपड़ा बांध दिया और एक दो बदमाश उनके पास बैठे गए और उनके कुछ साथियों ने गाड़ी लगाकर करीब 1.2 किमी लंबाई के तार के टुकड़े भर लिए। करीब एक घंटे तक लूटपाट करने के बाद बदमाश यहां से फरार हो गए। उनके जाने के बाद किसी तरह बंधनमुक्त होने पर चौकीदारों ने पड़ोस के खोखा स्वामी से घर पर फोन करके पूरी घटना बताई तो वहीं उधर से गश्त करके जा रहे पुलिसकर्मियों को रोककर पूरी घटना से रूबरू कराया। जिसके बाद रात में ही यहां पर भारी संख्या में पुलिस पहुंच गई। शुक्रवार की सुबह फिर से पुलिस ने यहां पर मौका मुआयना करते हुए कंपनी के स्टोर इंचार्ज दुलार चंद महतो आदि से पूछताछ की और तहरीर देने को कहा। इस बारे में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है, हालांकि प्रारंभिक रूप से घटना संदिग्ध भी लग रही है।

### कुछ दिन पहले ही शुरू हुआ है काम

**गजरौला।** हस्तिनापुर वन सेंचुरी होने के कारण विद्युत लाइन बनाने के काम को करीब तीन साल तक परमीशन नहीं मिली थी, इस कारण यह काम बंद था। अब परमीशन मिलने के बाद काम शुरू हुआ है। करीब पन्द्रह बीस दिन पहले ही गोदाम पर भी चहल पहल बढ़ी है, अन्यथा तीन साल से काम बंद ही चल रहा था।

### उपभोक्ता फोरम ने माना दोषी

# महिला से धोखाधड़ी में फंसी बीमा कम्पनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** बीमा कम्पनी ने महिला के साथ धोखाधड़ी के साथ फंस गयी है। उपभोक्ता फोरम ने कम्पनी को दोषी माना है। कम्पनी द्वारा महिला पांच साल के स्थान पर 15 साल की एक लांगटर्म पॉलिसी कर दी।

शहर की आवास विकास कॉलोनी में पवन कुमार का परिवार रहता है। उनकी पत्नी जयमाला ने पंजाब नेशनल बैंक मुख्य शाखा से पीएनबी मेटलाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड के जरिए शॉर्ट टर्म ( पांच वर्षीय ) प्लान के तहत एक बीमा कराया था। पॉलिसी करते समय बैंक और बीमा कंपनी के अधिकारियों ने उन्हें बताया था कि पांच साल बाद वह कभी भी अपना पैसा ले सकती हैं और फ्री लुक पीरियड के तहत 15 दिन के भीतर कभी भी पॉलिसी वापस कर सकती हैं। सहमति पर बीमा कंपनी ने 1 लाख 4500 रुपये की प्रीमियम धनराशि जयमाला के खाते से काट ली थी। लेकिन, बीमा कंपनी और बैंक ने फॉर्म भरते समय उनका मोबाइल नंबर गलत कर दिया। इतना ही नहीं बैंक और बीमा कंपनी ने जयमाला को पॉलिसी का बॉन्ड भी नहीं दिया। 12 अक्तूबर 2020 को कंपनी ने डुप्लीकेट पॉलिसी बॉन्ड दे दिया। कंपनी ने बताया कि एजेंट से उनका असली पॉलिसी बॉन्ड कहीं गुम हो गया है। बॉन्ड पढ़ने के बाद जयमाला के होश उड़ गए। पता चला कि उनकी पॉलिसी 15 वर्षीय एक लांग टर्म पॉलिसी है जबकि बैंक और इंश्योरेंस कंपनी ने पांच वर्षीय बताया था। पॉलिसी बॉण्ड में लिखी शर्तों के अनुसार फ्री लुक पीरियड 11 महीने की देरी से मिलने के कारण लैप्स हो गया जबकि 15 दिन के भीतर पॉलिसी वापस की जा सकती थी। मामले में जयमाला ने जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग की शरण ली थी। आयोग के अध्यक्ष रमाशंकर सिंह और महिला सदस्य अंजू रानी दीक्षित ने केस की सुनवाई की। दोनों पक्षों को सुनने के बाद फोरम ने बीमा कंपनी को दोषी माना।

# एसपी की दोबारा फर्जी आईडी बनाकर मांगे पैसे

## साइबर पुलिस ने शुरू की जांच

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** एसपी के नाम से साइबर ठगों ने दोबारा फर्जी आईडी तैयार कर उनके बर्थडे के फोटो पोस्ट कर दिये। जबकि फर्नीचर बेचने व अन्य काम के नाम पर लोगों को झांसे में लेकर पैसे की डिमांड शुरू कर दी। एसपी ने साइबर पुलिस को जांच के आदेश दिये हैं। पूर्व में राजस्थान के युवक व उड़ीसा की युवती ने एसपी की जीमेल आईडी तैयार कर पैसे की डिमांड की थी। जिसे बंद करा दिया गया था।

पंद्रह दिन पहले साइबर ठगों ने एसपी अमित कुमार आनंद के नाम से फेसबुक पर फर्जी आइडी बनाई थी। जिले के लोगों को जोड़ कर उन्होंने चेटिंग भी की तथा पैसों की मांग करने लगे थे। मामला संज्ञान में आने पर एसपी के निर्देश पर साइबर थाना पुलिस ने मामले की जांच की थी। जिसमें पता चला था कि यह आइजी राजस्थान के युवक व उड़ीसा की युवती के मोबाइल नंबर से जीमेल आइडी बनाकर तैयार की गई थी। हालांकि साइबर थाना पुलिस ने दोनों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर उस आइडी को बंद कर दिया था। परंतु इस क्रम में अब साइबर अपराधियों ने उनके नाम से दूसरी फेसबुक आइडी बना ली है। हाल में ही एसपी ने अपनी असली आइडी पर जन्मदिन के फोटो पोस्ट किए थे। साइबर अपराधियों ने भी फर्जी आइडी पर वही फोटो पोस्ट कर दिए। इतना ही नहीं लोगों को जोड कर उनसे चेटिंग शुरू कर दी। किसी से घरेलू फर्नीचर बेचने तो किसी से काम कराने का झांसा देकर पैसों की मांग की जाने लगी। अब दूसरी आइडी बनाए जाने का मामला संज्ञान में आने पर एसपी ने साइबर पुलिस को जांच का आदेश दिया है।

# छह शातिर चोर दबोचे, लाखों की जेवर-नकदी बरामद

## चोरी के जेवर खरीदने वाले सर्राफ को भी पुलिस ने पकड़ा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** पुलिस व क्राइम ब्रांच की टीम ने छह चोरों को गिरफ्तार कर चोरी की कई घटनाओं का खुलासा किया है। उनके कब्जे से तीन लाख की नकदी, साढ़े तीन लाख के जेवर, टाटा मैजिक व हथियार भी बरामद हुए हैं। चोर जिस सुनार को चोरी के जेवर बेचते थे उसे भी पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

15 दिन से रजबपुर थाना क्षेत्र में चोर लगातार घटनाओं को अंजाम दे रहे थे। डिडौली व देहात थाना क्षेत्र के कई गांव में भी इन चोरों का आतंक था। हालात यहां तक बने थे कि लोग रात को जाग कर पहरा दे रहे थे। पुलिस भी परेशान थी। नियमित रूप से गश्त की जा रही थी। इस क्रम में गुरुवार रात थानाध्यक्ष कोमल तोमर व एसओजी/सर्विलांस टीम क्षेत्र में गश्त कर रही थी। रजबपुर से शकरपुर की तरफ जाने वाले रास्ते में पुलिया के पास पुलिस ने टाटा मैजिक को रोका। उसमें छह लोग सवार थे। सभी से पुलिस ने पूछताछ की तो वह संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। लिहाजा उन्हें थाने लाकर कड़ाई से पूछताछ की तो आरोपितों ने हकीकत बता दी। उन्होंने बताया कि वह अब तक जिले के रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव शकरपुर, बागड़पुर, सैदनगली के गांव ककरोवा, देहात थाना क्षेत्र के गांव जलीलपुर बक्काल व मुनीमपुर में चोरी की घटनाएं कर चुके हैं। इसके अलावा रामपुर जनपद के गांव सूरजपुर व करीमपुर में भी चोरी की घटनाएं की हैं। शुक्रवार को एसपी अमित कुमार आनंद, एएसपी अखिलेश भदौरिया व सीओ शक्ति सिंह ने प्रेस कांफ्रेंस के दौरान गैंग की गिरफ्तारी का राजफाश किया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों में इरफान, अरमान, रिजवान, फुरकान निवासी गांव मुंडिया मिलक थाना भगतपुर के अलावा अनीस निवासी वारसी नगर जामा मस्जिद थाना मुगलपुरा, सलमान निवासी गांव बसावनपुर थाना भोजपुर जनपद मुरादाबाद हैं। इसके अलावा तस्लीम उर्फ डब्बू निवासी गांव गुआनगला थाना भोजपुर जनपद मुरादाबाद फरार है। बताया कि आरोपितों से चोरी के जेवरात खरीदने वाले सुनार सचिन रस्तोगी निवासी कानूनगोयान हाथीवाला मंदिर थाना मुगलपुरा जनपद मुरादाबाद को भी गिरफ्तार किया गया है। आरोपितों से तीन लाख की नकदी, 3.50 लाख के जेवरात, असलाह व टाटा मैकिज भी बरामद हुआ है।

**तीन लाख की नकदी, साढ़े तीन लाख के जेवर व टाटा मैजिक बरामद**



अमरोहा। पुलिस कार्यालय में चोरी की वारदातों का खुलासा करते एसपी अमित कुमार आनन्द।

# जन औषधि केंद्र गरीबों के स्वास्थ्य का वरदानः डीआईजी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सीआरपीएफ में कई सुविधाओं सहित प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केन्द्र का शुभारंभ हुआक्क चिकित्सा शिविर लगा कर स्वास्थ्य परीक्षण भी हुआ।

मुख्य अतिथि डीआईजी सीआरपीएफ सुभाष चन्द्र ने ग्रुप केन्द्र में गेट नं. 3 पर प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केन्द्र का उद्घाटन करते हुए कहा कि गरीब को गुणवत्ता पूर्ण सस्ता सुलभ इलाज देने के लिए चलाई गई भारतीय जन औषधि केंद्र योजना स्वास्थ्य के लिए वरदान है। उन्होंने कहा कि जन औषधि केंद्र में बाजार दर से काफी कम मूल्य पर दवाइयां उपलब्ध होने से गरीब जनता




को लाभ मिलेगा। यह सुविधा सीआरपीएफ के जवानों और परिवार. जनों के साथ साथ सिविल समुदाय के लिए भी है। यहां कैंप से बाहर रहने वाले लोग भी दवाएं प्राप्त कर सकते है।

प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केन्द्र संचालक सीता देवी ने कहा कि हमने सभी दवाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया है।

डिमांड के साथ साथ उपलब्ध कराई जाती रहेगी। इस अवसर पर आयुर्जीवनम् सेवा समिति के आयुर्वेद मनोचिकित्सक डा.कुलदीप चौहान के नेतृत्व में आयुर्वेद चिकित्सा शि. विर भी लगाया गया जिसमें 35 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षणक्कफिजियोथेरेपी चिकित्सा के साथ आंखों की भी जांच कर चिकित्सा परामर्श दिया गया।

सीएमओ डॉ. सत्यमूर्ति तोमरक्क क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्साधिकारी वंदना यादवक्कडा. चंचलक्कडा. रवीन्द्र कुमारक्कडा. प्रदीप अधिकारीक्क योगेश जैनक्क अंतरा यादवक्कसुजय चौहानक्कप्रीति चौधरीक्क डा. शहनाज रहमानक्क डा. सउद हसन, योग प्रशिक्षक राजीव कुमार, अर्चना गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# नो एन्ट्री में ओवरलोड ट्रैक्टर ट्राली के खिलाफ पुलिस नहीं करती कोई कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** मिट्टी से भरी ओवरलोड ट्रैक्टर ट्रालिया नो एन्ट्री मे धड़ल्ले से दोड़ रही है इनके खिलाफ पुलिस कोई कार्रवाई नही करती ओर नाही राजस्व विभाग कोई कार्रवाई करता है पुलिस ओर राजस्व विभाग आखे बन्द कर बेठा हुआ है इन ओवरलोड ट्रैक्टर ट्रालियो के खिलाफ पुलिस व राजस्व हिम्मत नही जुटा पारहा है।



नगर सहित क्षेत्र मे बड़े पैमाने पर मिट्टी का कारोबार बड़े पैमाने पर किया जा रहा है पुलिस व राजस्व विभाग मिट्टी का खनन कर लारही ओवरलोड ट्रैक्टर ट्रालियो के खिलाफ कोई कार्रवाई नही कर रहा है यह ट्रैक्टर ट्रालिया ओवर लोड मिट्टी भर कर नो एन्ट्री मे धड़ल्ले से मेन मार्केट से निकलती है।

यह मिट्टी से भरी ओवरलोड ट्रालिया रोड पर मिट्टी गिराती हुई निकल जाती है जिसकी वजह से दुकानदारो का दुकानो मे बेठना दुशवार हो रहा है। इन ट्रालियो से गिरने वाली मिट्टी दूसरे वाहनो की हवा से उड़कर दुकानो मे घुस जाती है जिसकी वजह से दुकानदारो का दुक. ानो पर बैठना मुश्किल हो रहा है लगता है यह ट्रैक्टर ट्रालिया नगर मे ही किसी जगह पर मिट्टी का भरान कर रही है।

## पुलिस ने एक नफर वारंटी को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** कोतवाली पुलिस ने अभियान चलाकर एक नफर अभियुक्त को गिरफ्तार करके संबंधित न्यायालय को भेजा एसपी द्वारा अपराधों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में एएसपी के कुशल निर्देशन में क्षेत्राधिकारी मिलक रामपुर के नेतृत्व में थाना मिलक पुलिस द्वारा आज एक नफर वारण्टी अभियुक्त रवि पुत्र कल्लू निवासी ग्राम सिलई बड़ा गांव थाना मिलक रामपुर सम्बन्धित वाद सं. 1758/2020 मु.अ.स. 165/25 धारा 323/504 भादवि मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रामपुर नियत को मस्कन से गिरफ्तार कर मा. न्यायलय रामपुर भेजा गया।

# बाईपास निर्माण की मांग को लेकर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने शुक्रवार को जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपकर मसवासी बाईपास के शीघ्र निर्माण की मांग की।

ज्ञापन में कहा गया कि बाईपास के अभाव में क्षेत्रवासियों को आए दिन जाम और दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ रहा है, जिससे जनजीवन प्रभावित हो रहा है।

प्रतिनिधि मंडल ने जिलाधिकारी से अनुरोध किया कि बाईपास का निर्माण जल्द से जल्द कराया जाए ताकि मसवासी वासियों को इन समस्याओं से निजात मिल सके। इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष कपिल गुप्ता, महामंत्री विनोद पाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बृजनंदन सागर और उपाध्यक्ष अनिल दिवाकर उपस्थित रहे।

# सड़क दुर्घटना में पूर्व प्रधान घायल, पति की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक पर सवार पूर्व प्रधान घायल पति की मौत हो गई घटना की सूचना पर पहुंचे परिजन बिना कार्रवाई के अपने साथ ले गए। तहसील क्षेत्र के ग्राम पुरैना थाना शहजादनगर के पूर्व प्रधान नाजमा बेगम अपने पति जावेद खान उर्फ बब्बू खान हाल निवासी जेल रोड रामपुर के साथ मिलक के रौरा कला से अपने रिश्तेदारी में से रात करीब 8:00 बजे बाइक से रामपुर घर जाने के लिए निकले खाता नगरिया मोड़ के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक से हाईवे पर गिर गए।

गिरने के कारण पूर्व प्रधान के पति जावेद खान उर्फ बब्बू खान (65 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई



जबकि पूर्व प्रधान नाजमा बेगम घायल हो गई।

सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंचे परिजन उन्हें अपने साथ बिना किसी कार्रवाई के रामपुर स्थित जेल रोड आवास ले गये। मौत की खबर सुनकर उनके घर में कोहराम मच गया। शुक्रवार की दोपहर को उन्हें सुपर्द खाक कर दिया गया।

# ट्रक ने सड़क पार कर रहे बच्चे को रौंदा, इलाज के दौरान हुई मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** नगर में देर रात बिलारी शाहबाद मार्ग पर डॉ अनीक बेग के बराबर में रोड पार कर रहे बच्चे को तेज रफ्तार ट्रक ने रौंद दिया।जानकारी के मुताबिक

मोहम्मद अजमल पुत्र नईम आजाद उम्र 9 वर्ष निवासी सैफनी गुरुवार की रात सड़क पार कर रहा था।तभी शाहबाद की ओर से तेज गति से आ रहे ट्रक ने वच्चे को रौंद दिया।चीख पुकार सुनकर तमाम लोग इकठा हो गए।फईम आजाद तुरंत गाड़ी द्वारा घायल बच्चे को मुरादाबाद टीएमयू हॉस्पिटल ले गए। जहाँ देर रात इलाज




के दौरान बच्चे ने दम तोड़ दिया।मौत की खबर सुनकर परिजनों में कोहराम मच गया।सूचना पर थानाध्यक्ष हमबीर सिंह मय फोर्स के मौके पर पहुँच गए।और मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किये। उन्होंने बताया की प्रयास किया जा रहा है ट्रक की पहचान कर बहुत जल्द ही ट्रक चालक को ट्रक सहित पकड़ कर कार्यबाही की जाएगी।

# मकान पर अवैध कब्जे की शिकायत के आरोप में केस दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/ रामपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव मधुकर करके रहने वाले चेत. राम पुत्र जीराज की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। चेतराम का आरोप है कि गांव के ही रहने वाले चिरंजी पुत्र जीराज ने के उसके रिहायशी मकान पर जबरन कब्जा कर लिया है। तथा प्रार्थी व प्रार्थी की पत्नि को बदमाशी व व्यक्ति बल से बाहर निकाल दिया है। प्रार्थी ने इस संबंध में सर्वप्रथम पुलिस चौकी ढकिया धाना शाहबाद जिला रामपुर को प्रार्थना पत्र दिया कोई सुनवायी नहीं हुई। फिर प्रार्थी अपने घर में प्रवेश की कोशिश कर रहा था। मार पीट कर भगा दिया गया। पुनः प्रार्थी ने एसडीएम शाहाबाद को प्रार्थना पत्र दिया एसडीएम शाहबाद ने हल्का लेखपाल शिशुपाल सिंह को प्रकरण का समाधान करने का निर्देश दिया। हल्का लेखपाल ने मौके पर पहुँचकर चिरंजी से सांठ गांठ कर कोई रिर्पोट नहीं दी बल्कि प्रार्थी व प्रार्थीनी की पत्नि से दिनांक 3/7/2025 झगडा करा दिया। चिरंजी पुत्र जीराज, राहुल पुत्र चिरंजी, रवि पुत्र चिरंजी कस्तुरी पत्नि चिरंजी व राहुल पत्नि ने खुब मारा पीटा गंभीर चोटें आयी। गंभीर चोटें लगने के कारण प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शहाबाद ने जिला अस्पताल रामपुर रेफर कर दिया।

प्रार्थी ने पुनः दिनांक 3/6/2025 को प्रार्थना पत्र दिया था उस पर कोई कार्यवाही नहीं की। दिनांक 03/7/2025 को दिन बुद्धवार समय लगभग 7 बने उपरोक्त सभी व्यक्ति प्रार्थी के घर में घुसकर सभी एक होकर आग लगाकर जान से मारने की कोशिश की गयी है। पुलिस ने चेत. राम की रिपोर्ट पर उपरोक्त लिखित आरोपियों के साथ मुकदमा दर्ज कार्यवाही शुरू कर दी है।

# इमामबाड़ा खासबाग में जियारत के लिए जिलेभर से पहुंच रहे हैं अकीदतमंद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** आठ मोहर्रम को जिलेभर से काफी संख्या में लोग इमामबाड़ा खासबाग पहुंचे।

खासबाग स्थित इमामबाड़े और उसमें रखी जरीह की जियारत के लिए दूर-दराज से लोग आते हैं। इमामबाड़ा खासबाग में अजादार जंजीरों और छुरियों का मातम भी करते हैं। यूं तो रामपुर रियासत की बुनियाद नवाब फैजुल्लाह खां ने 1774 में रखी थी। आजादी के बाद नवाब खानदान के तीन इमामबाड़े हैं। इनमें इमामबाड़ा किला, इमामबाड़ा खासबाग और इमामबाड़ा गुलजार-ए- रफत शामिल हैं। नवाबी दौर में इमामबाड़ा किला में ही अजादारी होती थी। आजादी के बाद किला सरकार के



अधीन हो गया तो 1949 में खासबाग में भी इमामबाड़ा बनाया गया। इसके अलावा ज्वालानगर में इमामबाड़ा गुलजार-ए-रफत बना। सभी इमामबाड़ों में आजादर पहुंच रहे हैं। शुक्रवार को आठ मोहर्रम को जिलेभर से काफी संख्या में लोग इमामबाड़ा खासबाग पहुंचे। लखनऊ से आए मौलाना सैयद फैज अब्बास मशहदी ने दुआ कराई। इस मौके पर पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां भी मौजूद रहे।

पूर्व मंत्री के पीआरओ काशिफ खां ने बताया कि इमामबाड़ा खासबाग में 1200 और किला इमामबाड़ा में 1500 अलम हैं। इमामबाड़ा गुलजार-ए-रफत में सोने के अलम भी हैं।

यह अलम ईरान और सीरिया से लाए गए थे। मोहर्रम के दौरान ही इमामबाड़ा सजाने के लिए अलम बाहर निकाले जाते हैं। इसके बाद तीनों इमामबाड़ों के अलम खासबाग इमामबाड़े के स्ट्रांग रूम में रखे जाते हैं। इनकी सुरक्षा में पुलिस तैनात रहती है।

# अलग-अलग सड़क हादसों में तीन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** रात 12:30 बजे की है जब बिलारी निवासी 28 वर्षीय रामेंद्र सिंह पुत्र किशन लाल शाहबाद की ओर से मोटरसाइकिल द्वारा बिलारी जा रहे थे। रात के अंधेरे में अज्ञात वाहन की टक्कर से वह बाईक सहित गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर उन्हें जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। वहीं शुक्रवार की ही रात लगभग 2:30 बजे ग्राम रूपपुर थाना सैफनी निवासी 22 वर्षीय राजकुमार पुत्र कालीचरण और 40 वर्षीय पल्लन सिंह पुत्र रघु सिंह भी मार्ग दुर्घटना में घायल हो गए जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद पहुंचा कर प्राथमिक उपचार दिलाया गया।



## एक नजर

### नाबालिग से कुकर्म करने के अभियोग का वांछित गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** कोतवाली पुलिस ने वादी की तहरीर पर उसके नाबालिग पुत्र को कमरे में बंद कर अभियुक्त द्वारा गलत काम करने के सम्बंध में पॉक्सो एक्ट में पंजीकृत किया गया।

पुलिस अधीक्षक के आदेश पर गुरुवार की रात्रि कोतवाली प्रभारी प्रदीप कुमार मलिक के निर्देश पर पुलिस द्वारा अपराधियों की धरपकड़ को लेकर चलाए गए अभियान के अंतर्गत पुलिस ने कार्यवाही करते हुए।कुकर्म के आरोपी इमाम नावेद पुत्र हबीब निवासी मोहल्ला काशीपुर को हिरासत में लेकर कर सम्बंधित मुकदमे में विधिक कार्यवाही की गई टीम में उ.नि.राम बाबू ,का. रवि कुमार आदि मौजूद रहे।

### उधार के रुपये मांगने पर जान से मारने की धमकी देने वाले की एसपी से शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शहजादनगर/रामपुर।** धमोरा शहजादनगर थाना क्षेत्र के मड़ैयान उदयराज गांव निवासी सरजीत कुमार ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र दिया है। जिसमें कार्यवाही की मांग की है सरजीत का कहना है वह जिला कचहरी में एक अधिवक्ता के बिस्तर पर कार्य करते हैं इसी बीच उनकी एक साईकिल ठेकेदार से जान पहचान हो गई। जिसके बाद उन्होंने पिछले साल ठेकेदार को 50 हजार रूपये उधार बतौर दिए थे। रकम वापसी मांगने पर पैसे देने से साफ मना कर दिया मामले की शिकायत ग्रामीण ने गंज थाना क्षेत्र के काला गर अखाड़ा मल्ली खां निवासी ठेकेदार ऋषि गौतम के पिता से की तो उन्होंने पैसे दिलाने का भरोसा दिलाया था। जिसके बाद 1 मार्च को युवक किसी काम से तहसील गया इस दौरान ठेकेदार से अपने पैसे मांगे तो वह आग-बबूला हो गया और गंदी- गंदी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। कि अगर दोबारा पैसे मांगे तो मरवा देगा। जिसके बाद पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

### दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शहजादनगर/रामपुर।** शहजादनगर थाना क्षेत्र के एक गांव में एक विवाि. हता को दहेज लोभियों ने मारपीट कर घर से निकालने का मामला सामने आया है। जिसके चलते थाना पुलिस ने मामल एमे तहरीर के आधार प्रचार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी ये।

मामला थाना क्षेत्र बरा खास गांव का है। गांव निवासी अकील अहमद ने अपनी बेटी सिमरन की शादी दो साल पूर्व गांव के ही फैसल पुत्र इददू से की गई थी। जिसके चलते शादी के कुछ समय तक तो सब कुछ ठीक ठाक चलता रहा जैसे जैसे समय बीत ससुराल पक्ष दहेज की मांग करने लगे सिमरन ने थाना पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि बीती 10 जून को उसके पति फैसल, ससुर इददू, सास सीमा, चचेरा ससुर साइन पुत्र रफीका ने उसके साथ मारपीट कर घर से निकाल दिया। जिसके चलते पीड़िता ने थाना पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही की गुहार लगाई है।

# काग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष बनें अहसान खां उर्फ राजू खां



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** रामपुर जिला कार्यालय पर आयोजित हुई बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ताओ ने स्वार नगर के निवासी अहसान खां उर्फ राजू खां को कांग्रेस पार्टी का जिला उपाध्यक्ष घोषित किया घोषित होने के अपरांत अहसान खां ने पार्टी हाईकमान और सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने ने कहा की पार्टी ने जो जिम्मेदारी सौंपी है। उसको पूरी निष्ठा के साथ निभायेंगे।अहसान खां वार्ड न 11 से जिला पंचायत सदस्य का चुनाव के लिए प्रत्याशी है। इस दौरान संजय कपूर, मुतिउर्रहमान बब्लू खां ,कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष निक्कू पंडित सहित सेकड़ों पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आठ वर्ष से गुम युवक सकुशल बरामद, परिजनों को सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** क्षेत्र के गांव लखीमपुर निवासी प्रेमशंकर पुत्र टीकाराम ने 11,07,2017 गुमशुदगी दर्ज कराई थी।जिसकी तलाश करने के उपरांत भी गुमशुदगी की बरामदगी नही हो पाई थी पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार पांडे के पर्यवेक्षण में व थाना प्रभारी प्रदीप कुमार मलिक के नेर्तत्व में टीम गठित करते हुए है.का. महिपाल सिंह व धर्मेंद्र कुमार को तलाश हेतु रवाना किया गया।



गहन प्रयास के बाद 4 जुलाई को गुमशुदा मुक. ेश पुत्र प्रेमशंकर निवासी लखीमपुर स्वार को वीआएस नगर ऋषि ढाबा लुधियाना पंजाब से बरामद किया गया गुमशुदा मुकेश के परिजनों को बुलाकर उसके भाई बन्टीपाल के सुपुर्द कर सकुशल परिवार को सौंपा।

# युवक पर छेडछाड व मारपीट करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** क्षेत्र के गांव निवासी पीड़ित महिला ने गांव के ही एक युवक पर उसके साथ छेडछाड करने एवं विरोध करने पर मारपीट करने का आरोप लगाया है।

मिली जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र में पड़ने वाले एक गांव निवासी पीड़ित महिला ने थाना पर लिखित तहरीर देकर बताया है कि ग्राम चालाकपुर निवासी एक युवक लगभग तीन माह से पीडिता के साथ छेडछाड करता आ रहा है। इस विषय में पीडिता ने विपक्षी के परिजनों को भी बताया था तब उसके परिवार की महिलाओं नें पीडिता को ही गाली गलौच करते हुए मारपीट कर वहां से भगा दिया था। जबकि विपक्षी युवक की हरकतों में कोई सुधार नही आया, पीड़िता का आरोप है कि उसका पति बाहर काम पर जाने की वजह से देर रात के समय घर आता है। इसी का फायदा उठाकर बृहस्पतिवार को रात्रि के समय विपक्षी युवक पीडिता के घर में घुस आया ओर उसके साथ जबरदस्ती अश्लील हरकतें करने लगा। यदि उसके द्वारा विरोध किया गया तो विपक्षी ने पीडिता के साथ मारपीट की। उसने शोर मचाते हुए बामुश्किल उसके के चंगुल से छुटकारा पाया व डॉयल 112 पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस को मौके पर आता देख विपक्षी धमकियां देते हुए वहां से भाग खडा हुआ।

**गंगोह।** मुहर्रम के मौके पर सबील-ए-हुसैन लगाकर राहगीरों को ठंडा मीठा शर्बत पिलाकर करबला की प्यास को याद किया।

# एक अदद नाजायज चाकू के साथ एक गिरफ्तार




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र द्वारा चलाये जा रहे वांछित/वारन्टी अपराधियो के विरूद्ध धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस द्वारा गस्त एंव चौकिंग के दौरान ग्राम लश्करगंज थाना शाहबाद निवासी 24 वर्षीय हिमान्शु पुत्र होरीलाल को एक अदद चाकू नाजायज के साथ लश्करगंज रोड पर बाग के पास से गिरफ्तार कर मा० न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# दो घरों में कूमल लगाकर चोरों ने नकदी सहित लाखों का माल उड़ाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में एक ही रात में दो घरों में चोर सोने चांदी के आभूषण, नकदी सहित लाखों रुपए की चोरी कर ले उड़े कोतवाली क्षेत्र के ग्राम श्यामपुर में विनोद कुमार अपने परिजनों के साथ छत पर सो रहे थे चोर किसी तरह दीवार के सहारे घर में घुस गए और विनोद के घर में सोने चांदी के आभूषण व रुपए 2000 सहित लाखों रुपए की चोरी विनोद कुमार जब सुबह उठे तो देखा समान कमरे में इधर-उधर फैल हुआ है जिसमें उनके



सोने चांदी के आभूषण तथा रुपए दो हजार सहित लाखों रुपए का सामान समेट कर ले गए।

वहीं दूसरी ओर निर्मला देवी के घर में कूमल लगाकर घर में रखे रुपए 2 लाख तथा लगभग 7 लाख के सोने चांदी के आभूषण सहित अज्ञात चोर चुरा कर ले गए जब निर्मला देवी सुबह उठी तो देखा घर में दो जगह कूमल लगा हुआ है।

मेरे घर पर मेहमान भी आए हुए थे मेरी लड़की का आज गौना था इसका लख रुपए का सोना चांदी का आभूषण तथा मेहमानों का भी सामान था जो अज्ञात चोर चुरा कर ले गए सूचना पर पुलिस भी आई और जांच पड़ताल की है प्रभारी निरीक्षक धनंजय सिंह ने बताया कि टीम लगी हुई है और जल्दी खुलासा होग।

# पत्रकारिता समाज में व्याप्त समस्याओं के सरल समाधान का बेहतर माध्यम : डीएम

## 'एक शाम पत्रकारों के नाम' कार्यक्रम का डीएम-एसपी ने किया शुभारम्भ






**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** पत्रकारिता समाज में सरल समाधान का बेहतर माध्यम है और सार्थक पत्रकारिता का उद्देश्य भी यही होना चाहिए कि शासन प्रशासन और समाज के बीच अपनी भूमिका को बेहतर ढंग से निभाए उक्त विचार जिलाधिकारी रामपुर जोगिंदर सिंह ने व्यक्त किए। जिलाधिकारी बुधवार की शाम रामपुर के होटल जीनथ में आयोजित ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन द्वारा एक शाम पत्रकारों के नाम से आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह और पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्रा और संगठन के प्रदेश महामंत्री(संगठन) डॉक्टर नरेश पाल सिंह जिला अध्यक्ष राजीव वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर संयुक्त रूप से किया। इसके बाद जिलाधिकारी ने कहा कि पत्रकारिता को चौथा स्तंभ माना गया है सामाजिक सरोकार के प्रति अपने दायित्व का बेहतर निर्वाह किया जाने पर पत्रकारिकता कोई दर्ज समाज से हासिल हुआ है। इसके बाद पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्रा ने अपने संबोधन में कहां की कोई भी लोकतांत्रिक देश पत्रकारिता की भूमिका के बगैर मजबूत नहीं होता हिंदी पत्रकारिता की शुरुआत 1826 में हुई इसके लिए कोलकाता के वकील जुगल किशोर शुक्ल ने पहले हिंदी अखबार निकाल कर रखी थी डीएम और एसपी ने ग्रामीण पत्रकारों की सराहाना की और कहा कि निष्पक्ष होकर काम करे साथ ही जिला अध्यक्ष राजीव वर्मा के द्वारा एक शाम पत्रकारों के नाम के कार्यक्रम की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में सभी पत्रकारों को प्रशस्ति पत्र वितरित किए गए जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के हाथों से प्रशस्ति पत्र पाकर पत्रकारों के चेहरे खुशी से खिल उठे अंत में जिला अध्यक्ष राजीव वर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजीव वर्मा, उपाध्यक्ष अब्दुल सलाम ,जिला मंत्री वीरेंद्र सक्सेना, जिला मंत्री लाखन सिंह राजपूत, इकबाल खान, वीरेंद्र गुप्ता ,मोहम्मद अलीम मीडिया प्रभारी ,तहसील अध्यक्ष कृपाल सिंह, उपाध्यक्ष इकरार हुसैन, तहसील अध्यक्ष बिलासपुर , सहित समस्त कार्यकारणी शामिल रही।

### मंच से डीएम ने की डा.सीपी शर्मा की तारीफ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**रामपुर।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन , रामपुर के सम्मान समारोह में जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने मिलक निवासी वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. चन्द्रपकाश शर्मा के नाहल नदी के पुनरोद्धार पर प्रकाशित सम्पादकीय आलेख की जमकर तारीफ की और कहा कि उनका लेखन मानव समाज हेतु कल्याणकारी व उत्कृष्ट श्रेणी का होता है। उनके आलेख आये दिन हमारे समाचारपत्र के सम्पादकीय पृष्ठ पर प्रकाशित होते रहते है। उनके आलेखों में गम्भीर चिंतन, शोधपरक दृष्टि और वैज्ञानिक सोच स्पष्ट रुप से परिलक्षित होती है। यही उनके आलेखों की मूल विशेषता है।

# शहजादनगर में चोरों ने कूमल लगाकर लाखों का माल समेटा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शहजादनगर/रामपुर।** घटना शहजाद नगर थाना क्षेत्र के शंकरपुर गांव की है राम नवाज घर में ताला लगाकर अपनी ससुराल गए थे चोरों ने कूमल लगाकर चोरी को अंजाम दे दिया। घटना मध्य रात्रि की है बताया जा रहा है कि गांव निवासी राम नवाज ड्राइवर है गाड़ी चला कर अपने परिवार का पालन पोषण करता है।

बृहस्पतिवार की रात्रि को अपनी ससुराल गया था रात को अपनी ससुराल में रुक गया।

सुबह 4:00 बजे भाई ने फोन करके राम नवास को बताया घर में चोरों ने कूमल लगाकर चोरी कर ले गए है इतना सुनते ही घर को वापस आकर देखा तो घर में सारा सामान बिखरा देख उसके होश उड़ गए।

लाखों रुपए का सामान ले गए। जिसकी सूचना 112 नंबर को दी गई मौके पर पहुंची 112 नंबर ने स्थानीय पुलिस को सूचना दी मौके पर स्थानीय पुलिस भी पहुंच गई। जिससे क्षेत्र में हो रही घटनाओं से लोगों में दहशत का माहौल बनता जा रहा है लोग अपने घरों में चौकसी करने को मजबूर है। क्षेत्र में लगातार चोरियां हो रही है जिसकी सूचना पुलिस को दे दी गई है पुलिस जांच कर रही है।

# दो वाहनों की टक्कर में एक की मौत



मृतक का फाइल फोटो

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम बिचपुरी लाल जी निवासी अजय सिंह पुत्र वीरसिंह ट्रक ड्राइवर था जिसकी मिलक में दूसरे वाहन से टक्कर लगने से मौके पर ही मौत हो गई। मिली जानकारी अनुसार मृतक अजय सिंह पुत्र वीरसिंह (26)वर्ष निवासी बिचपुरी लालजी एक ट्रक ड्राइवर था बह ट्रक संख्या एच आर 38 एक्स 9764 को मुरादाबाद से बरेली लेकर जा रहा था जैसे ही वह मिलक पार कर धनेली पूर्वी पहुंचा की अचानक बरेली की तरफ से एक ट्रक जिसका नंबर यूपी 42 सीटी 0412 ने डिवाइडर पार कर सामने से एक जोरदार टक्कर मार दी टक्कर इतनी भयानक लगने से अजय सिंह की मौके पर ही मृत्यु हो गई जिसकी सूचना राहगीरों ने मिलक पुलिस को दी सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंच जांच पड़ताल की मृतक के पास से मोबाइल मिलने से पुलिस ने उसके घर बालों का नंबर निकलकर मृतक के परिजनों को सूचना दी सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे परिजनों ने थाने में तहरीर दी तभी पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा।

# व्यापारियों ने बिजली विभाग के एक्सीएन से की मुलाकात



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** गुरुवार को उद्योग व्यापार प्रतिमंडल के नगर व तहसील अध्यक्ष अनवर अली अपनी टीम के साथ बिजली घर पहुंचे उन्होंने शैलेंद्र कुमार एक्शन को एक पत्र सोपा जिसमें स्वार के ग्राम इस्लाम नगर में बीच में खंभा खड़े होने से राहगीरों को आने-जाने में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है इसलिए एक्शन को पत्र सौंप कर उनसे शिकायत की है की इस खंबे को हटाकर आने जाने वाले राहगीरों का रास्ता साफ हो जाए जिससे कि इस्लाम नगर वासियों को रास्ते में आने जाने वाले लोगों को कठिनाई का सामना न करना पड़े एक्शन साहब ने आश्वासन दिया है कि उसका सर्वे करा कर जल्द से जल्द इस काम को अंजाम दिया जाएगा इस मौक पर अध्यक्ष अनवर अली, उपाध्यक्ष अजेन्द्र राठौर,हाशिम शान, अजीज मियां, इरफान, रेहान अली, रईस,फुरकान अली आदि मौजूद रहे।

# कक्षा 9वीं से 12 वीं तक के विद्यार्थियों की उपस्थिति लगेंगी ऑनलाइन

## इण्टर कॉलेज के सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों की उपस्थिति लगेंगी ऑनलाइन

**( सुमित कुमार )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** कक्षा 9वी से 12वी तक के सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों की उपस्थिति अब लगेगी ऑनलाइन। जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश में 1 जुलाई 2025 से कक्षा 9वी से 12वी तक के छात्रों के लिए ऑनलाइन उपस्थिति अनिवार्य कर दी गई है। यह व्यवस्था माध्यमिक शिक्षा परिषद (न्च ठवंतक) द्वारा लागू की गई है और इसका उद्देश्य छात्रों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करना और शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता लाना है। यह व्यवस्था सभी राजकीय, एडेड और वित्तविहीन विद्यालयों में लागू होगी। शुरुआत में, उपस्थिति और अनुपस्थिति ऑनलाइन दर्ज की जाएगी, लेकिन बाद में चेहरा पहचान प्रणाली और जियो टैगिंग के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करने की योजना है। इससे न केवल छात्रों की उपस्थिति सुनिश्चित होगी, बल्कि फर्जी छात्रवृत्ति वितरण पर भी रोक लगेगी। सभी विद्यालयों में विद्यार्थियों की उपस्थिति बहुत कम रहती है, वे केवल परीक्षा के समय पर ही नियमित रूप से आते हैं। एक अनुमान के मुताबिक एक छात्र की शैक्षिक सत्र में उपस्थिति 50 प्रतिशत से भी कम रहती है। इससे पठन-पाठन के स्तर पर खराब असर पड़ रहा है। जबकि, केंद्र व प्रदेश सरकार राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप विद्यार्थियों को शिक्षा देने के लिए प्रयास कर रही है। ऐसे में सभी माध्यमिक विद्यालयों में आनलाइन हाजिरी अनिवार्य करने की योजना बनाई जा रही है। पूर्व में इसका दायरा केवल 10वीं व 12वीं के विद्यार्थियों तक था, मगर अब कक्षा नौ व 11 को भी इसमें सम्मिलित कर लिया है। राजकीय एवं एडेड विद्यालयों में शिक्षकों की उपस्थिति पहले से ही बायोमीट्रिक प्रणाली से दर्ज हो रही है, जो अब एप पर भी दर्ज होगी।

## एक नजर

### विद्यालय गई छात्रा का जंगल में शव मिलने से फैली सनसनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक /रामपुर।** घर से विद्यालय गई छात्रा का शव जंगल में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई घटना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम श्यामपुर निवासी धर्मपाल की पुत्री कक्षा 9 की छात्रा तहसील के ग्राम मैनी में अपने मामा के यहां रहकर पढ़ाई कर रही थी आज ई-रिक्शा के माध्यम से विद्यालय के गेट तक छात्रा आई और उसके बाद वह विद्यालय नहीं पहुंची। कक्षा 9 की छात्रा बकैनिया भाट काशीपुरा रोड पर मृत अवस्था में पड़ी हुई थी स्थानीय लोगों की मदद से छात्रा की पहचान हुई और उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया। जहां पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। ऐसा प्रतीत होता है में कोई कीटनाशक पदार्थ का सेवन किया है सूचना पर पुलिस भी घटनास्थल में पहुंची और उसके बाद अस्पताल पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर शव का पंचनामा भर शव पोस्टमार्टम हेतु जिला चिकित्सालय के लिए भेज दिया सूचना पर परिजन भी अस्पताल पहुंचे और रोने विलखने लगे। प्रभारी निरीक्षक धनंजय सिंह ने बताया कि मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही पुष्टि की जाएगी।

### सड़क हादसे में एक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** गुरुवार को थाना क्षेत्र के बरखेड़ा गांव निवासी जगपाल अपनी बाइक से सुबह लगभग 9 बजे अपने गांव से शाहबाद की ओर आ रहे थे। रास्ते में बाइक अनियंत्रित हो जाने के कारण वह मोटरसाइकिल सहित सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घायल को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने घायल को प्राथमिक उपचार देकर घर भेज दिया।

### नाबालिग किशोरी से छेड़छाड़ के आरोप में एक पर केस दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहाबाद/रामपुर।** थाना शाहाबाद के एक मोहल्ले के रहने वाले नाबालिग किशोरी के पिता ने उसकी नाबालिग किशोरी के साथ छेड़छाड़ करने के आरोप में कोतवाली शाहाबाद में तहरीर दी है उसका आरोप है कि बीते एक जुलाई को समय लगभग 5 बजे सायं उसकी 15 वर्षीय नाबालिग पुत्री घर के पुराने कपडे मरम्मत कराने के लिए लीलाधर टेलर के यहाँ दुकान/मकान पर गई थी। वापस आने पर उसकी पुत्री उसी समय से गुमशुम थी मां के पूछने पर उसने बताया कि आरोपी लीलाघर ने उसकी नाबालिग पुत्री के साथ छेडछाड़ की है, लीलाधर ने दूसरी लड़की के पकडे सिलने के बहाने उसका नाप लेते हुए उसके साथ अश्लील हरकतें की जब उसकी बेटी दुकान से घर को चलने लगी तो आरोपी ने उसको धमकी दी कि यदि किसी को बताया तो जान से मार दूँगा। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित नाबालिग किशोरी के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू करदी है।

### मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम बंदार निवासी बाबूराम पुत्र राजेन्द्र सिंह ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कुछ दिन पूर्व करीव 10 वजे की वात है । शराब पीकर मुझे जवाहर लाल पुत्र पूरन सिंह निवासी ग्राम बन्दार ने गन्दी-2 गालिया दी। और जब गालिया देने को मना किया तो लाठी डन्डो से मारा पीटा। और जान से मारने की धमकी दी। जिसके बाद पीड़ित बाबूराम ने पुलिस को प्राथना पत्र देकर दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग की है। पुलिस भी मामले की जांच कर कार्यवाही में जुट गई।

### वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक /रामपुर।** कोतवाली पुलिस ने पांच वर्ष पुराने एक मामले में एक वारंटी डाकघर कर्मी को गिरफ्तार कर संबंधित न्यायालय में भेजा पुलिस अधीक्षक जनपद रामपुर द्वारा अपराधों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक जनपद रामपुर के कुशल निर्देशन में क्षेत्राधिकारी मिलक रामपुर के नेतृत्व में थाना मिलक पुलिस द्वारा आज एक नफर वारण्टी अभियुक्त सतीश गोतम पुत्र हीरालाल निवासी सेवारत डाकघर मिलक थाना मिलक रामपुर सम्बन्धित वाद सं. 125/020 धारा 138 एनआईएक्ट न्याय लय अपर सिविल जज प्रवर वर्ग द्वितीय रामपुर नियत को पोस्ट आफिस मिलक से गिरफ्तार कर न्याय लय रामपुर भेजा गया ।

# डीसीएम और कंटेनर की टक्कर में चालक परिचालक सहित तीन की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक /रामपुर।** डीसीएम चालक ने नियंत्रित होकर डिवाइडर पार करते हुए सामने से आ रहे हैं कंटेनर में टक्कर मार दी जिसके परिणाम स्वरूप डीसीएम और कंटेनर के चालक और परिचालक सहित तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने तीनों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला चिकित्सालय भेज दिया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम धनेली पूर्वी के आगे बरेली से रामपुर की ओर से आ रही है डीसीएम संख्या यूपी 22 सी.टी. 0412 के चालक ने सुबह चार बजे नींद के झोंके में अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराते हुए डिवाइडर पर करके मुरादाबाद से बरेली की ओर जा रहे हैं कंटेनर संख्या एच.आर.38 एक्स 9764 में सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्ती कितने धमाका हुआ जिसके परिणाम स्वरूप डीसीएम चालक अजय सिंह पुत्र वीर सिंह यादव राशिद निवासी ग्राम बिचपुरी थाना सैफनी रामपुर और कंटेनर चालक लव कुश और परिचालक योगेश कुमार निवासी सीतापुर की की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने राहगीरों की मदद से डीसीएम के चालक अजय सिंह को डीसीएम की केबिन काटकर निकला। पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा घर जिला चिकित्सालय को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। सूचना पाकर डीसीएम चालक के परिजन अस्पताल पहुंच गए।

# स्वास्थ्य कैंप में एचआईवी और टीबी के प्रति किया जागरूक



**( सुमित कुमार )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** कैंप लगाकर ग्रामीणों को एचआईवी और टीबी की जानकारी देकर किया जागरूक। गुरुवार को शाहपुर देव पंचायत भवन में स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा कैंप लगाकर एचआईवी और टीबी के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। और हफ्ते में ज्यादा खांसी वाले मरीजों के टीवी का सैंपल लिया गया। इस दौरान एचआईवी काउंसलर जितेंद्र प्रसाद ने बताया कि एचआईवी संक्रमण के शुरुआती लक्षणों में बुखार, थकान, और सूजी हुई लिम्फ नोड्स शामिल हैं। ये लक्षण संक्रमण के 2 से 4 हफ्तों के अंदर दिखाई दे सकते हैं। हालांकि, कई लोगों में पहली बार एचआईवी से संक्रमित होने पर कोई लक्षण नहीं दिखते और सक्रिय टीबी रोग के सामान्य लक्षणों में खांसी, छाती में दर्द, तथा खून या बलगम (कफ) के साथ खांसी आना शामिल है। निष्क्रिय टीबी से पीड़ित लोगों,जिन्हें सुप्त टीबी संक्रमण भी कहा जाता है, में टीबी रोग के लक्षण नहीं होते हैं और वे दूसरों में टीबी नहीं फैला सकते हैं।सैंपल जांच हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद भेज दिए गए। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधिकारी कनक सैनी, काउंसलर जितेंद्र प्रसाद, सैंपल ट्रांसपोर्टर महिपाल मौजूद रहे।

# खाता नगरिया में बनेगा एक ओवरहेड टैंक

## भाजपा नेता कुंवर नरेंद्र सिंह गंगवार ने किया भूमि पूजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक /रामपुर।** उत्तर प्रदेश जल निगम द्वारा नगर के खाता नगरिया में एक ओवरहेड टैंक का निर्माण कराया जाएगा इसको लेकर आज नगर पालिका परिषद मिलक के मुहल्ला खाता कलाँ में जल निगम द्वारा निर्मित ओवरहेड टैंक के निर्माण कार्य का भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। इस मौके पर पालिका अध्यक्ष पति/समाजसेवी और भाजपा नेता कु. नरेंद्र सिंह गंगवार उत्तर प्रदेश जल निगम के ठेकेदार नितिन अग्रवाल,कार्य को देखने वाले चौधरी साहब जल निगम के जेई, सुखलाल बाबू एवं सभासद गण एजाज खान यूनुस अंसारी,आसिम रजा खान, आसिफ खान, आसिब खान, नाजिम खान, पूर्व सभासद तस्कीन खान, शब्बन खान आदि लोग उपस्थित रहे।

# हैंड पम्प की शिकायत पर गांव पहुंचे अधिकारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** नगर मंडल के ग्राम पंचायत लखीमपुर में मदरसे के पास हेड पंप की शिकायत मिली जिसे स्वार नगर मंडल अध्यक्ष ने खंड विकास अधिकारी ऋषि पाल को अवगत कराया। खंड विकास अधिकारी ने मौके पर जाकर है पंप की जांच की जो जांच सही पाई गई जांच में पाया गया ग्राम पंचायत लखीमपुर में मदरसे के पास जो है काम था उसको उखाड़ बाकी गांव से 2 किलोमीटर दूर लगवाया जा रहा था। जिसकी शिकायत ग्राम पासी लखीमपुर के मदरसे के पास रहने वाले लोगों ने खंड विकास अधिकारी से की जिसका सत्यापन सहायक पंचायत वीडियो सुरेश कुमार, बादाम सिंह, सचिव रिजवाना समीम मौके पर पहुंची जिसकी जांच सही पाई गई और खंड विकास अधिकारी ने दो दिन का आश्वासन देकर कहा कि 2 दिन में हेडपंप मदरसे के पास लग जाएगा और गांव की भी जांच की। जिसमें साफ-सफाई नहीं पाई गई और जो रोड गोपाली राम के घर से लेकर देवी मंदिर तक डालना था वह रोड भोपाली राम के घर से राम बहादुर के घर तक डाला है उसको भी देखा और कहा इसको भी पूरा कराया जायेगा। इस दौरान बिल्लादेन, मोहम्मद शाह, राम नारायण, सतपाल, मुंशीलाल, मुंशी शाह, नबी अहमद, शाह आलम, शाह मोहम्मद, आमिर अहमद, सईद अहमद, ग्राम पंचायत सचिव रिजवाना समीम वीडियो पंचायत सुरेश बादाम सिंह, अशोक और स्वार नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र कुमार दिवाकर अमित सक्सेना और ग्रामवासी उपस्थित रहे और और वीडियो पंचायत ने कहा कि गांव के सारे हक पंप की मरम्मत होगी और साफ सफाई का भी ध्यान रखा जाएगा और गांव के सारे रोड ठीक कराए जाएंगे।

# गिल की पारी ने तोड़े कई रिकॉर्ड




## गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ एजबस्टन टेस्ट में 269 रन बनाए

**बर्मिंघम, वार्ता।** शुभमन गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ एजबस्टन टेस्ट में 269 रन बनाए, जो टेस्ट में भारतीय कप्तान का सर्वाधिक स्कोर है, उन्होंने विराट कोहली के 2019 में पुणे में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बनाए नाबाद 254 रन को पछाड़ा। गिल के 269 रन एशिया के बाहर किसी भारतीय का सर्वोच्च स्कोर भी है, उन्होंने सचिन तेंदुलकर के नाबाद 241 रनों को पछाड़ा जो उन्होंने 2004 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी में बनाए थे। यह घर के बाहर टेस्ट में किसी भारतीय का तीसरा सर्वोच्च स्कोर भी है। उनसे आगे वीरेंद्र सहवाग के मुल्तान में 309 और राहुल द्रविड़ के 2004 में रावलपिंडी में 270 रन हैं। उनसे पहले केवल दो भारतीयों ने इंग्लैंड में दोहरे शतक लगाए थे।

उनसे पहले 1979 में सुनील गावस्कर ने 221 और 2002 में राहुल द्रविड़ ने 217 रन बनाए थे, दोनों ही दोहरे शतक द ओवल में आए थे। कुल मिलाकर गिल के 269 रन टेस्ट में भारत के लिए सातवां सर्वोच्च स्कोर है। मेहमान बल्लेबाजों ने इससे पहले एजबस्टन में शतक लगाए थे। ग्रीम स्मिथ ने 2003 में 277, जबकि जहीर अब्बास ने 1971 में 274 रन बनाए थे। गिल के 269 रन किसी विदेशी बल्लेबाज का इंग्लैंड में बनाया आठवां सर्वोच्च स्कोर है। गिल समेत सात बल्लेबाजों ने बतौर कप्तान अपने पहले दो टेस्ट में शतक लगाए हैं। पिछले छह में से तीन भारतीय थे, जिसमें विजय हजारे, सुनील गावस्कर और विराट कोहली शामिल हैं। इसके अलावा जैकी मकग्लू, एलिस्टेयर कुक और स्टीवन स्मिथ शामिल हैं। पांच बल्लेबाजों के टेस्ट और वनडे दोनों में दोहरे शतक हैं। गिल के अलावा ऐसा सचिन तेंदुलकर, वीरेंद्र सहवाग, रोहित शर्मा और क्रिस गेल ने किया है। नीतीश रेड्डी के आउट होने के बाद एजबस्टन में भारत ने 376 रन जोड़े, ये टेस्ट पारी में आखिरी पांच विकेट के लिए जोड़े उनके सबसे अधिक रन हैं। टेस्ट में छठे विकेट या उससे कम के लिए तीन 200 से अधिक साझेदारियों में रवींद्र जडेजा शामिल रहे। केवल एडम गिलक्रिस्ट (6), बीजे वाटलिंग (5) और एमएस धोनी (4) ही इससे अधिक साझेदारियों में हिस्सा रहे हैं।




# जडेजा ने बीसीसीआई दिशा निर्देश तोड़ा, पर सजा की उम्मीद नहीं

● **ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद बीसीसीआई ने आदेश दिया था कि कोई भी खिलाड़ी अकेले मैदान पर जाएगा और न ही मैदान से आएगा**

**बर्मिंघम, वार्ता।** बर्मिंघम में इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन रवींद्र जडेजा ने बीसीसीआई की नई मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) का उल्लंघन किया। ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद बीसीसीआई ने आदेश दिया था कि कोई भी खिलाड़ी अकेले मैदान पर नहीं जाएगा और न ही मैदान से आएगा, बल्कि वे सभी टीम बस में एक साथ आएंगे। जडेजा ने ऐसा नहीं किया। लेकिन किसी सजा की उम्मीद नहीं है क्योंकि जडेजा ने एसओपी तोड़कर जल्दी आने का फैसला किया ताकि वह अपनी पारी को फिर से शुरू करने से पहले कुछ अतिरिक्त गेंदें खेल सकें। उन्हें पता था कि भारत लीड्स में दो बार ढह चुका है और इस बार उन्होंने सपाट पिच पर भारत को 211/5 से बचाने का आधा काम कर दिया था।

भारत के लिए फिर से कम स्कोर पर आउट होना कोई जोखिम नहीं था। जडेजा 41 रन दोबारा अपनी पारी की शुरुआत की, शुभमन गिल के साथ उनकी साझेदारी 99 रन की थी, लेकिन नई गेंद का खतरा बना हुआ था। जडेजा ने कहा कि कहीं न कहीं मुझे लगा कि मुझे अतिरिक्त बल्लेबाजी करनी चाहिए क्योंकि गेंद अभी भी नई थी। मुझे लगा कि अगर मैं नई गेंद को देख पाऊं, तो बाकी की पारी आसान हो जाएगी। सौभाग्य से मैं लंच तक बल्लेबाजी कर सका, और फिर वॉशिंगटन सुंदर ने भी शुभमन के साथ अच्छी बल्लेबाजी की। इंग्लैंड में आप जितनी अधिक बल्लेबाजी करते हैं, उतना ही बेहतर होता है क्योंकि आपको कभी नहीं लगता कि आप इंग्लैंड में सेट हैं। किसी भी समय गेंद लस्वग हो सकती है और आपका किनारा ले सकती है या आपको बोल्ड कर सकती है। जडेजा तेज गेंदबाज जोश टंग की एक बाउंसर पर 89 रन बनाकर आउट हो गए। उन्होंने गिल के साथ 203 रन जोड़कर भारत को 500 के पार पहुंचाने में मदद की। जडेजा ने कहा कि जब आप टीम के लिए बल्ले से योगदान देते हैं, तो बहुत अच्छा लगता है, लेकिन जब आप भारत से बाहर खेल रहे होते हैं और टीम को आपकी ज्यादा जरूरत होती है, तो अच्छा लगता है। 210 रन पर 5 विकेट गंवाने के बाद टीम को आगे ले जाने के लिए बड़ी साझेदारी करना एक चुनौती है।

मैंने इसे एक चुनौती के रूप में लिया। अगर आप कप्तान के साथ बने रहते हैं और बड़ी साझेदारी करते हैं, तो यह आपको एक क्रिकेटर और बल्लेबाज के रूप में आत्मविश्वास देता है कि आने वाले मैचों में भी आप योगदान दे सकते हैं। जडेजा इंग्लैंड को परेशान करने में कभी पीछे नहीं रहते। फ्रंटफुट शॉट खेलने और सीधे पिच पर दौड़ने की उनकी आदत से इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स नाराज हो गए, जो जडेजा के खतरे वाले क्षेत्र से दूर रहने के बाद भी अंपायरों से बहस करते रहे। जडेजा ने कहा कि उन्हें लगा कि मैं अपने लिए रफ बना रहा हूं। तेज़ गेंदबाज वैसे भी ऐसा कर रहे थे। मुझे ऐसा करने की जरूरत नहीं है। वह बार-बार अंपायर से कह रहे थे कि मैं विकेट पर दौड़ रहा हूं। मेरा ऐसा कोई इरादा नहीं था। हो सकता है कि गलती से एक या दो बार ऐसा हुआ हो, लेकिन मेरा ऐसा करने का कोई इरादा नहीं था। भले ही भारत ने नई गेंद से तीन विकेट लिए हों, लेकिन यह पिच कुछ खुरदरी लग रही है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### मुर्मु ने किया डूरंड कप टूर्नामेंट की ट्रॉफियों का अनावरण

**नई दिल्ली, वार्ता।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित एक समारोह में डूरंड कप टूर्नामेंट 2025 की ट्रॉफियों का अनावरण किया। यहां इस अवसर पर श्रीमती मुर्मु ने कहा कि खेल अनुशासन, दृढ़ संकल्प और टीम भावना को बढ़ावा देते हैं। खेलों में लोगों, क्षेत्रों और देशों को जोड़ने की अनूठी शक्ति है। भारत में यह राष्ट्रीय एकीकरण का एक शक्तिशाली साधन रहा है। ओलंपिक या किसी भी अंतर्राष्ट्रीय आयोजन में जब तिरंगा फहराया जाता है तो सभी साथी नागरिक रोमांचित हो जाते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि फुटबॉल का लाखों लोगों के दिलों में एक विशेष स्थान है। यह सिर्फ एक खेल नहीं है, एक जुनून है। फुटबॉल का खेल रणनीति, धीरज और एक समान लक्ष्य की ओर मिलकर काम करने के बारे में है। डूरंड कप जैसे आयोजन न केवल खेल की भावना को बढ़ावा देते हैं बल्कि फुटबॉल खिलाड़ियों की अगली पीढ़ी को विकसित करने में भी मदद करते हैं।

### गुकेश ने कार्लसन को फिर हराया

**जागरेब, वार्ता।** शतरंज के क्लासिकल प्रारूप में मौजूदा विश्व नंबर 1 भारत के डी-गुकेश ने गुरूवार को जागरेब में सुपर यूनाइटेड रैपिड एंड ब्लिट्ज क्रोएशिया 2025 में मैग्नस कार्लसन को हरा दिया। नॉर्वे के दिग्गज के खिलाफ गुकेश की हालिया जीत नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के कुछ ही सप्ताह बाद आई है। नॉर्वे शतरंज के विपरीत जहां जीत क्लासिकल प्रारूप में हुई थी, हालिया जीत रैपिड प्रारूप में आई है। कार्लसन ने 49 चालों के बाद हार मान ली, इसके बाद हाथ मिलाया और फिर वे मंच से चले गए।

# भारतीय महिला टीम की निगाहें ऐतिहासिक टी-20 सीरीज जीत पर

● **भारत ने इंग्लैंड में इससे पहले कभी भी टी-20 सीरीज नहीं जीती है**

**लंदन, वार्ता।** भारतीय महिला टीम इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज में 2-0 की बढ़त के साथ एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने के करीब है, जबकि अभी तीन मैच और खेलने हैं। भारत ने इंग्लैंड में इससे पहले कभी भी टी-20 सीरीज नहीं जीती है।

अब उनके पास शुक्रवार को ओवल में मेजबान टीम का सामना करते हुए समय रहते सीरीज अपने नाम करने का मौका है। भारत ने अब तक बल्ले और गेंद दोनों से प्रभावित किया है। स्मृति मंधाना के पहले टी-20 शतक की बदौलत टीम ने पहले मैच में 97 रनों से जीत दर्ज की और इसके बाद दूसरे मैच में ब्रिस्टल के किले को भेदकर जीत दर्ज की।




इसमें जेमिमाह रॉड्रिग्स और अमनजोत कौर का अहम योगदान रहा। दूसरी ओर, इंग्लैंड की कप्तान नैट सीवर-ब्रंट शुक्रवार के टी-20 मैच से बाहर हो गई हैं और मंगलवार को ब्रिस्टल में टीम की 24 रन से हार के दौरान कमर में खिंचाव के कारण वह पांच मैचों की सीरीज के शेष मैचों से भी बाहर हो सकती हैं। टैमी बोमॉन्ट अपने 247 मैचों के अंतर्राष्ट्रीय करियर में पहली बार कप्तान के रूप में कदम रखेंगी, जबकि सीवर-ब्रंट को चोट की गंभीरता का आकलन करने के लिए आगे स्कैन से गुजरना होगा।

मंगलवार के मुकाबले के अधिकांश समय के लिए उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा, उनकी अनुपस्थिति में उनकी आधिका. रिक उप-कप्तान सोफिया डंकली ने कमान संभाली। हालांकि, इंग्लैंड के तीन मैच शेष रहते 2-0 से सीरीज़ में पिछड़ने के बाद टीम को बोमॉन्ट के अनुभव की अधिक जरूरत पड़ेगी। बेहतरीन प्रदर्शन करने वालों में बाएं हाथ की स्पिनर एन श्री चरणी भी शामिल हैं, जिन्होंने इस दौरे पर पदार्पण किया और दो मैचों में छह विकेट लिए।

# अंडर- 15 वर्ग में युवराज सिंह ने जीता पहला स्वर्ण पदक

● **युवराज ने पहला गोल्ड मेडल 8:54:42 का समय निकालकर जीता**

**नई दिल्ली, वार्ता।** 59वीं दिल्ली राज्य जूनियर और सब जूनियर तैराकी चैंपियनशिप का आज यहां तालकटोरा स्विमिंग पूल में उद्घाटन एडहॉक कमेटी के अध्यक्ष सीताराम साहू और पंजाब स्विमिंग एसोसिएशन के सीईओ बलराज शर्मा ने किया। चैंपियनशिप का आयोजन 7 जुलाई तक चलेगा।

ैंपियनशिप में 410 से अधिक लड़के और लड़कियां भाग ले रहे हैं। चैंपियनशिप के पहले दिन 800 मी फी स्टाइल अंडर 17 में युवराज सिंह ने पहला गोल्ड मेडल 8 मिनट 54-42 का समय निकालकर अपना नाम किया जबकि वंश ने दूसरा और धनुष ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी तरह लड़िकयों में अन्य रावत ने 9 मिनट 56-59 का समय निकाल. कर पहला स्थान पाया। तितिक्षा रावत ने दूसरा और प्रकृति ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। अंडर 14 लड़कों में रक्षित टोकस ने 9 मिनट 48 ,55 का समय निकाल. कर पहला स्थान प्राप्त किया जबकि विशु मौर्य ने दूसरा और मानव लाकर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। लड़कियों में अमीरा सिंगल ने 10 मिनट 55-47 का समय निकालकर पहला स्थान पाया। यादवी नेगी ने दूसरा और प्रांजल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। लड़कों के अंडर 12 वर्ग में 400 मीटर फी स्टाइल में विराट ने पहला , नियमित ने दूसरा और तेजस ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। लड़कियों में मारिया ने पहला, स्नेहा ने दूसरा और रमैया ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। लड़कों के अंडर 17 वर्ग में 200 मी ब्रैस्ट स्ट्रोक में ध्रुव ने पहला, वीर चावला ने दूसरा और तनुष ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

# गेंदबाजों की फिटनेस से संबंधी चिंताएं इंग्लैंड के लिए 'अशुभ' संकेत: वॉन

**बर्मिंघम, वार्ता।** पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने कहा है कि गेंदबाजों की फिटनेस संबंधी चिंताएं इंग्लैंड के लिए 'अशुभ' संकेत हैं।

वॉन ने कहा कि बेन स्टोक्स की टीम ने टेस्ट मैच के दूसरे दिन पूरी मेहनत की, हालांकि भारत ने 587 रन बनाए और मेजबान टीम ने 77 के स्कोर पर तीन विकेट गंवा दिये। ब्राइडन कार्स को पैर की समस्या से जूझना पड़ा, जबकि बेन स्टोक्स और क्रिस वोक्स ने अपने पहले स्पैल के बाद गेंदबाजी नहीं की। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट है कि ब्रायडन कार्स के साथ समस्या है और हम इंग्लैंड में पांच मैचों की सीरीज में दूसरा टेस्ट मैच खेल रहे हैं और उसमें ज्यादा समय नहीं बीता है। इसके बाद हमें ऑस्ट्रेलिया में पांच मैच खेलने होंगे, जहां बहुत



● **ब्राइडन को पैर की समस्या से जूझना पड़ा जबकि क्रिस-बेन ने अपने पहले स्पैल के बाद गेंदबाजी नही की**

गर्मी होगी। इस साल की शुरुआत में कार्स को पैर की उंगलियों पर गंभीर कट और छाले के कारण टीम से तीन महीने के लिए बाहर कर दिया गया था।

यह समस्या क्रिसमस से पहले पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के दौरे पर पहली बार सामने आई थी। हालांकि वह बर्मिंघम में मैदान पर रहे, लेकिन उन्हें क्षेत्ररक्षण और गेंदबाजी के दौरान कई बार लंगड़ाते हुए देखा गया। इस बीच, स्टोक्स हैमस्ट्रिंग सर्जरी के बाद इस साल गेंदबाजी में वापस आ गए हैं।

पहले दिन उनमें कमर में खिंचाव की समस्या को देखा गया और खेल से पहले लंबे अभ्यास के बाद दूसरे दिन गेंदबा. जी की शुरुआत की। इसी तरह वोक्स ने दिन की शुरुआत में चार ओवर में 22 रन देने के बाद नहीं खेले। ऑफ स्पिनर शोएब बशीर ने 45 ओवर फेंके और तीन विकेट लेकर 167 रन दिए। जॉश टंग ने संघर्ष करते हुए 119 रन देकर दो विकेट लिए। 28 ओवरों में और यहां तक कि हैरी ब्रूक ने उनकी अनुपस्थिति में अपने पार्ट-टाइम सीम के पांच ओवर फेंके।

# चीन की वांग शिनयू विंबलडन में महिला एकल के दूसरे दौर में बाहर

● **चीन की खिलाड़ी को तुर्किए की जेनेप से 7-5, 7-5 से मिली हार**

**लंदन, वार्ता।** चीन की वांग शिनयू विंबलडन में महिला एकल के दूसरे दौर में तुर्किये की जेनेप सोनमेज से 7-5, 7-5 से हार कर बाहर हो गईं।

पहले सेट में दोनों खिलाड़ियों ने एक-दूसरे पर हमला किया, जब तक कि सोनमेज ने जीत हासिल नहीं कर ली। दूसरे सेट में 5-5 से बराबरी के बाद, सोनमेज ने जीत सुनिश्चित करने के लिए अधिक आक्रामक खेल दिखाया।

वांग ने मैच के बाद कहा कि मुझे लगता है कि उसने आज असाधारण रूप से अच्छा खेला, खासकर अपने सर्विस रिटर्न और बेसलाइन गेम में। मुझे कोई आसान अंक नहीं मिला। वांग ने कहा कि '4-1 से, शायद उसने खुद को और अधिक स्वतंत्र रूप से खेला।

वह कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर सफल रही, और फिर वह शायद अधिक आराम से खेली। मुझे लगता है कि उस पल से, उसने निश्चित रूप से अपना स्तर बढ़ाया। बेशक, मुझे लगता है कि यह बहुत दुखद है। भले ही मेरे प्रतिद्वंद्वी ने वास्तव में अच्छा खेला, हमारा मैच बहुत करीबी था, और कुछ ऐसे क्षेत्र थे जहां मुझे लगता है कि मैं बेहतर प्रदर्शन कर सकती थी। लेकिन मुझे लगता है, आज, मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

# किदांबी श्रीकांत कनाडा ओपन के क्वार्टरफाइनल में



**कनाडा, वार्ता।** पूर्व विश्व नंबर वन किदांबी श्रीकांत ने वांग पो-वेई के खिलाफ शानदार जीत दर्ज कर कनाडा ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है।

मार्कहम पैन एम सेंटर में खेले गये प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले में किदांबी ने चीनी पाइपे के वांग पो-वेई के खिलाफ 21-19, 21-14 से जीत दर्ज कर टूर्नामेंट के अगले दौर में जगह बनाई। 41 मिनट तक चले मुकाबले में एक समय भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी 18-13 से पीछे चल रहे थे, फिर उन्होंने वापसी करते हुए पहला गेम जीत लिया। श्रीकांत दूसरे गेम में भी 13-10 से पीछे थे, लेकिन फिर उन्होंने वापसी की और गेम और मुकाबला जीत लिया। श्रीकांत क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे के शीर्ष वरीयता प्राप्त और ओलंपियन चोउ टिएन-चेन से भिड़ेंगे। श्रीकांत के हमवतन और विश्व में 57वें नंबर के खिलाड़ी शंकर सुब्रमण्यम भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गये। उन्होंने चीनी ताइपे के हुआंग यू काई को 21-19, 21-14 से हराया। शंकर सुब्रमण्यम अगले दौर में ओलंपियन और विश्व में 12वें नंबर के खिलाड़ी जापान के केंटा निशिमोटो से मुकाबला होगा। इस बीच बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट में महिला एकल में भारतीय खिलाड़ी श्रीयांशी वलीशेट्टी भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं।

● **दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ घरपर** ●

# मुकाबला करने को बहुत उत्साहित हूं: नीरज



## सभी एथलीट्स ने एक वर्ल्ड क्लास कंपीटीशन देने और जैवलिन को बढ़ावा देने की बात कही

**बेंगलुरु, वार्ता।** भारत का पहला इंटरनेशनल जैवलिन कंपटीशन कि नीरज चोपड़ा क्लासिक 2025', शनिवार यानी 5 जुलाई 2025 को बेंगलुरु के श्री कांतीरवा स्टेडियम में होने जा रहा है। यह इवेंट वर्ल्ड एथलेटिक्स द्वारा गोल्ड-लेवल मीट के तौर पर अप्रूव किया गया है और इसे एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) का भी सपोर्ट मिला है। यह भारत को ग्लोबल एथलेटिक्स मैप पर एक खास जगह दिलाएगा।

इवेंट से पहले हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा, भारत के युवा जैवलिन थ्रोअर सचिन यादव, जर्मनी के थॉमस रोहलर, और केन्या के जूलियस येगो मौजूद थे। सभी एथलीट्स ने एक वर्ल्ड-क्लास कंपटीशन देने और भारत में जैवलिन को बढ़ावा देने की बात कही। नीरज चोपड़ा ने इस इवेंट की अहमियत बताते हुए कहा कि यह बहुत अच्छी बात है कि ऐसा इवेंट भारत में हो रहा है और इतने अच्छे एथलीट्स यहां कंपीट करने आए हैं। मैं इस इवेंट को लेकर बहुत उत्साहित हूं। एक साथ ऑर्गेनाइज करना और खेलना मुश्किल है। मैंने हमेशा खेलने पर ध्यान दिया है, लेकिन अब मुझे सब कुछ देखना होगा। एक आयोजक के तौर पर मुझे इन छोटी-छोटी चीजों के बारे में सोचना होगा। मुझे यह पसंद है। कर्नाटक सरकार और हमें सपोर्ट करने वाले सभी लोगों का धन्यवाद। जेएसडब्ल्यू टीम को उनके सपोर्ट के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद - वे हमारे साथ बहुत मेहनत कर रहे हैं। जर्मन जैवलिन स्टार थॉमस रोहलर ने कहा कि हम यहां आकर बहुत शुक्रगुजार हैं। हम जैसे इंटरनेशनल एथलीट्स के लिए, मुझे लगता है कि एक ऐसे देश में आना खुशी की बात है जो जैवलिन में सच में आगे बढ़ रहा है। तो, यह हम सभी के लिए एक खास पल भी है। 'नीरज चोपड़ा क्लासिक' में खेलने का फैसला करना बिल्कुल भी मुश्किल नहीं था। हमने सीजन की शुरुआत में ही इस मीट के बारे में बात की थी। मैंने सोचा कि हां, मैं इसे करूंगा।' क्योंकि मेरे लिए यह काफी खास साल है, कई सालों की परेशानियों और चोटों के बाद बड़े स्टेज पर वापसी कर रहा हूं। इसलिए मैंने सोचा कि हां, मैं इस मौके को भुनाऊंगा'। इस अनुभव से सीखने और आगे बढ़ने के मौके पर सचिन यादव ने कहा कि सबसे पहले, मैं नीरज भैया को इस कंपटीशन में इनवाइट करने के लिए धन्यवाद देना चाहूंगा।

## बेमतलब की रार

देश के कई राज्यों में हिन्दी भाषा को लेकर टकराव की बातें समय-समय पर सामने आती रहती हैं। महाराष्ट्र और दक्षिण के राज्य विशेषकर तमिलनाडु हिन्दी विरोध के लिए जाने जाते हैं। ताजा मामले में भी महाराष्ट्र के ठाणे से ऐसी खबर आई है, जो बेहद चिंता पैदा करती है। वहां पर एक दुकानदार से मन से कार्यकर्ताओं ने केवल इसलिए मारपीट कर दी, क्योंकि वह हिन्दी नहीं जानता था। मनसे के कार्यकर्ताओं ने एक गुजराती दुकानदार से मराठी में बात करने को कहा था और ऐसा न करने पर उसे थप्पड़ मारे थे। यह घटना 30 जून की बताई जाती है। दिलचस्प बात यह है कि गुरुवार को 7 मनसे कार्यकर्ताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई, लेकिन कुछ ही देर बात उन्हें जमानत भी दे दी गई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को कहा कि मनसे कार्यकर्ताओं के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और कार्रवाई की जाएगी। उनका यह भी कहना था कि मराठी भाषा का सम्मान होना चाहिए पर मराठी के नाम पर गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं करेंगे। दिलचस्प बात यह है कि आरोपियों पर जमानती धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। इन धाराओं में सीधे गिरफ्तारी नहीं की जा सकती, जिस वजह से उन्हें छोड़ दिया गया। सीधी सी बात है कि यह दोहरा आचरण ही कहा जाएगा कि मारपीट का मामला भी इस तरह का नहीं बनता जिस पर गिरफ्तारियां हो सकें। फिर मुख्यमंत्री फडणवीस किस आधार पर सख्ती की बात कर रहे हैं और कैसे कह रहे हैं कि गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं करेंगे। जैसाकि हमने पहले ही कहा कि कई राज्यों में इस तरह की बातें सामने आती हैं। तमिलनाडु से भी समय-समय पर इस तरह के समाचार मिलते रहते हैं। देखने वाली बात यह है कि यह विरोध कई बार इतना उग्र हो जाता है कि हिंसा का रूप लेने लगता है। अपने ही देश में हिन्दी भाषा के साथ इस तरह की बातें बेहद चिंता पैदा करने वाली हैं। इसमें कोई दोराय नहीं कि भारत विभिन्न वाला देश है। जहां के राज्यों की वेशभूषा, खानपान, भाषाएं अलग हैं। हर कोई राज्य अपनी भाषा का तरजीह देना पसंद करता है। इसमें कोई बुराई भी नहीं है, क्योंकि सारी भाषाएं हमारी अपनी हैं। किसी भी भाषा से दुराग्रह नहीं रखा जा सकता, लेकनि समस्या तब आती है जब भाषा के नाम पर शत्रुता जैसा व्यवहार किया जाता है। भाषा किसी की शत्रु नहीं हो सकती और भाषा का मतलब भी यही होता है कि एक-दूसरे को एक-दूसरे के साथ जुड़ाव पैदा किया जाए। आखिर जब हमारा अंग्रेजी से कोई विरोध नहीं है, यह तो अपने देश की भाषा भी नहीं है, तो फिर अपनी ही भाषा से इतना सौतेला रवैया क्यों अपनाया जाता है। मनसे के नेता राज ठाकरे इस बात के लिए जाने ही जाते हैं कि वह हिन्दी के साथ दुश्मनी की हद तक पहुंच जाते हैं। इस तरह की बातों को बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए, लेकिन यह काम बलपूर्वक भी नहीं होना चाहिए। लोगों को इस बात के लिए जागरूक किया जाना चाहिए कि प्रत्येक देश की एक भाषा होती है और यह भाषा ही देश को एकजुट रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, जहां तक बात राज्यों की भाषा की है, उनका भी सम्मान किया जाना चाहिए।

### चिंता सार्वजनिक रूप से सामने आई



सेना के उप-प्रमुख (क्षमता विकास और स्थायित्व) लेफ्टिनेंट जनरल सिंह ने आज सार्वजनिक रूप से वह बात कही है, जो ऑपरेशन सिंदूर के अचानक खत्म होने के बाद से आमतौर पर मानी जा रही थी, यह वही ऑपरेशन है, जिसे अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प के दखल के चलते 10 मई को रोक दिया गया था, लेफ्टिनेंट जनरल सिंह ने जो कहा, वह उसी चिंता को सार्वजनिक रूप से सामने लाता है कि हम वास्तव में पाकिस्तान से नहीं, बल्कि चीन से लड़ रहे थे, चीन, पाकिस्तान की वायु सेना को असाधारण स्तर तक नियंत्रित कर रहा था, यह खुलासा उतना ही महत्वपूर्ण है, जितना कि चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) की ओर से सिंगापुर में किया गया था।

**-जयराम रमेश, कांग्रेस सांसद**

## कर्बला से मिलती है चरित्र निर्माण की शिक्षा





**नासिर हैदर ज़ैदी**

कर्बला की दुखद घटना से अवगत कराने से पहले मैं कर्बला के उसे अजीम किरदार का परिचय करना चाहूंगा जिसका नाम है हजरत इमाम हुसैन (अ.) वालिद का नाम हजरत अली अली (अ.) वाल्दा का नाम हजरत फातिमा ज़हरा, नाना हजरत मुहम्मद मुसतुफा (स.अ.व.) और दादा हजरत अबूतालिब हैं। कर्बला खुली हुई आयत की तरह मोहर्रम की 10 तारीख सन 61 हिजरी को ईराक सरजमीन कर्बला नहर फुरात के किनारे खुले मैदान में दोपहर को होने वाला एक ऐसा वाक्या है जिसका ना ग्राउंड उलझा हुआ है ना बैकग्राउंड तारीख की निगाहों ने उन खंजरों को भी देखा है जो चल रहे थे और उन गलों को भी देखा है जो कट रहे थे वक्त पूरी तरह से उन तीरों को भी पहचान रहा था जो सजदा करने वाली परेशानियों में चुभ रहे थे और उस खून के कतरों को भी देख रहा था, जो गर्म रहती पर टपक रहे थे तारीख उन सूखे होंटों को भी पहचानती है जो अल्लाह की बड़ाई का ऐलान कर रहे थे और उन सूखी हुई जुबानो को भी जानती है जो अल्लाह के जिक्र से तर हो रहीं थीं वक्त उन मांओं को भी देख रहा था जो अपने नोनिहालों को अपनी गोद में उठाकर मौत के हवाले कर रहीं थीं और उन लाशों से भी बा खबर था जो घोड़ों की टापों से रोंदी की जा रहीं थीं कातिल भी सामने खड़े थे और कत्ल होने वाले भी।

हम तो बस इतना जानते हैं कि नबी का नवासा भूख प्यास अपने खानदान और अपने कुछ साथियों के साथ इंतेहाई बेदर्दी से शहीद कर दिया गया, उसके घर के समान को लूट लिया। लाशों को बे गोरोकफन तपती हुई जमीन पर छोड़कर उनके अहलेबैत को कैदी बना लिया गया। यूं तो दुनिया में हजारों इंकलाब आए लाखों जंगें हुईं और जमीन ने करोड़ों बेगोरो कफन लाशें देखीं और यतीम बेवाओं को व लावारिसों की आवाजें सुनी जो दुनिया में इंसानियत और इंसाफ की फरियाद करते पाए गए, लेकिन इराक की सर जमीन पर कर्बला में जो दर्दनाक घटना हुई यह जंग किसी तखतो ताज के लिए नहीं बल्कि दो इरादों की जंग थी एक तरफ यजीद पुत्र माविया पुत्र अबु सूफियान का इरादा था, जो अपने बुजुर्गों की शरीयत को स्थापित कर इस्लाम की असल शरीयत को मिटा देना चाहता था और हजरत इमाम हुसैन से तलवार के जुल्मों सितम के बल पर अपनी शरीयत को स्वीकार, मनवाना करना चाहता था यानि बैयत लेना चाहता था, लेकिन दूसरा इरादा इमाम हुसैन का था जो अपने नाना हजरत मुहम्मद (स.अ.व.) यानी इस्लाम की शरीयत को खत्म होते नहीं देखना चाहते थे हजरत इमाम हुसैन पैगंबर हजरत मुहम्मद मुस्तफा (स.अ.व.) के सगे नाती थे और यजीद इस्लाम धर्म को तबाह वह बर्बाद कर रहा था परंतु इमाम हुसैन अपने व अपने परिवार व अपने साथियों पर भयंकर अत्याचार तो सहन कर सकते थे, लेकिन वास्तविक इस्लाम धर्म को तबाह व बर्बाद होते नहीं देख सकते थे यजीद का उद्देश्य हजरत इमाम हुसैन से अपनी शरीयत जिसमें समाज की हर बुराई जुल्म सितम शामिल था स्वीकार करने का था कि इस्लाम धर्म के पैगंबर के घराने की मोहर उसकी अपनी शरीयत पर लग जाए और उसकी शरीयत ही इस्लाम धर्म की शरीयत मानी जाए, जबकि हजरत इमाम हुसैन जंग करने नहीं गए थे अगर जंग के लिए जाते तो अपने परिवार के छोटे छोटे बच्चों और औरतों को साथ ना ले जाते इमाम तो कूफे के रहने वालों के इस्लाम की इसलाह के सैकड़ों खतों के जरिए बुलाने पर जा रहे थे रास्ते में कूफे गवर्नर इब्ने जियाद यजीद के आदेश पर कि या तो इमाम हुसैन से बैयत लो वरना उनका सिर कलम करके उसके सामने पेश करें और इबने जियाद के इमाम को यजीद के आदेश बैयत के लिए इमाम को कहा, लेकिन इमाम ने बैयत करने से साफ इंकार करते हुए कहा कि मुझ जैसा यजीद जैसे की बैयत नहीं कर सकता है यह आदेश इब्ने जियाद ने मदीने में ही इमाम हुसैन के चलने से पहले सुनाया था। इस प्रकार कर्बला संग्राम अच्छाई व बुराई सच और झूठ के बीच था। उल्लेखनीय है मनुष्य के चरित्र निर्माण में वीरता, साहस, सच्चाई, ईमानदारी, सत्य, प्रियता, धर्म पालन, कर्तव्य, बलिदान, निष्ठा, उपासना, इबादत, माता-पिता तथा बड़ों का आदर व सम्मान भाई बहन का प्यार माता-पिता की आज्ञा का अनुपालन, सेवा भाव स्नेह , वफादारी अत्याचार व अन्याय से हटकर धैर्य व सहनशीलता ये ऐसी विशेषताएं हैं जो कि मनुष्य के चरित्र निर्माण में सहायक होती हैं और उनके योग से ही मनुष्य का चरित्र बनता वह संवरता है। उनके उदाहरण विश्व के समस्त धर्मों में मिलते हैं और हर धर्म में ऐसे लोग मिल जाते हैं, जिनमें यह विशेषताएं पाई जाएं परंतु यह एक वास्तविकता है जो संसार की सृष्टि से अब तक के इतिहास में हमें ऐसी कोई घटना नहीं मिलती, जिसमें इन समस्त विशेषताओं के प्रत्यक्ष उदाहरण एक ही दिन में एक साथ मिल जाते हैं यदि कोई घटना है तो वो कर्बला संग्राम की एकमात्र घटना है यदि यह घटना ना होती तो इस्लाम भी ऐसा कोई उदाहरण पेश नहीं कर पाता। कर्बला इमाम हुसैन का इस्लाम धर्म पर उपकार है जिसे भुलाया नहीं जा सकता।

हजरत इमाम हुसैन का यह महान बलिदान कर्बला की दिल हिला देने वाली घटनाओं से जुड़ा हुआ है जो विश्व के इतिहास में और ना इससे पूर्व घटीं और ना ही भविष्य में घटने की संभावना है, कर्बला की इस दर्दनाक घटना में हजरत इमाम हुसैन के भाई, भतीजे, दोस्तों और परिवार की औरतों ने व चाहने वाले साथियों ने जिस तरह बढ़ चढ़कर अपनी कुर्बानियां पेश की हैं उससे कर्बला में समस्त उच्च कोटि की विशेषताएं सिमट कर आ गई हैं जो की गागर में सागर भरने वाली कहावत चरितार्थ सत्य होती है।

**वीरता**- यदि वीरता को देखना हो तो कर्बला का प्रत्येक शहीद अपनी मिसाल स्वयं है। हर जांबाज सच्चाई पर अपने प्राण न्यौछावर करने के लिए एक दूसरे से आगे निकलना चाहता है मैदान-ए- कर्बला की ओर बढ़ते समय रास्ते में हजरत इमाम हुसैन अपने जवान बेटे हजरत अली अकबर से कहते हैं कि बेटा हम आगे-आगे जा रहे हैं और मौत हमारे पीछे-पीछे आ रही है तो अली अकबर कहते हैं अब्बा जान क्या हम हक पर नहीं हैं तो इमाम कहते हैं कि बेटा हम हक पर ना होंगे तो कौन होगा। यह सुनकर अली अकबर कहते हैं कि फिर हमें मौत की क्या चिंता, मौत हम पर आ पड़े या हम मौत पर जा पड़ें।

**वफादारी**- शब-ए-आशूर यानी 10 मोहरम युद्ध के दिन की पूर्व रात्रि इमाम हुसैन शहीदों के नाम की सूची सुनकर इमाम के भतीजे जनाबे कासिम पुत्र हजरत इमाम हसन पूछते हैं कि चाचा जान क्या इस सूची में उनका नाम नहीं है तो इमाम प्रश्न करते हैं कि बेटा कल के दिन मृत्यु तुम्हारी दृष्टि में कैसी है जनाबे कासिम उत्तर देते हैं कि कल आप पर प्राण नयोछावर करना मेरे लिए शहद से भी ज्यादा मीठा है। साहस का प्रदर्शन भी कर्बला के अंदाज का नहीं मिलता 6 महीने की आयु वाले हजरत अली असगर से लेकर 80 साल के योद्धा और हबीब इब्ने मजाहिर सब हिम्मत व साहसी हैं।

यजीद की ओर से लाखों की सेना और इमाम की ओर से कुल 72 हैं परंतु कोई मौत से डरने वाला नहीं है एक-एक करके हर योद्धा रण क्षेत्र में जाता है और लाखों से अकेले धर्म युद्ध करके वीरगति को प्राप्त होता है और उत्साह का यह हाल है कि हर मुजाहिद प्रातः काल से ही जान देने पर कमर बंधे हैं और बार-बार इमाम से रण क्षेत्र में जाने की आज्ञा मांगता है खुशामद करता है और इमाम समझ कर रोक रहे हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## दलाई लामा के चयन पर चीन का साजिशपूर्ण हस्तक्षेप

**चीन की विस्तारवादी नीति और आक्रामक कूटनीति को देखते हुए भारत को अपनी रणनीतिक स्थिति स्पष्ट रूप से प्रस्तुत करनी होगी। चीन ने तिब्बत की पहचान को मिटाने की हर मुमकिन कोशिश कर ली है। दलाई लामा के पद पर दावा ऐसी ही एक और कोशिश है। उसकी वजह से यह मामला धर्म से आगे बढ़कर वैश्विक राजनीति का रूप ले चुका है, जिसका असर भारत और उन तमाम जगहों पर पड़ेगा, जहां तिब्बत के लोगों ने शरण ली है।**



**ललित गर्ग**

तिब्बत के आध्यात्मिक नेता एवं वर्तमान 14वें दलाई लामा, तेनजिन ग्यात्सो की उत्तराधिकार प्रक्रिया न केवल बौद्ध धर्म और तिब्बत की संस्कृति से जुड़ा विषय है, बल्कि यह अंतर्राष्ट्रीय राजनीति, मानवाधिकार और भारत-चीन संबंधों के संदर्भ में भी अत्यंत महत्वपूर्ण हो गया है। चीन द्वारा इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने का प्रयास न केवल धार्मिक स्वतंत्रता का हनन है, बल्कि यह वैश्विक जनमत की भी अवहेलना है।

इन स्थितियों में उत्तराधिकार के मसले पर भारत की भूमिका एक निर्णायक मार्गदर्शक के रूप में उभरती है और इसे दृष्टि में रखते हुए भारत ने दलाई लामा का पक्ष लिया है। ऐसा करने में कुछ भी अप्रत्याशित नहीं हैं। भारत शुरू से तिब्बतियों के अधिकार, उनके हितों और उनकी परंपराओं व मूल्यों के समर्थन में खड़ा रहा है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू का बयान चीन के लिए यह संदेश भी है कि इस संवेदनशील मसले पर उसकी मनमानी नहीं चलेगी। चीन, दलाई लामा के उत्तराधिकारी के चयन में हस्तक्षेप करने की कोशिश कर रहा है, यह दावा करते हुए कि यह धार्मिक और ऐतिहासिक प्रक्रिया का हिस्सा है। हालांकि, दलाई लामा और तिब्बती समुदाय का कहना है कि यह अधिकार केवल उनके पास है और चीन का हस्तक्षेप धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन है। चीन, स्वर्ण कलश प्रणाली का उपयोग करके अपने पसंदीदा उम्मीदवार को स्थापित करना चाहता है। चीन का कहना है कि दलाई लामा का उत्तराधिकारी चुनने का अधिकार उसे स्वर्ण कलश प्रणाली के माध्यम से है, जो 1793 में किंग राजवंश के समय से चली आ रही है।

इस प्रणाली में, संभावित उत्तराधिकारियों के नाम एक कलश में डाले जाते हैं और फिर एक नाम निकाला जाता है। दलाई लामा केवल तिब्बत के धार्मिक नेता नहीं हैं, वे तिब्बती अस्मिता, स्वतंत्रता और आत्म-सम्मान के प्रतीक हैं। वर्तमान 14वें दलाई लामा, तेनजिन ग्यात्सो, 1959 में चीन की दमनकारी नीतियों के कारण तिब्बत छोड़कर भारत आए और धर्मशाला में निर्वासित तिब्बती सरकार की स्थापना हुई। भारत ने न केवल उन्हें शरण दी, बल्कि एक शांतिपूर्ण संघर्ष के पथप्रदर्शक के रूप में वैश्विक स्तर पर उनके विचारों को मंच भी प्रदान किया। वर्तमान दलाई लामा ने इस पद के लिए अगले शख्स को चुनने की सारी जिम्मेदारी गाडेन फोडरंग ट्रस्ट को दे दी है। उन्होंने कहा है कि इस मामले में किसी और को हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं है। उनका इशारा चीन की ओर था।

रिजिजू ने भी इस बात का समर्थन किया है। वहीं, चीन ने इस मसले में साजिशपूर्ण हस्तक्षेप करते हुए कहा है कि उत्तराधिकारी का चयन चीनी मान्यताओं के अनुसार और पेइचिंग की मंजूरी से होना चाहिए। चीन दलाई लामा की उत्तराधिकार प्रक्रिया पर नियंत्रण चाहता है ताकि तिब्बती जनता को अपने ही धार्मिक नेता से अलग किया जा सके। 2007 में चीनी सरकार ने एक धार्मिक मामलों पर नियंत्रण कानून लागू किया जिसके अंतर्गत दलाई लामा जैसे धार्मिक नेताओं की नियुक्ति भी राज्य की अनुमति से ही संभव बताई गई। यह न केवल बौद्ध धर्म के सिद्धांतों के विरुद्ध है, बल्कि यह तिब्बती जनता की आस्था और पहचान का गला घोंटने जैसा है।


1959 में जब दलाई लामा को कम्युनिस्ट सरकार के दमन के चलते भारत में शरण लेनी पड़ी थी, तब से हालात बिल्कुल बदल गए हैं- चीन बेहद ताकतवर हो चुका है और तिब्बत कमजोर। इसके बाद भी अगर तिब्बत का मसला जिंदा है, तो वजह हैं दलाई लामा। चीन इसे समझता है और इसी वजह से इस पद पर अपने प्रभाव वाले किसी शख्स को बैठाना चाहता है। चीन की योजना यह है कि जब वर्तमान दलाई लामा का देहांत हो, तो वह अपनी पसंद का एक दलाई लामा घोषित करे, जिसे वैश्विक समुदाय भले ही स्वीकार न करे, लेकिन चीन उसकी पहचान को जबरन वैधता प्रदान करे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## पाकिस्तान की सुरक्षा परिषद अध्यक्षता: कूटनीति का चेहरा




**संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में कुल 15 सदस्य होते हैं, जिनमें पांच स्थाई सदस्य- अमेरिका, रूस, चीन, फ्रांस और ब्रिटेन तथा दस अस्थाई सदस्य होते हैं। इन दस अस्थाई सदस्यों का चयन यूएन महासभा द्वारा दो वर्ष की अवधि के लिए किया जाता है, जिसमें हर वर्ष पांच नए सदस्य चुने जाते हैं। प्रत्येक सदस्य को एक-एक महीने के लिए परिषद की अध्यक्षता दी जाती है।**



**वीरेश तरार**

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पाकिस्तान की जुलाई महीने के लिए अध्यक्षता ने देश के कुछ राजनीतिक हलकों में हलचल मचा दी है। कई जगहों पर इसे भारत की रणनीतिक पराजय की संज्ञा दी जा रही है और यह प्रचा. रित किया जा रहा है कि भारत ने पाकिस्तान को वैश्विक मंच पर एक बड़ी कूटनीतिक जीत सौंप दी है, लेकिन जब इस घटनाक्रम को तथ्यों और प्रक्रिया की कसौटी पर कसा जाता है, तो स्थिति पूरी तरह उलट दिखती है। वास्तव में पाकिस्तान की यह अध्यक्षता न किसी चुनाव का परिणाम है, न किसी अंतर्राष्ट्रीय बहस या मतद्वंद्व की उपज। यह केवल एक रोटेशन प्रणाली का भाग है, जो सुरक्षा परिषद के संचालन का नियमित नियम है, न कि कोई असाधारण या आश्चर्यजनक घटना।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में कुल 15 सदस्य होते हैं, जिनमें पांच स्थाई सदस्य- अमेरिका, रूस, चीन, फ्रांस और ब्रिटेन तथा दस अस्थाई सदस्य होते हैं। इन दस अस्थाई सदस्यों का चयन यूएन महासभा द्वारा दो वर्ष की अवधि के लिए किया जाता है, जिसमें हर वर्ष पांच नए सदस्य चुने जाते हैं। प्रत्येक सदस्य को एक-एक महीने के लिए परिषद की अध्यक्षता दी जाती है और यह क्रम पूरी तरह से अंग्रेजी वर्णमाला के अनुसार चलता है। जुलाई में पाकिस्तान की बारी आई, तो वह राष्ट्रपति बन गया। न तो कोई वोटिंग हुई, न ही किसी देश ने इसके खिलाफ खड़ा होकर मुकाबला किया। यह चुनाव नहीं, बल्कि प्रशासनिक क्रम है, जिसकी रूपरेखा पहले से तैयार रहती है। अब सवाल उठाताची है कि पाकिस्तान को अस्थाई सदस्यता कैसे मिली? इसके लिए हमें पीछे लौटकर वर्ष 2024 की ओर देखना होगा, जब संयुक्त राष्ट्र महासभा में एशिया-प्रशांत क्षेत्र से एक सीट के लिए नामांकन हुआ। पाकिस्तान एकमात्र प्रत्याशी था और उसके खिलाफ किसी भी देश ने नामांकन नहीं किया। भारत, जो कि हाल ही में वर्ष 2021-22 में इस परिषद का अस्थाई सदस्य रह चुका था, परंपरा के अनुसार उस समय नामांकन का पात्र ही नहीं था। यूएन की रीति है कि कोई भी देश दो कार्यकाल लगातार सदस्य नहीं बन सकता। इसलिए भारत की अनुपस्थिति न तो चौंकाने वाली है, न ही रणनीतिक चूक। भारत ने न केवल नियम का पालन किया, बल्कि स्वयं को भविष्य की सदस्यता 2028-29 के लिए योग्य और भरोसेमंद बनाए रखने का मार्ग प्रशस्त किया।

पाकिस्तान को महासभा में 182 वोट मिले, जो इस बात को रेखांकित करते हैं कि उसका नामांकन बिना मुकाबले के हुआ था। चीन, तुर्की, मलेशिया, इंडोनेशिया जैसे देश पाकिस्तान के समर्थन में थे और बाकी देशों ने औपचारिकता पूरी करते हुए अपना मत दिया। यहां यह भी गौरतलब है कि पाकिस्तान की यह सफलता प्रतीकात्मक मात्र है, इसका कोई नीतिगत अथवा निर्णयात्मक प्रभाव नहीं है। परिषद का अध्यक्ष केवल बैठकों की अध्यक्षता करता है, एजेंडा को प्रस्तुत करता है और तकनीकी समन्वय करता है। उसे कोई प्रस्ताव लाने, पास कराने या सुरक्षा परिषद की दिशा बदलने का अधिकार नहीं होता। कई लोग यह आशंका जता रहे हैं कि पाकिस्तान इस दौरान जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठा सकता है और भारत के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय मंच पर माहौल बना सकता है, लेकिन यह आशंका न केवल अतिश्योक्ति है, बल्कि कूटनीतिक अज्ञानता भी दर्शाती है। सुरक्षा परिषद में कोई भी देश यहां तक कि अध्यक्ष भी तब तक कोई मुद्दा नहीं उठा सकता, जब तक किसी स्थाई सदस्य द्वारा प्रस्ताव न रखा जाए और अन्य सदस्य उसका समर्थन न करें। पाकिस्तान, जो स्वयं स्थाई सदस्य नहीं है, इस स्थिति में केवल संयोजक की भूमिका निभा सकता है, न कि निर्णायक की। यदि वह अध्यक्षता का दुरुपयोग करता है, तो न केवल उसकी प्रतिष्ठा पर आंच आएगी, बल्कि परिषद की मर्यादा भी भंग होगी, जिसका विरोध भारत सहित अन्य राष्ट्र निश्चित ही करेंगे।

भारत ने इस मुद्दे पर जो चुप्पी साधी है, वह कोई कमजोरी नहीं, बल्कि दूरदृष्टि का प्रमाण है। भारत जानता है कि यदि वह पाकिस्तान की उम्मीदवारी का विरोध करता, तो उसे व्यापक स्तर पर समर्थन जुटाना पड़ता। साथ ही, वह कुछ ऐसे देशों की नाराजगी मोल लेता, जिनका समर्थन भविष्य में उसकी आवश्यकता बन सकता है। भारत फिलहाल अपनी कूटनीतिक ऊर्जा उन मंचों पर केंद्रित कर रहा है जहां दीर्घकालीन लाभ की संभावना है जैसे ब्रिक्स, क्वाड, जी-20 और सुरक्षा परिषद की स्थाई सदस्यता। ऐसे में एक महीने की अध्यक्षता के लिए अपने संसाधनों और संबंधों को दांव पर लगाना बुद्धिमत्ता नहीं होती। भारत की यह नीति एक प्रकार से नैतिक धरातल को भी सुरक्षित रखती है। विरोध न करके भारत ने यह भी सिद्ध किया कि वह अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं की प्रक्रिया और नियमों का सम्मान करता है। यह व्यवहार उस समय की स्थिति के लिए लाभकारी होगा जब भारत स्वयं सदस्यता की दौड़ में होगा। भारत की नजर लंबे रास्ते पर है, और वह अपने कूटनीतिक सफर को राजनीतिक आक्रोश के बजाय विवेक और संतुलन से संचालित करता है। इस पूरी प्रक्रिया को यदि कोई जीत कहता है, तो वह केवल प्रतीकों की दुनिया में रह रहा है। पाकिस्तान को जो जिम्मेदारी मिली है, वह सीमित और औपचारिक है। इसके माध्यम से वह कोई अंतर्राष्ट्रीय एजेंडा स्थापित नहीं कर सकता, और न ही भारत को घेरने की उसकी कोई कोशिश वास्तविकता में परिणत हो सकती है। भारत इस पूरे घटनाक्रम में शांत रहा, पर उसका मौन दूरदर्शिता की परतों में लिपटा हुआ था। इस लेख का उद्देश्य न किसी पक्ष की वाहवाही करना है, न किसी को दोषी ठहराना बल्कि केवल सच्चाई का वस्तुनिष्ठ और प्रमाणित रूप प्रस्तुत करना है। पत्रकारिता का धर्म है कि वह अपने पाठकों को भ्रम से मुक्त कर यथार्थ से जोड़ सके और यह लेख उसी दिशा में एक विनम्र प्रयास है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# दुनिया हैरानः रूस ने तालिबान सरकार को दी मान्यता

## तालिबान बोलाः बहादुरी भरा है कदम



**मान्यता प्रदान करने वाला दुनिया का पहला देश, रूस बोला: मान्यता देने से द्विपक्षीय सहयोग तेजी से बढ़ेगा**

**तालिबान सरकार ने रूस के कदम को बहादुरी भरा फैसला बताया, फैसला दूसरों के लिए मिसाल बनेगा**

**काबुल/मॉस्को।** अफगानिस्तान में तालिबान की सत्ता को रूस ने आधिका. रिक मान्यता दे दी है। ऐसा करने वाला रूस दुनिया का पहला देश बन गया है। यह घोषणा काबुल में अफगान विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी और अफगानिस्तान में रूस के राजदूत दिमित्री झिरनोव के बीच हुई बैठक के बाद की गई। तालिबान सरकार ने रूस के इस कदम को बहादुरी भरा फैसला बताया है। मुत्ताकी ने बैठक के बाद जारी एक वीडियो बयान में कहा यह साहसी फैसला दूसरों के लिए एक मिसाल बनेगा।

अब मान्यता की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, रूस सबसे आगे रहा। तालिबान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता जिया अहमद तकाल ने भी एएफपी को पुष्टि करते हुए कहा कि रूस पहला देश है जिसने इस्लामिक अमीरात को आधिकारिक मान्यता दी है। तालिबान खुद को इस्लामिक अमीरात ऑफ अफगानिस्तान कहता है। रूस के अफगानिस्तान मामलों के विशेष प्रतिनिधि जामिर काबुलोव ने रिया नोवोस्ती ने तालिबान सरकार को मान्यता देने की पुष्टि की। रूसी विदेश मंत्रालय ने भी बयान जारी कर कहा कि इस्लामिक अमीरात की सरकार को मान्यता देने से दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग तेजी से बढ़ेगा। चीन, पाकिस्तान और ईरान जैसे कई देशों ने अपने-अपने यहां तालिबान राजनयिकों को तैनात कर रखा है, लेकिन अभी तक किसी ने भी तालिबान शासन को आधिकारिक मान्यता नहीं दी थी। जब एक देश दूसरे देश को आधिकारिक मान्यता देता है, तो वह उसे एक स्वतंत्र राष्ट्र मानता है। यानी उस देश की अपनी सरकार है, अपनी सीमा है और वह दुनिया के दूसरे देशों से रिश्ते बना सकता है। यह मान्यता 1933 की मोंटेवीडियो संधि जैसे अंतर्राष्ट्रीय कानूनों पर आधारित होती है। इसके लिए चार शर्तें होती हैं, स्थाई आबादी, सीमा, सरकार और विदेशों से संबंध बनाने की क्षमता। मान्यता मिलने से किसी देश को वैधता, अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं में जगह और दूसरे देशों से व्यापार व रिश्ते बनाने का मौका मिलता है। तालिबान ने 15 अगस्त 2021 को काबुल के साथ ही पूरे अफगानिस्तान पर कब्जा कर लिया था। अमेरिका और भारत समेत अब तक कई देशों ने तालिबान को अफगानिस्तान की सरकार के तौर पर मान्यता नहीं दी है। अफगानिस्तान लगातार दुनिया से उसे मान्यता देने की मांग करता रहा है। तालिबान के कार्यकारी रक्षा मंत्री मुल्लाह मोहम्मद याकूब मुजाहिद ने एक इंटरव्यू में कहा था कि सरकार ने मान्यता हासिल करने के लिए सारी जरूरतों को पूरा किया है। इसके बावजूद अमेरिका के दबाव में आकर दूसरे देश हमें मान्यता नहीं दे रहे हैं। तालिबान की स्थापना 1994 में अफगानिस्तान के कंधार शहर में हुई थी। यह संगठन उन गुटों में शामिल था, जो 1989 में सोवियत सेना की वापसी के बाद अफगानिस्तान में सत्ता के लिए चल रहे गृहयुद्ध में शामिल थे। तालिबान के ज्यादातर सदस्य वही मुजाहिदीन थे, जिन्होंने अमेरिका की मदद से नौ साल तक सोवियत संघ के खिलाफ युद्ध लड़ा और उसे पीछे हटने पर मजबूर कर दिया। इस सहयोग की वजह से तालिबान को शुरुआत में अमेरिका का समर्थन भी मिला। हालांकि, 1990 के दशक के अंत तक तालिबान की छवि बदलने लगी। 1999 में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) ने एक प्रस्ताव पारित किया, जिसमें कहा गया कि तालिबान दुनियाभर के आतंकी संगठनों को शरण और प्रशिक्षण दे रहा है। इसी के कुछ महीनों बाद रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूएन के इस प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए तालिबान पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की। 2003 में रूस की सुप्रीम कोर्ट ने तालिबान को आधिकारिक रूप से एक आतंकी संगठन घोषित कर दिया था। रूस ने आरोप लगाया कि तालिबान के चेचन्या में सक्रिय अवैध संगठनों से संबंध हैं।



रुद्रप्रयाग। प्राकृतिक आपदाओं के कारण केदारनाथ धाम जाने वाले मार्ग के अवरुद्ध होने के बाद बचाव व राहत अभियान चलाकर लोगों को सुरक्षित जगह ले जाते बचावकर्मी।

## हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव्स में पास हुआ 'बिग ब्यूटीफुल बिल'

**वाशिंगटन।** अमेरिका में कांग्रेस (संसद) के निचले सदन हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव्स ने गुरुवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के कर और खर्च में कटौती करने वाले 'बिग ब्यूटीफुल बिल' को पास कर दिया। हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव्स में विधेयक के समर्थन में 218, जबकि विरोध में 214 लोगों ने वोट डाला। इस तरह के यह विधेयक चार मतों के अंतर से कांग्रेस के निचलने सदन में पास हो गया। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार ट्रम्प की ही पार्टी के दो सांसद थॉमस मैसी और ब्रायन फिट्जपैट्रिक ने इस विधेय के खिलाफ मतदान किया। गौरतलब है कि इसी विधेयक को लेकर ट्रम्प और प्रसिद्ध उद्योगपति एलन मस्क ने एक-दूसरे के खिलाफ तीखी बयानबाजी की थी। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने बताया कि ट्रम्प शुक्रवार शाम पांच बजे अमेरिका के स्वतंत्रता दिवस (चार जुलाई) पर एक बड़े और शानदार समारोह में इस विधेयक पर हस्ताक्षर करेंगे। यह बिल दो दिन पहले ही अमेरिकी संसद के ऊपरी सदन सीनेट में 50-51 के मामूली अंतर से पास हुआ था।

## इजरायल की ईरान को दो टूकः अबकी बार परमाणु हरकत पर होगा बुरा हश्र



**हमारे पास उनकी गतिविधियों का पता लगाने की पूरी क्षमता है: इजरायल**

**यरूशलम।** इजरायल ने ईरान को परमाणु कार्यक्रमों को आगे नहीं बढ़ाने की चेतावनी देते हुए कहा कि अगर वह ऐसा करता है, उसे गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे। ईरान इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार संयुक्त राष्ट्र में इजरायल के राजदूत डैनी डैनन ने कहा है कि ईरानी कार्यक्रम पर इजरायल की नीति में कोई बदलाव नहीं आया है।

उन्होंने कहा कि हमारे पास उनकी गतिविधियों का पता लगाने की पूरी क्षमता हैं और यदि हमने पाया कि वे उसी रास्ते पर वापस जा रहे हैं,तो हमें निर्णय लेना होगा। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि वे समझ गए होंगे और इजरायल तथा अमेरिका भी उनकी गतिविधियों पर उस पर बारीकी से नज़र रखेगा। हमारा रूख रणनीतिक निगरानी का है और पहले भी हमने कई सालों तक ऐसा किया है और उसके बाद हमने कार्रवाई की। अब हम बारीकी से देख रहे हैं कि वहां क्या हो रहा है। उन्होंने कहा कि मैं इस बारे में नहीं बताऊंगा कि हम भविष्य में क्या कर सकते हैं, लेकिन मैं अंतिम परिणाम को देखता हूं। ईरान के पास परमाणु क्षमता नहीं होगी। हम इसे स्वीकार नहीं कर सकते। जब हमने ईरान को अस्पतालों और नागरिक क्षेत्रों पर मिसाइलों से हमला करते देखा, तो हम समझ गए कि वे हमारे खिलाफ जो कुछ भी है उसका उपयोग करेंगे।

## उत्तरी नाइजरिया में जिहादियों ने की 28 लोगों की हत्या

**अबुजा।** उत्तरी नाइजीरिया में जिहादी समूहों ने दो अलग-अलग घटनाओं में 28 लोगों की हत्या कर दी है। मीडिया रिपोर्टों में सेना और स्थानीय निवासियों का हवाला देते हुए शुक्रवार को यह जानक. ारी दी गई। रिपोर्ट के अनुसार जिहादी समूह लकुरावा के आतंकवादियों ने बुधवार को नाइजीरिया के उत्तर-पश्चिमी सोकोतो राज्य के एक गांव पर हमला किया और 17 लोगों की हत्या कर दी। हमलावरों ने गांव में घुसकर 'अंधाधुंध गोलीबारी' की। स्थानीय लोगों का मानना है कि कुछ दिन पहले सुरक्षा बलों द्वारा तीन जिहादियों की हत्या का प्रतिशोध लिया गया है।

## भारत-अमेरिका में मिनी ट्रेड डील के आसार

### भारत कृषि सेक्टर में नो एंट्री पर कायम, ट्रम्प की तरफ से ट्रेड डील की डेडलाइन का काउंटडाउन शुरू

- **माना जा रहा है कि दोनों देशों के बीच कई बिन्दुओं पर सहमति बनी**
- **वॉशिंगटन में व्यापार वार्ता में भारत ने अमेरिका को एग्री सेक्टर में एंट्री देने से इंकार कर दिया है**
- **चीन और ब्रिटेन के साथ भी ट्रम्प ने डील की लेकिन इसके प्रावधान नहीं बताए**

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की तरफ से सभी देशों के लिए ट्रेड डील की डेडलाइन का काउंटडाउन शुरू हो गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक 9 जुलाई की डेडलाइन से पहले भारत और अमेरिका के बीच 'मिनी ट्रेड डील' होने के आसार हैं।

माना जा रहा है कि दोनों देशों के बीच कई बिन्दुओं पर सहमति बन गई है। अगले दो-तीन दिन में डील हो सकती है। इसे मिनी ट्रेड डील इसलिए कहा जा रहा है, क्योंकि भारत और अमेरिका सितम्बर-अक्टूबर में होने वाले 43 लाख करोड़ रुपये के द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर फोकस कर रहे हैं। वॉशिंगटन में व्यापार वार्ता में भारत ने अमेरिका को एग्री सेक्टर में एंट्री देने से इनकार कर दिया है। जबकि अमेरिका जेनेटिकली मॉडिफाइड फसली उत्पादों को भारत में बाजार मुहैया कराने की मांग करता रहा है। भारत के रवैए को देखते हुए अमेरिका ने फिलहाल कृषि सेक्टर में एंट्री के लिए दबाव नहीं डालने का निर्णय किया है। जबकि भारत लेबर इन्टेंसिव सेक्टर गारमेंट, जेम्स-जूलरी और लेदर प्रोडक्ट पर कम अमे. रिकी टैरिफ पर कायम है। भारत की ओर से कहा गया है कि बीटीए के बाद के तीन सालों में द्विपक्षीय व्यापार के असल आंकड़े सामने आने लगेंगे। भारत-अमेरिका ट्रेड डील जल्द होगी। लेकिन 9 जुलाई से पहले डील के सभी प्रावधान सामने आना मुश्किल हैं। क्योंकि डील के कई प्रावधानों पर सहमति होना जरूरी है।

चीन और ब्रिटेन के साथ भी ट्रम्प ने डील की लेकिन इसके प्रावधान नहीं बताए। भारत से पहले स्टेज में सिर्फ डील घोषित होगी। भारत खेती का सेक्टर नहीं खोलेगा क्योंकि हमारी 60 प्रतिशत आबादी इस पर निर्भर है। अमेरिका की 1 प्रतिशत आबादी खेती पर निर्भर है। भारत, अमेरिका से एनर्जी और डिफेंस की बड़ी खरीद कर इसकी भरपाई करेगा। खरीद शुरू भी हो चुकी। साथ ही भारत कई अमेरिकी प्रोडक्ट्स के लिए बजट में ही डयूटी कम करने का ऐलान कर चुका है। इसमें अमेरिकी मोटरसाइकिल और व्हिस्की शामिल हैं।

## SCO देशों में मित्रता को बढ़ावा देने के लिए पहल

**शंघाई।** 2025 जन मैत्री के लिए शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) फोरम' और 'फ्रेंडशिप सिटीज फोरम' दोनों की शुक्रवार से शुरुआत हो गई। चीन के पूर्वोत्तर भाग में स्थित लियाओनिग प्रांत की राजधानी शेनयांग में आयोजित एक कार्यक्रम में चीन की पीपुल्स पॉलिटिकल कंसल्टेटिव कॉन्फ्रेंस की राष्ट्रीय समिति की उपाध्यक्ष और एससीओ के अच्छे पड़ोसी, मैत्री एवं सहयोग आयोग की अध्यक्ष शेन यूयुए ने इस दौरान मुख्य भाषण दिया। शेन ने कहा कि चीन बारी बारी से मिलने वाले इस मंच के वर्तमान अध्यक्ष के तौर पर एससीओ के लोगों के बीच मैत्रीपूर्ण सहयोग को और बढ़ावा देने के उद्देश्य से दोबारा से इन मंचों की मेजबानी कर रहा है।

## हवा से भी दिल के दौरे का खतरा

**यह नुकसान स्वस्थ व्यक्तियों व हृदय रोग से पीड़ित दोनों लोगों में देखा गया**



**न्यूयॉर्क।** प्रदूषण के सुरक्षित स्तर पर माने जानी वाली हवा (लो ग्रेड) भी धीरे-धीरे दिल की मांसपेशियों को नुकसान पहुंचा सकती है जो बाद में दिल के दौरे का कारण बन सकता है। पहले इस हवा को तक 'सुरक्षित श्रेणी' में रखा गया था। वैज्ञानिकों ने उन्नत एमआरआई स्कैन की रिपोर्ट में आधार पर किए गए नए शोध में कहा है कि इस स्तर के वायु प्रदूषण के संपर्क में देर तक रहने वाले लोगों की दिल की मांसपेशियों में निशान पड़ने के शुरुआती लक्षण दिखाई दिए। अध्ययन के अनुसार कि प्रदूषित हवा-भले ही वह 'सुरक्षित' मानी जाने वाली मात्रा में हो, दिल को चुपचाप नुकसान पहुंचा सकती है और यह समय के साथ दिल के दौरे का कारण बन सकती है।

यह नुकसान स्वस्थ व्यक्तियों और हृदय रोग से पीड़ित दोनों लोगों में देखा गया। विशेष रूप से महिलाओं, धूम्रपान करने वालों और उच्च रक्तचाप वाले लोगों में इसे देखा गया। रेडियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ नॉर्थ अमेरिका (आरएसएनए) की पत्रिका 'रेडियोलॉजी' में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार कार्डिएक एमआरआई का उपयोग करने वाले शोधकर्ताओं ने पाया है कि इस स्तर के वायु प्रदूषण के संपर्क में लंबे समय तक रहना भी दिल के लिए नुकसानदायक है। इससे दिल की मांसपेशियों को नुकसान होता है जिससे आगे चलकर हृदयाघात हो सकता है। शोध से पता चलता है कि हवा में महीन कण हृदय की मांसपेशियों में विसरित मायोकार्डियल फाइब्रोसिस उत्पन्न करते हैं। इससे दिल की मांसपेशियां जख्मी हो जाती हैं और उनमें कड़ापन आकर वे सिकुड़ने लगती है। टोरंटो विश्वविद्यालय और टोरंटो में यूनिवर्सिटी हेल्थ नेटवर्क के टेमर्टी फैकल्टी ऑफ मेडिसिन के मेडिकल इमेजिग विभाग की इस अध्ययन की वरिष्ठ लेखिका केट हैनिमन (एमडी, एमपीएच) ने कहा कि हम जानना चाहते थे कि ऊतक स्तर पर इस बढ़े हुए जोखिम को क्या प्रेरित करता है। डा. हैनिमन और सहयोगियों ने हृदय एमआरआई, इमेजिग तकनीक का उपयोग करके मायोकार्डियल फाइब्रोसिस को मापने और पीएम 2-5 कणों के लंबे समय तक संपर्क में रहने के साथ इसके संबंधों का आकलन करने के लिए किया।

## कैलिफोर्निया में जंगल की आग 50000 एकड़ क्षेत्र में फैली

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका में कैलिफोर्निया के जंगल में लगी भीषण आग ने एक ही रात में 50 हजार एकड़ से अधिक क्षेत्रफल को चपेट में ले लिया, जिसके कारण जंगल के आसपास बसे लोगों को इलाके छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए मजबूर होना पड़ा और राजमार्ग को आंशिक रूप से बंद कर दिया गया। कैलिफोर्निया वन एवं अग्नि सुरक्षा विभाग (कैल फायर) द्वारा जारी नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, सैन लुइस ओबिस्पो काउंटी में बुधवार अपराह्न में लगी आग गुरुवार शाम तक 52593 एकड़ (212. 8 वर्ग किमी) तक फैल गई थी, जिस पर केवल पांच प्रतिशत क्षेत्रफल पर नियंत्रण किया जा सका था।

## रूस का यूक्रेन पर 500 मिसाइल और ड्रोन से हमला

**23 घायल, जेलेंस्की का दावा, 270 मिसाइलें मार गिराईं, 200 से ज्यादा ड्रोन जाम किए**

**मास्को/कीव।** रूस ने यूक्रेन पर शुक्रवार सुबह 500 मिसाइलों और ड्रोनों से हमला किया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोदिमीर जेलेंस्की ने दावा किया कि इनमें से 270 मिसा. इलों को हवा में मार गिरा गया।

इनके अलावा 330 शाहेद ड्रोन भी थे। इनमें से 208 ड्रोन को इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम के जरिए जाम कर दिया गया। ये ड्रोन ईरान में बने हैं। इस हमले का सबसे बड़ा निशाना राजधानी कीव ही था। कीव के अलावा दिनप्रो, सुमी, खार्किव, चेर्निहिव और आसपास के इलाकों को भी नुकसान पहुंचाया। कीव के मेयर विटाली क्लिट्स्को ने बताया कि इस हमले में कम से कम 23 लोग घायल हुए हैं और उनमें से 14 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है। अपार्टमेंट बिल्डिंग, दुकानों, एक स्कूल, एक अस्पताल, रेलवे लाइन और दूसरे जरूरी ढांचों को नुकसान पहुंचा है। कीव इंडिपेंडेंट के मुताबिक धमाकों की आवाजें 3 जुलाई को रात 10 बजे से ही सुनाई देने लगी थीं और ये 4 जुलाई की सुबह तक जारी रहीं। यूक्रेन की वायु सेना के मुता. बिक, रूस ने पहले रात 12:30 बजे कीव की तरफ बैलिस्टिक मिसाइल दागी और फिर रात 2:30 बजे के आसपास और मिसाइलें छोड़ीं।

## अफगान में महिलाओं की स्थिति दयनीय

**78% युवा अफगान महिलाएं शिक्षा रोजगार या प्रशिक्षण के क्षेत्र में कहीं भी दिखाई नहीं देती है**

**जिनेवा।** अफगानिस्तान में दस में से आठ युवा महिलाओं की शिक्षा, रोजगार और प्रशिक्षण तक पहुंच नहीं है और वे इस लिहाज से पुरुषों से बहुत पीछे हैं। संयुक्त राष्ट्र महिला संगठन ने अफगानिस्तान के लिये लैंगिक सूचकांक 2024 में यह खुलासा किया है।

संगठन की रिपोर्ट के अनुसार 78 प्रतिशत युवा अफगान महिलाएं शिक्षा, रोजगार या प्रशिक्षण के क्षेत्र में कहीं भी दिखाई नहीं देती हैं। यह रिपोर्ट यूरोपीय संघ की ओर से दी गई वित्तीय सहायता से तैयार की गई है। अफगानिस्तान में दुनिया में दूसरा सबसे बड़ा लैंगिक अंतर है जहां स्वास्थ्य, शिक्षा, वित्तीय समावेश और निर्णय लेने में महिलाओं और पुरुषों के बीच 76 प्रतिशत असमानता है। संगठन ने कहा सूचकांक यह भी दर्शाता है कि महिलाएं औसतन विकल्प चुनने और अवसरों तक पहुंचने के लिए अपनी पूरी क्षमता का केवल 17 प्रतिशत ही इस्तेमाल कर पाती हैं जबकि औसतन दुनिया भर में महिलाएं इन क्षेत्रों में अपनी क्षमता का 60. 7 प्रतिशत इस्तेमाल कर पाती हैं। संयुक्त राष्ट्र महिला की कार्यकारी निदेशक सिमा बहौस ने कहा कि अफगानिस्तान का सबसे बड़ा संसाधन उसकी महिलाएं और लड़िकयां हैं लेकिन उनकी क्षमताओं का अभी भी दोहन नहीं हुआ है। इसके बावजूद भी वे दृढ़ हैं। अफगान महिलाएं एक-दूसरे का समर्थन कर रही हैं, व्यवसाय चला रही हैं, मानवीय सहायता पहुंचा रही हैं और अन्याय के खिलाफ आवाज उठा रही हैं। बहौस के मुताबिक अफगान महिलाओं का साहस और नेतृत्व कड़े प्रतिबंधों के बावजूद उनके समुदायों को नया रूप दे रहा है। हमें उनके साथ एक ऐसे देश की तलाश में खड़ा होना चाहिए जो उनके अधिकारों और सभी अफगानों की आकांक्षाओं को दर्शाता हो।

ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी० पी० टी० • ऑप्टोमैट्री • ओ० टी० टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम
92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0: 8899777782, 9897640744
अखबार की कटिंग साथ लाने वाले को 5000 की छूट

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस करें
एडमिशन के लिए सम्पर्क करें
• रशिया • जॉर्जिया • कजाखस्तान • किर्गिज़स्तान • उज्बेकिस्तान • बांग्लादेश • नेपाल • चाईना • ईरान • इजिप्ट • यू.के. • कनाडा • यू.एस.ए. और भी देशों से
M.B.B.S ABROAD
Since 2010
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313, 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
•Top Govt. Universities.
•MCI, WHO Approved Universities.
•Indian Hostel & Mess Available.
•Lowest Price Packages.
•Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें
जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटैंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्डरी, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एकजाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P.)